बैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 24 अप्रैल 2024
वर्ष 4, अंक 66, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सैन्य खर्च में भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा देश 14

सिकंदर में नजर आएंगी कियारा आडवाणी 13




## सरकार बताए उम्रकैद काट चुके कितने कैदियों को छोड़ने की अनुमति दी

विधि संवाददाता, नैनीताल

- हाईकोर्ट ने मामले में लिया स्वत: संज्ञान 167 कैदी कर रहे रिहाई का इंतजार

**अमृत विचार:** उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय ने प्रदेश की जेलों में आजीवन की सजा काट चुके कैदियों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी रिहा नहीं करने के मामले में स्वतः संज्ञान लेकर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की।

इस दौरान मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा है कि दो सप्ताह के भीतर कोर्ट को बताएं कि आजीवन की सजा पूरी कर चुके कितने कैदियों को छोड़ने की अनुमति जेल विभाग को दी है। मंगलवार को राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि पूर्व के आदेश पर 8 कैदियों को जेल प्रशासन ने रिहा कर दिया है। जबकि संगीन अपराध में लिप्त कई अपराधियों को नहीं छोड़ा गया और कुछ अपराधी ऐसे हैं जिनको छोड़ने के लिए राज्य सरकार से अनुमति लेनी आवश्यक है। मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी।

बीती 17 मार्च को मुख्य न्यायाधीश ने हल्द्वानी की जिला जेल और सितारगंज की संपूर्णानंद ओपन जेल का निरीक्षण किया था। वहां वे उन कैदियों से भी मिलीं जिनकी सजा पूरी हो चुकी थी। मुख्य न्यायाधीश ने कैदियों के अधिकारों को समझते हुए प्रदेश के सभी जेल अधिकारियों से इसकी लिस्ट मांगी हैं। जिन्होंने सजा पूरी कर ली है परन्तु रिहा नहीं किया गया। इनमें 167 ऐसे कैदी मिले थे।

## मुंबई पुलिस ने तापी नदी से बरामद की दो पिस्तौल

मुंबई, एजेंसी

सलमान गोलीबारी मामला



मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी में इस्तेमाल की गई पिस्तौल व गोलियां गुजरात में तापी नदी से बरामद की हैं।

सोमवार को शुरू हुई तलाशी के दौरान अपराध शाखा ने दो पिस्तौल, तीन मैगजीन और 13 गोलियां बरामद की हैं। एनकाउंटर स्पेशलिस्ट वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर दया नायक समेत 12 अधिकारियों की टीम मौके पर डटी हुई है और गोताखोरों की मदद से तलाश जारी है। गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों, विक्की गुप्ता और सागर पाल ने 14 अप्रैल को मुंबई के बांद्रा इलाके में गैलेक्सी अपार्टमेंट में सलमान खान के घर के बाहर कथित तौर पर गोलीबारी की थी और फिर मोटरसाइकिल पर मौके से भाग गए थे। तकनीकी निगरानी के आधार पर, उन्हें 16 अप्रैल को मुंबई और कच्छ पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गुजरात के भुज शहर के पास माता नो मढ में एक मंदिर के परिसर से पकड़ा गया था।

## नूडल्स के पैकेट में छुपाए थे साढ़े छह करोड़ के हीरे और सोना

मुंबई, एजेंसी

- अंत: वस्त्र में छुपाया था 321 ग्राम सोना चार लोग गिरफ्तार

सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई हवाई अड्डे पर नूडल्स के पैकेट में छिपाए गए हीरे और यात्रियों के शरीर के अंगों और उनके सामान में छिपाया गया सोना जब्त किया है, जिनकी कुल कीमत 6.46 करोड़ रुपये है। एयरपोर्ट जांच अधिकारी ने बताया कि चार यात्रियों के पास से 4.44 करोड़ रुपये मूल्य का 6.815 किलोग्राम से अधिक सोना और 2.02 करोड़ रुपये के हीरे जब्त कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों द्वारा मुंबई से बैंकॉक की ओर जा रहे एक भारतीय नागरिक की तलाशी लेने पर उसके ट्रॉली बैग के अंदर नूडल्स के पैकेट में छिपाए गये हीरे बरामद हुए थे। वह हीरे की तस्करी करने के प्रयास में था। यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि इसी तरह कोलंबो से मुंबई की यात्रा कर रहे एक विदेशी नागरिक को मुंबई हवाई अड्डे पर रोका गया। उसने अपने अंतः वस्त्र में कुल 321 ग्राम सोना छुपाया हुआ था। इसी तरह दस भारतीय नागरिकों को भी रोका गया था और उनके पास से कुल 6.199 किलोग्राम सोना बरामद किया गया, जिसकी कुल कीमत 4.04 करोड़ रुपये थी। उन्होंने सोने को अपने अंगों के भीतर और सामान में छुपाया हुआ था।

### एक नजर

#### रेरा ने खरीदार पर जुर्माना लगाया

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (उप्र रेरा) ने अपनी तरह के एक अनूठे मामले में मंगलवार को एक खरीदार पर कानूनी प्रक्रिया के दुरुपयोग के लिए जुर्माना लगाया। प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि खरीदार ने संपत्ति की रजिस्ट्री में देरी के लिए मुआवजे की मांग करते हुए चौथी बार याचिका दायर की थी। नोएडा एक्सटेंशन में स्थित एक वाणिज्यिक परियोजना में आवंटी को कब्जा पहले ही मिल चुका है। उत्तर प्रदेश रेरा के एक अधिकारी ने कहा कि यह पहला मामला है जिसमें किसी खरीदार को कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग करने के लिए दंडित किया गया है।

#### भारत को मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति करेगा रूस

**नयी दिल्ली।** रूस नयी समयसीमा के तहत अगले साल तक भारत को सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली एस-400 ट्रायम्फ की शेष दो रेजिमेंट की आपूर्ति करेगा। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रूस 5 .5 अरब अमेरिकी डॉलर के सौदे के तहत भारत को लंबी दूरी की मिसाइल प्रणालियों की तीन इकाइयों की आपूर्ति पहले ही कर चुका है।

#### गाजा युद्ध के मुद्दे पर घर में घिरे बाइडन

**वाशिंगटन।** गाजा में जारी युद्ध को लेकर अब अमेरिकी सरकार पर भी दबाव बढ़ रहा है और राष्ट्रपति जो बाइडन घर में ही घिरते जा रहे हैं। दरअसल गाजा युद्ध के मुद्दे पर अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ये विरोध प्रदर्शन व्यापक पैमाने पर हो रहे हैं और हालात ये हैं कि अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में अकादमिक सत्र बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है।

#### बर्ड फ्लू के प्रकोप की खबरों के बीच हाई अलर्ट

**मंगलुरु।** केरल के कुछ जिलों में एवियन फ्लू का मामला सामने आने बाद मंगलुरु समेत कर्नाटक के सीमावर्ती इलाकों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। कर्नाटक पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फिलहाल कोई भी कदम उठाने से पहले केरल की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। केरल के हमारे समकक्षों ने हमें आश्वासन दिया है कि अलप्पुझा जिले में एवियन फ्लू पर काबू पा लिया गया है।


#### यूजीसी : भ्रामक संक्षेपणों के खिलाफ चेतावनी

**नई दिल्ली।** यूजीसी ने मान्यता प्राप्त डिग्री नामों के समान संक्षिप्ताक्षर वाले फर्जी ऑनलाइन कार्यक्रमों के खिलाफ जनता को चेतावनी दी है। विशेष रूप से '10-डेज एमबीए' पाठ्यक्रम का उल्लेख करते हुए यह बात कही। सचिव मनीष जोशी ने कहा कुछ व्यक्ति या संगठन उच्च शिक्षा प्रणाली के मान्यता प्राप्त डिग्री कार्यक्रमों के समान संक्षिप्त रूपों के साथ ऑनलाइन कार्यक्रम और पाठ्यक्रम पेश कर रहे हैं। ऐसा ही एक कार्यक्रम जिसने आयोग का ध्यान आकर्षित किया है वह है '10 डेज एमबीए'।

# भ्रामक विज्ञापनों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा जनता को धोखा देने की अनुमति नहीं दी जा सकती

## कोर्ट ने पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों की सुनवाई का दायरा बढ़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी



> यह एक जनहित याचिका है और उपभोक्ताओं के व्यापक हित में जनता को पता होना चाहिए कि वह किस रास्ते पर जा रही है और उसे कैसे तथा क्यों गुमराह किया जा सकता है तथा अधिकारी इसे रोकने के लिए कैसे काम कर रहे हैं।

- उपभोक्ता कानूनों के दुरुपयोग को रोकने को मंत्रालयों से जवाब मांगा
- महंगी दवाएं लिखने वाले डाक्टरों का भी दी नसीहत

पतंजलि आयुर्वेद मामले में अपनी सुनवाई का दायरा बढ़ाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एफएमसीजी कंपनियों के भ्रामक विज्ञापनों पर कड़ा रुख अपनाया। कोर्ट ने कहा कि जनता को धोखा देने की अनुमति नहीं दी जा सकती। केंद्र के तीन मंत्रालयों से स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले झूठे विज्ञापनों को रोकने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी मांगी।

सुनवाई के दौरान बाबा रामदेव और बालकृष्ण ने न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ को बताया कि उन्होंने भ्रामक विज्ञापनों पर 67 समाचार पत्रों में बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगी है और वे अपनी गलतियों के लिए बिना शर्त माफी मांगते हुए अतिरिक्त विज्ञापन भी जारी करना चाहते हैं। अदालत ने जब यह पूछा कि प्रतिवादियों ने सार्वजनिक माफी प्रकाशित करने से पहले पूरे एक सप्ताह तक इंतजार क्यों किया, पेश अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा, इसकी भाषा बदलनी पड़ी। अदालत ने रोहतगी से पूछा, क्या यह उसी आकार का विज्ञापन है जो आप आम तौर पर अखबारों में जारी करते हैं? अधिवक्ता ने कहा, इसकी कीमत लाखों रुपये है। अखबारों में प्रकाशित सार्वजनिक माफी रिकॉर्ड पर नहीं है और यह दो दिन के भीतर दाखिल की जाए। मामले में अगली सुनवाई के लिए 30 अप्रैल की तारीख निर्धारित की।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि औषधि एवं जादुई उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के कार्यान्वयन और संबंधित नियमों की भी बारीकी से पड़ताल की जरूरत है। यह मुद्दा केवल पतंजलि तक ही सीमित नहीं है, बल्कि दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) सभी कंपनियों तक फैला हुआ है, जो भ्रामक विज्ञापन जारी कर रही हैं और जनता को धोखा दे रही हैं । इस तरह की कंपनियां खासकर शिशुओं, स्कूल जाने वाले बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही हैं जो झूठे विज्ञापनों के प्रभाव में आकर पर उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे हैं। पीठ ने कहा, हमें यह स्पष्ट करना चाहिए कि हम यहां किसी विशेष पार्टी या किसी विशेष एजेंसी या किसी विशेष प्राधिकारी के लिए बंदूक चलाने के लिए नहीं आए हैं। यह एक जनहित याचिका है और उपभोक्ताओं के व्यापक हित में जनता को पता होना चाहिए कि वह किस रास्ते पर जा रही है और उसे कैसे तथा क्यों गुमराह किया जा सकता है तथा अधिकारी इसे रोकने के लिए कैसे काम कर रहे हैं।

अदालत ने केंद्रीय उपभोक्ता मामले, सूचना एवं प्रसारण और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालयों से यह बताने को कहा कि उन्होंने उपभोक्ता कानूनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए क्या कार्रवाई की है। इसने आयुष मंत्रालय द्वारा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लाइसेंसिंग अधिकारियों तथा आयुष के दवा नियंत्रकों को अगस्त 2023 में जारी किए गए उस पत्र पर केंद्र से स्पष्टीकरण भी मांगा जिसमें उनसे औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन नियम 1945 के नियम 170 के तहत कोई कार्रवाई न करने को कहा गया था। पीठ ने पतंजलि विज्ञापन मामले में याचिकाकर्ता आईएमए से भी अपना घर व्यवस्थित करने को कहा। इसने कहा कि आईएमए के सदस्यों के बारे में कई शिकायतें की गई हैं जो अत्यधिक महंगी दवाएं और उपचार लिखते हैं। पीठ ने अदालत को प्रभावी सहायता के लिए राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग को भी प्रतिवादी बनाने का आदेश दिया। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लाइसेंसिंग अधिकारियों को भी सह-प्रतिवादी के रूप में शामिल किया जाएगा। न्यायालय ने आईएमए के वकील से कहा कि जब वे पतंजलि पर उंगलियां उठा रहे हैं, तो अन्य चार उंगलियां आप पर भी उठ रही हैं।

## कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ सरकारी बैंक नहीं जारी कर सकते एलओसी

मुंबई, एजेंसी

- अदालत ने उक्त धारा की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनाया फैसला

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास कर्ज नहीं चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार अपने एक आदेश में यह बात कही। अदालत के फैसले के बाद सरकारी बैंकों की ओर से चूककर्ताओं के खिलाफ जारी किए गए सभी एलओसी रद हो जाएंगे।

न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति माधव जामदार की खंडपीठ ने केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन के उस धारा को भी असंवैधानिक करार दिया, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के चेयरपर्सन को कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ एलओसी जारी करने का अधिकार दिया गया था। केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए वकील आदित्य ठक्कर ने अदालत से अपने आदेश पर रोक लगाने की मांग की, लेकिन पीठ ने इनकार कर दिया। अदालत ने उक्त धारा की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि आव्रजन ब्यूरो ऐसे एलओसी (चूककर्ताओं के खिलाफ बैंकों द्वारा जारी) पर कार्रवाई नहीं करेगा। अदालत ने यह भी कहा कि उसका फैसला किसी भी चूककर्ता के खिलाफ न्यायाधिकरण या आपराधिक अदालत के आदेशों को प्रभावित नहीं करेगा, जिसमें उन्हें विदेश यात्रा करने से रोका गया हो। केंद्र ने 2018 में कार्यालय ज्ञापन में संशोधन कर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को भारत के आर्थिक हित में एलओसी जारी करने का अधिकार दिया था। इसके तहत अगर किसी व्यक्ति का विदेश जाना देश के आर्थिक हित के लिए हानिकारक हो सकता है, तो उसे ऐसा करने से रोका जा सकता है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि भारत के आर्थिक हित वाक्यांश की तुलना किसी भी बैंक के वित्तीय हितों से नहीं की जा सकती है।

## पहाड़ों में बारिश से मौसम सुहावना, तप रहे मैदान

संवाददाता, हल्द्वानी

- देहरादून में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

**अमृत विचार:** उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में कई जगह बारिश हुई। जिससे वहां तापमान में गिरावट आई है। इधर, मैदानी इलाकों में गर्मी बरकरार रही। हालांकि कुछ जगहों पर बादल छाने से शाम को गर्मी से राहत मिली।

मौसम विभाग ने पहले ही पहाड़ों में बारिश का अलर्ट जारी किया था। मंगलवार को उत्तरकाशी जिले के मोरी में 4.5 मिमी, चंपावत जिले के पाटी में 3.5 मिमी, गंगोलीहाट में एक मिमी, पौड़ी जिले के भरसार में दो मिमी और पिथौरागढ़ में 3.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। पहाड़ों में बारिश से जहां तापमान में गिरावट आई वहीं वनाग्नि की घटनाओं से भी कुछ राहत मितने का अनुमान है। इधर मैदानी इलाकों में दोपहर तक गर्मी और लू रही। देहरादून में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। शाम के समय बादल छाने से मैदानी इलाकों में गर्मी से कुछ राहत मिली। आने वाले दिनों में तापमान में उछाल आने का अनुमान है।

## दूसरे चरण में आज शाम थम जाएगा चुनाव प्रचार

**लखनऊ।** प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों के चुनाव के लिए 24 अप्रैल की शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना करने के लिए निर्देश दिये हैं। इन सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। चुनाव मैदान में 91 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारियों को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिये हैं। मतदाताओं को गर्मी बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिये गये हैं।

## महिलाओं की भागीदारी से बड़ा बदलाव : मुर्मू

ब्यूरो, देहरादून/ऋषिकेश



एम्स ऋषिकेश के दीक्षांत समारोह में उपस्थित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एम्स के दीक्षांत समारोह में लिया हिस्सा

**अमृत विचार** : 'भारत की अर्थव्यवस्था से जुड़े नीति निर्धारण से लेकर स्वास्थ्य क्षेत्र तक में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी एक बड़े और अच्छे सामाजिक बदलाव की तस्वीर प्रस्तुत करती है' यह बात राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कही। वह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के चौथे दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विद्यार्थियों को संबोधित कर रहीं थीं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि पिछले सप्ताह मेरी मुलाकात भारतीय आर्थिक सेवा (इंडियन इकोनोमिक सर्विस) के अधिकारियों के बैच से हुई थी। इस बैच में 60 प्रतिशत से अधिक संख्या महिलाओं की थी। एम्स में भी विद्यार्थियों की कुल संख्या में छात्राओं की संख्या 60 प्रतिशत से अधिक है। भारत की अर्थव्यवस्था से जुड़े नीति निर्धारण से लेकर तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल (टर्शियरी हेल्थकेयर) जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी एक बड़े और अच्छे सामाजिक बदलाव की तस्वीर प्रस्तुत करती है। उन्होंने बेटियों की भागीदारी और सफलता के लिए एम्स की छात्राओं व उनके परिवार को विशेष बधाई दी। इस बात पर भी प्रशंसा जताई कि दीक्षांत समारोह में पदक प्राप्त करने वाली छात्राओं की संख्या भी छात्रों की अपेक्षाकृत अधिक है। इससे पूर्व राष्ट्रपति मुर्मू ने दीक्षांत समारोह में 598 विद्यार्थियों को उपाधि दी। परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले 14 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदकों सहित 16 पदकों से नवाजा गया। वर्ष 2012 से एम्स ऋषिकेश में एमबीबीएस पाठ्यक्रम शुरू हुआ था। पिछले 12 वर्षों में एम्स ऋषिकेश देश को 574 चिकित्सक दे चुका है। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह भी मौजूद रहे।

## देश शरीयत से नहीं, कानून से चलेगा : योगी आदित्यनाथ

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)



अमरोहा में जनसभा को संबोधित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- कांग्रेस शासन में आतंकवाद को मिलता था बढ़ावा
- सपा सरकार ने हमेशा अपराधियों का साथ दिया

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने 1970 में गरीबी हटाओ का नारा दिया था, गरीबी तो नहीं मिटी, लेकिन एक परिवार को देश के संसाधनों को लूटने की पूरी आजादी मिल गई।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधानों पर पहला हक मुसलमानों का है, तो दलित व पिछड़े कहां जाएंगे। कांग्रेस के घोषणा पत्र में शरिया कानून लागू करने की बात कही गई है। यह देश शरीयत से नहीं, कानून से चलेगा। उन्होंने कहा कि एक गलत वोट आतंकवाद को फिर से बढ़ावा दे सकता है। अब भाजपा सरकार में आतंकवादियों की आरती नहीं उतारी जाती।

मुख्यमंत्री मंगलवार को रहरा के प्रकाशवीर शास्त्री इंटर कॉलेज के मैदान में भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में आतंकवाद को बढ़ावा मिलता था, लेकिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाकर आतंकवाद का खात्मा कर दिया है। अब देश में कही पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान सफाई देता है कि उसका इसमें कोई हाथ नहीं है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा सरकार ने हमेशा अपराधियों का साथ दिया। उन्होंने अयोध्या और काशी मंदिर को तोड़ने वाले आतंकियों के मुकदमों को वापस लेने का काम किया। कहा कि सपा सरकार में गुंडागर्दी का बोलबाला था। भाजपा सरकार में सुशासन है ।आज कांवड़ यात्रा शान के साथ निकलती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो सपना कल्याण सिंह ने देखा, वह पूरा हो रहा है। उनकी भावनाओं के अनुरूप अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ। सपा और बसपा ने प्रदेश में बंदरबांट शुरू की। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली का नाम लिए बिना कहा कि जो संसद भवन में भारत माता की जय नहीं बोल सकता, उसे क्या आप संसद में भेजेंगे। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हनुमान जयंती पर घर-घर जाकर सबको राम-राम करें।

## स्कूल बस खाई में पलटी, दो घायल

संवाददाता, अल्मोड़ा



- चीड़ के पेड़ से टकराकर रुक गई बस, वरना होता बड़ा हादसा

**अमृत विचार** : पिथौरागढ़ जिले में मंगलवार की सुबह फिर एक सड़क हादसा हो गया। चौकोड़ी में एक स्कूल बस अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई । संयोग से बस सड़क से करीब 50 फिट नीचे जाकर चीड़ के एक विशालकाय पेड़ से टकराकर रुक गई। वरना एक बड़ा हादसा सामने आ सकता था। हादसे में बस में सवार दो बच्चों को चोटें आई हैं। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मंगलवार की सुबह हिमालय इंटर कालेज चौकोड़ी के करीब दो दर्जन बच्चे और एक शिक्षक बस (यूके 04पीए 0399) से स्कूल जा रहे थे। रास्ते में बेड़ीनाग तहसील मुख्यालय से एक किमी की दूरी पर छलौड़ी मोटर मार्ग पर एक जगह बिजली के तार सड़क पर फैले हुए थे। सड़क पर फैले तारों को हटाने के लिए चालक इंद्र सिंह बस से नीचे उतरा और तार हटाने लगा। इसी दौरान ढलान पर खड़ी बस अपने आप चलने लगी और सड़क किनारे से खाई की ओर पलटती चली गई। नीचे की ओर जा रही बस संयोग से करीब पचास फिट नीचे स्थित चीड़ के विशालकाय पेड़ से टकराकर रुक गई। जिस कारण बड़ा हादसा होने से टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अगर चीड़ का पेड़ बीच में नहीं आता तो बस गहरी खाई में गिर जाती और बड़ा हादसा हो जाता। हादसे के दौरान बस में सवार दसवीं कक्षा के छात्र लक्षित पंत और बारहवीं की छात्रा विनीता बोहरा घायल हो गई। आनन फानन में चोटिल बच्चों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ीनाग पहुंचाया गया। स्कूल बस में सवार शिक्षक नरेंद्र सिंह धानिक ने बताया कि जब बस अपने आप चलने लगी तो अधिकांश बच्चे बस से बाहर कूद गए। लेकिन हड़बड़ी में दो बच्चे बस के अंदर ही रह गए। जिन्हें हादसे में चोट आई है। इधर, बस हादसे की खबर सुनकर बच्चों के अभिभावकों में हड़कंप मच गया।

# हरीशताल-कौंता मोटर मार्ग पर हुए डामरीकरण की उच्च स्तरीय जांच हो

## ग्रामीणों ने सड़क पर हो रहे डामरीकरण का निरीक्षण कर वीडियो सोशल मीडिया में डाला

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** अगर कोई सरकारी विभाग शिकायत न सुने और न ही कोई कार्रवाई करे तो शिकायतकर्ता के पास एक ही रास्ता रह जाता है वह अपनी बात का प्रमाण प्रस्तुत करते हुए उसका वीडियो बनाए और सोशल मीडिया में डाले दे। ताकि समस्या संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों के पास पहुंच जाए और समस्या का समाधान हो जाए। ऐसा ही एक वाक्या विकासखंड ओखलकांडा में सामने आया है।

ओखलकांडा में निर्माण कार्यों में निम्न गुणवत्ता की सामग्री प्रयोग करने के मामले थमने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। विकासखंड में एक पैदल पुल के गिरने के बाद ओखलकांडा के हरीशताल कौंता मोटर मार्ग में लोक निर्माण विभाग भवाली के किए गए डामरीकरण की जांच की मांग जोर पकड़ने लगी है। स्थानीय निवासियों के अनुसार मिट्टी के ऊपर से डामर किया जा रहा है।



हरीशताल- कौंता मोटर मार्ग पर किए डामरीकरण की गुणवत्ता दिखाते ग्रामीण।

आरोप है कि सरकार विकास कार्यों में भरपूर पैसा दे रही है, लेकिन विभागीय कमीशन और ठेकेदारों की लापरवाही के चलते गलत तरीके से कार्य हो रहा है। ग्रामीणों ने इस मोटर मार्ग का निरीक्षण करते हुए किए गए डामरीकरण का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में डाल दिया है। ग्रामीण हेमंत रूबाली ने मौके में जाकर वीडियो बनाकर बताया कि डामरीकरण मिट्टी के ऊपर किया है। यह मोटर मार्ग 30 गांवों को जोड़ता है।

ग्राम प्रधान पांश्या जगदीश परगाई, ग्राम प्रधान प्रकाश मटियाली, ग्रामीण प्रदीप मटियाली, पान सिंह मटियाली, नित्यानंद रूबाली, ग्राम प्रधान हरीशताल ललित भट्ट ने मोटर मार्ग का कार्य रोककर जांच करने की मांग की है।



सड़क के डामरीकरण को देखते विधायक राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

# मानकों के अनुसार किया जाए डामरीकरण: कैड़ा

ब्यूरो, भीमताल/हल्द्वानी

**अमृत विचार :** विधायक राम सिंह कैड़ा ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत स्यूड़ा-कौन्ता-पटरानी-हरीशताल मोटर मार्ग के डामरीकरण का जायजा लिया। उन्होंने डामरीकरण में गुणवत्ता से समझौता नहीं करने और मानकों के अनुसार निर्माण सामग्री इस्तेमाल करने के निर्देश दिए।

विधायक कैड़ा ने बताया कि स्यूड़ा-कौन्ता, पटरानी-ककोड़-हरीशताल-ल्वाड डोबा लगभग 37 किमी लंबाई के इस मार्ग में डामरीकरण नहीं था। इस वजह से 10 से अधिक ग्राम सभाओं के ग्रामीणों को परेशानी होती थी। उन्होंने कहा कि पीएमजीएसवाई में इस सड़क के डामरीकरण का 17 करोड़ का प्रस्ताव मंजूर कराया गया है। विधायक कैड़ा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि डामरीकरण के लिए बार-बार बजट नहीं मिलता है, एक बार ही बजट मिलता है इसलिए सोलिंग व डामरीकरण की गुणवत्ता में लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

## सार-संक्षेप

### शिक्षक शमशेर के निधन पर जताया शोक



**भीमताल :** शिक्षक शमशेर दिगारी के निधन से शिक्षकों में शोक की लहर है। वह राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पुटपुडी ओखलकांडा ब्लॉक में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत थे। बीते सोमवार को विद्यालय से लौटते समय हैड़ाखान रोड में उनकी मोटरसाइकिल सड़क से नीचे खाई में गिर गई। हादसे में उनकी मौत हो गई। मंगलवार को गमगीन माहौल में रानीबाग चित्रशिला घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके पुत्र, भाई और भतीजे ने चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, दीपक नौगाई, गणेश सुयाल, जगमोहन बेलवाल, जगदीश बिष्ट, गिरीश सुयाल, राजीव नरुला, हरीश बिष्ट, अशोक बहुखंडी, अमित जोशी, हरीश लोशाली, कमल पाठक मौजूद रहे।



भीमताल बाजार में विचरण करते आवारा पशु। ● अमृत विचार

### आवारा पशुओं को नगर से बाहर छोड़ने की मांग

**भीमताल :** नगर में आवारा पशुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। हाल ये हैं कि बाजार में आवारा पशुओं के चलते खरीदारी भी कम हो गई है। मल्लीताल व्यापारी भाष्कर भगवाल ने बताया कि नगरीय क्षेत्र में विशेषकर मल्लीताल क्षेत्र में लगभग दो दर्जन से अधिक पशु घूम रहे हैं। जिससे लोगों में डर का माहौल है। बताया कि कई बार नगर पंचायत को ज्ञापन देने के बावजूद कार्यवाही नहीं हो रही है। इधर, व्यापारी भानु लोशाली, व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ रौतेला, अखिलेश सेमवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट, मनोज दुर्गापाल ने जिला प्रशासन से आवारा पशुओं को पकड़ कर गौ सदन भेजने की मांग की है।

### रोडवेज में नहीं बन रहे मासिक पास, यात्री परेशान

**नैनीताल :** रोडवेज बस में रोजाना यात्रा करने वाले यात्रियों के पास नहीं बन रहे हैं। जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रोडवेज बस में यात्रा करने वाले अधिकतर यात्री बस का मासिक पास बनवाते हैं। जिससे उनका एक ओर का किराया बच जाता है। रोजाना हल्द्वानी, रानीबाग, दोगांव, ज्योलीकोट, बल्दियाखान आदि जगहों से सैकड़ों स्कूली छात्र और कर्मचारी रोडवेज बसों से आवाजाही करते हैं, लेकिन नैनीताल रोडवेज कार्यालय में नया कैमरा सिस्टम नहीं लगने के कारण पास नहीं बन पा रहे हैं। रोडवेज के स्टेशन इंचार्ज जीवन आर्य ने बताया कि पास बनवाने के लिए नया कैमरा सिस्टम नहीं लगा है, जिस कारण नैनीताल कार्यालय में पास नहीं बन पा रहे हैं। जल्द ही मुख्यालय से नया सिस्टम आने के बाद पास बनाए जाएंगे।



मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजते शिक्षक संघ के सदस्य। ● अमृत विचार

### मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता देने की मांग

**रामनगर :** राजकीय शिक्षक संघ के शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर चुनाव ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में मृत अतिथि शिक्षक अरुण उप्रेती के परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता देने की मांग की है। शिक्षकों ने रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट की अनुपस्थिति में उनके पुत्र जगमोहन सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि स्व. अरुण उप्रेती राजकीय इंटर कॉलेज देवीपुरा, मालधनचौड़ में कार्यरत थे। 20 अप्रैल को चुनाव सामग्री जमा कराने जाते समय उनकी सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वे अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। उनके तीन छोटे बच्चे हैं। विधायक बिष्ट ने दूरभाष पर शिक्षकों को मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद दिलवाने का आश्वासन दिया।

# निर्माणाधीन स्याली पुल के टूटने पर राजनीति तेज

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** विकासखंड ओखलकांडा में निर्माणाधीन पुल के टूटने पर राजनीति तेज हो गई है। विभागीय अधिकारियों के ठेकेदार के हवाले से असामाजिक तत्वों द्वारा आवश्यक उपकरण चोरी करने के बयान को लेकर जनप्रतिनिधि भड़क गए हैं।

खनस्यू के बीडीसी सदस्य रवि गोस्वामी ने जारी बयान में कहा कि विगत वर्ष से लगातार काम चलने के बावजूद एक सही दिशा में कार्य नहीं हुआ। चीड़ के पेड़ से टेक लगाकर पुल के स्ट्रक्चर को रोका गया था। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार पर मिलीभगत का आरोप लगाया। कहा कि विभाग और ठेकेदार अपनी गलती का ठीकरा ग्रामीणों पर फोड़ रहे हैं। उन्होंने मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

इधर, कांग्रेस नेता मनोज शर्मा ने बयान जारी कर कहा कि स्याली में बन रहे पैदल पुल के अचानक गिर जाने की घटना गंभीर है। लगभग साल भर से लापरवाही पूर्ण काम हो रहा था। जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों के साथ ही विभाग भी चुप रहा।

अब जब घटिया निर्माण की पोल खुल गयी है और पुल टूट गया है तो सिस्टम जाग रहा है। मनोज शर्मा ने पूरे घटनाक्रम की निंदा करते हुए तत्काल जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की। साथ ही पूरे मामले की जांच की भी मांग की।



रवि गोस्वामी।



मनोज शर्मा।

**जांच की मांग**

- बीडीसी सदस्य व कांग्रेस नेता ने उठाई जांच की मांग
- अधिकारियों और ठेकेदार पर मिलभगत का आरोप

# व्यापारियों ने बनाया ट्रैफिक मैनेजमेंट रूट प्लान

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पर्यटन सीजन के दौरान नैनीताल में पर्यटकों को समस्याओं का सामना न करना पड़े, इसके लिए स्थानीय व्यापारियों ने खुद कमर कस ली है। मंगलवार को मां नयना देवी व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बोट हाउस क्लब में प्रेस वार्ता की। जिसमें उन्होंने पर्यटन सीजन से संबंधित अपनी रणनीतियों से अवगत कराया।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष पुनीत टंडन ने कहा कि बुधवार को डीएम कार्यालय में पर्यटन सीजन को लेकर बैठक होनी है, लेकिन बैठक में हर बार सिर्फ पार्किंग को लेकर ही बात की जाती है। इस बार पर्यटन सीजन को देखते हुए उन्होंने ट्रैफिक मैनेजमेंट रूट प्लान तैयार किया है। जिससे पर्यटकों को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन सीजन नजदीक है और मालरोड व अन्य जगहों में सड़कों की खुदाई चल रही है। जिससे पर्यटकों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। साथ ही पर्यटन सीजन में कई दुर्घटनाएं देखने को मिलती है, जिसमें कई लोग घायल हो जाते हैं। उनकी सुरक्षा के लिए प्रशासन की ओर से मेडिकल टीम बनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर में 27 ई-रिक्शा चलाने की योजना बनायी जा रही है, जबकि शहर में इतने ई-रिक्शों की आवश्यकता नहीं है। उनकी ओर से यह सारे मुद्दे आज डीएम के सामने रखे जायेंगे। वार्ता के दौरान शिव शंकर मजूमदार, तरुण काडंपाल आदि लोग मौजूद रहे।



पत्रकारों को संबोधित करते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**पहल**

- मां नयना देवी व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने दी जानकारी
- बोले-पर्यटन सीजन है नजदीक आज डीएम के सामने रखेंगे मुद्दे

# आग लगने से ज्याड़ी गांव का जंगल राख

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे से सटे ज्याड़ी गांव के समीप का जंगल भीषण आग की चपेट में आकर पलभर में ही राख हो गया। जंगल से उठे धुएं के गुबार से आसपास के गांवों के लोग भी सख्ते में आ गए। जंगल में धधकती आग से वन संपदा के साथ ही जंगली जानवरों को भी नुकसान होने का अंदेशा है। वन विभाग की कार्यप्रणाली पर क्षेत्रवासियों ने गहरी नाराजगी जताई है।

कोसी घाटी में लगातार आग से जंगल राख होते जा रहे हैं। जंगलों को तबाह करने पर आमादा आग से बचाव को ठोस उपाय न किए जाने से लोगों में नाराजगी बढ़ते जा रही है। वनों को आग से बचाने के दावे भी जंगलों में धधक रही आग के साथ झुलस रहे हैं। हाईवे पर सटे ज्याड़ी गांव का जंगल आग की चपेट में आ गया। जंगल से उठती आग की लपटों ने पल भर में ही पूरे जंगल को चपेट में ले लिया। जंगल क्षेत्र से उठते धुएं के गुबार को देख हर कोई सख्ते में आ गया। जंगल के उपरी हिस्से से लगी आग की रफ्तार इतनी तेज थी की देखते ही देखते आग कोसी नदी के तट तक पहुंच गई।

क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि वन विभाग का जंगलों को आग से बचाने का अभियान महज कागजों तक सीमित है।

**पाठकों हेतु सूचना**

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

# नाबालिग ने ऑनलाइन गेमिंग में गंवाए पिता के पौने दो लाख

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मल्लीताल क्षेत्र स्थित एक गेमिंग स्टोर में नाबालिग ने रोजाना दो से तीन हजार का गेम खेलकर पिता के पौने दो लाख रुपये गंवा दिए। खाते से रकम कटी देख पिता के होश उड़ गए। वह तुरंत बेटे को लेकर कोतवाली पहुंचे, जहां नाबालिग ने बीते कुछ माह में लगातार ऑनलाइन गेम खेलने में रकम खर्च हो जाने की बात बताई। पुलिस ने गेम स्टोर संचालक से पूछताछ के साथ ही नाबालिग की काउंसलिंग कराई और उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

**लत**

- पुलिस तक पहुंचा मामला, काउंसलिंग कर परिजनों के सुपुर्द किया

तल्लीताल निवासी एक व्यापारी ने सोमवार को अपना बैंक खाता चेक किया तो उसमें से करीब पौने दो लाख रुपये कटे देख उनके होश उड़ गये। इस संबंध में जब उसने घरवालों से जानकारी ली तो किसी ने कुछ नहीं बताया। बेटे पर सख्ती दिखाने पर सामने आया कि उसे ऑनलाइन गेमिंग की लत लग गई है। बीते कुछ समय से वह रोजाना दो से तीन हजार खाते से निकलकर ऑनलाइन गेम खेलने मल्लीताल जाया करता था। यह बात पता चलने के बाद पिता कोतवाली पहुंच गए। इस बीच पुलिस ने गेमिंग स्टोर संचालक को भी कोतवाली बुला लिया। बिना परिजनों की अनुमति के रोजाना हजारों का ऑनलाइन गेम खिलवाने पर पुलिस ने गेमिंग स्टोर संचालक को कड़ी फटकार लगाई। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि किशोर के परिजनों ने इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं चाही। जिस कारण बच्चे की काउंसलिंग के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं ऑनलाइन गेम स्टोर संचालक को परिजनों की अनुमति के बाद ही गेम खिलाने के निर्देश दिए हैं।

## वाहन चालकों से जुर्माना वसूला

**गरमपानी, अमृत विचार :** यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले पुलिस की रडार पर आ गए हैं। खैरना पुलिस की टीम ने विशेष चैकिंग अभियान चलाकर 15 छोटे-बड़े वाहन चालकों का चालान कर जुर्माना वसूला, जबकि शांति व्यवस्था भंग करने पर दस लोगों का पुलिस एक्ट में चालान किया। चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि ओवरलोड, तेज रफ्तार, बगैर कागजात वाहन दौड़ा रहे करीब 15 छोटे-बड़े वाहनों के चालकों के चालान कर साढ़े सात हजार रुपये जुर्माना वसूला गया है। जबकि शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले 10 लोगों पर पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई कर पच्चीस सौ रुपये जुर्माना लगाया गया।

**खेती-किसानी** | विशेषज्ञों ने सब्जियों की मांग अधिक होने पर शुरू किया उत्पादन, औषधीय गुण भी हैं इसमें

# किसानों को धनवान बनाएगी शतावरी की खेती

राकेश सनवाल, भीमताल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में सब्जियों के लिए अनुकूल वातावरण है, मगर किसानों के अधिक मात्रा में न उगाने से ये अपनी पहचान नहीं बना पाई हैं। जबकि बाहरी राज्यों में इनकी मांग और कीमत दोनों अच्छी हैं। पौध विशेषज्ञों ने सब्जियों की मांग अधिक होने पर 'शतावरी' की पैदावार शुरू कर दी है।

शतावरी को राज्य में 'कैहरवा' नाम से जाना जाता है। शतावरी (ऐस्पेरेगस) की एक प्रजाति रेसमोसस का आज भी कई लोग हरी सब्जी के रूप में प्रयोग करते हैं। राज्य का पर्यावरण इसके उत्पादन के लिए बेहद अनुकूल है। इसका पौधा औषधीय गुणों से भरपूर होता है। कई प्रकार की बीमारियों के निदान में भी इसका प्रयोग किया जाता है। पौध विशेषज्ञों की मानें तो शतावरी की एक अन्य उन्नत प्रजाति एस्पेरेगस आफिसिनेविस की पैदावार किसानों को बहुत अधिक आर्थिक लाभ पहुंचा सकती है। एक बार लगाने के बाद 10 से 15 साल तक इसकी फसल प्राप्त की जा सकती है। उत्तराखंड से बाहर इस पौधे की बेहद मांग है। सब्जी विशेषज्ञों के अनुसार दिल्ली, मद्रास आदि मेट्रो शहरों में यह 1200 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बिकती है। कभी-कभी मांग अधिक होने से इसकी उपलब्धता कम हो जाती है। यूरोपीय देशों खासकर भूमध्य सागर के निकट इसकी खेती बहुतायत में होती है।



शतावरी के पौधे। ● अमृत विचार

**भीमताल में तैयार हो रही है शतावरी की पौध**

अब भीमताल में भी शतावरी की उन्नत प्रजाति एस्पेरेगस आफिसिनेविस की पौध तैयार की जा रही है। पुष्प विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश त्यागी के अनुसार इसे किचन गार्डन में भी उगाया जा सकता है। यह प्रजाति स्थानीय प्रजाति से अधिक स्वादिष्ट और मीठी होती है।

"शतावरी की रेसमोसस प्रजाति का प्रचलन आम है। इसकी उन्नत प्रजाति एस्पेरेगस आफिसिनेविस की पैदावार यदि किसान करें तो तैयार सब्जी दिल्ली और अन्य नगरों में भेजकर अधिक लाभ कमा सकते हैं। वहां उन्नत प्रजाति की विशेष मांग रहती है।
– डॉ. अखिलेश त्यागी, पुष्प विशेषज्ञ

।। पुण्य स्मरण ।।
शत् शत् नमन
चतुर्दश पुण्यतिथि (दिनांक 24 अप्रैल 2024)



स्व० श्री सत्येन्द्र चन्द्र जी गुड़िया

स्पष्टवादी, सत्य के पक्षधर, विकास के पर्याय रहे आप,
जन्म दाता हमारे, सुखमय जीवन का स्रोत रहे आप।
संकल्प पूर्ति हेतु आपके स्वप्न की, प्रतिज्ञारत हैं आज।
अटल रहे दिव्य आशीष हम पर, पुनः प्रार्थना है आज,
नम हो शत-शत प्रणाम! भाव पुष्प अर्पण करते हैं आज।।

कोटि-कोटि प्रणाम

श्रद्धानवत्

पत्नी – श्रीमती विमला गुड़िया
पुत्री एवं दामाद – मीनाक्षी शर्मा – स्व. डॉ. प्रवीण शर्मा
– प्रियंका शर्मा – अशोक शर्मा
– डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय – डॉ. नीरज आत्रेय
दौहित्र एवं दौहित्री – समृद्ध, हर्षित – प्रियंका, वागीशा, यथार्थ, जयदित्य, सत्यार्थ
परदौहित्री – आर्यांना
एवम्
समस्त 'लोकतन्त्र' परिवार

## एक नजर

### हीरानगर से बाइक चोरी

**हल्द्वानी :** हीरानगर क्षेत्र में एक टेलर की दुकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। सारिक अहमद निवासी नानकार बिलासपुर ने पुलिस को बताया कि बीती 26 मार्च को वह अपनी बाइक एचएफ डीलक्स संख्या यूपी 22 एएच 3868 से हीरानगर में वीनस टेलर्स के यहां गया था। बाइक को दुकान के बाहर खड़ी करने के बाद जब वह वापस आया तो बाइक वहां नहीं थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी और बाइक की तलाश शुरू कर दी है।

### ऑटो में घरेलू गैस से एलपीजी भरते एक पकड़ा

**हल्द्वानी :** पुलिस ने एक व्यक्ति को घरेलू गैस सिलेंडर से ऑटो में एलपीजी भरते रंगेहाथ पकड़ा है। पुलिस को सूचना मिली कि सौरभ होटल के पास घरेलू गैस सिलेंडर से ऑटो में एलपीजी भरी जा रही है। टीम ने मौके पर जाकर देखा तो एक व्यक्ति सिलेंडर से ऑटो में गैस भर रहा था। ऑटो पर नंबर प्लेट भी नहीं थी। पुलिस को देखकर ऑटो चालक मय वाहन के मौके से फरार हो गया। पुलिस ने गैस भरने वाले आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम भरत निवासी सौरभ होटल के पास बताया। आरोपी के पास से घरेलू गैस सिलेंडर, हैंडपंप, रेग्यूलेटर, पाइप आदि बरामद हुआ है। पुलिस ने इसकी जानकारी खाद्य सुरक्षा विभाग को देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

# रिहायशी इलाके में रेडीमेड कपड़ों के गोदाम में लगी आग

## अम्बिका विहार में घर में ही बना था गोदाम, शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका, मकान में फंसे लोगों को बाहर निकाला

संवाददाता, हल्द्वानी

**03** मंजिला मकान में बनाया गया था कपड़ों का गोदाम मंगलवार दोपहर साढ़े 12 बजे अचानक गोदाम से उठने लगा धुआं

**1:30** घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने लोगों की मदद से भीषण आग पर पाया काबू

**अमृत विचार :** अम्बिका विहार स्थित तीन मंजिला मकान में बने कपड़ों के गोदाम में आग लग गई। घटना के दौरान मकान में घर वाले भी मौजूद थे। दमकल और पुलिस की टीम ने लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला और आग बुझाई। आग में गोदाम स्वामी को भारी नुकसान हुआ है।

नैनीताल रोड स्थित अंबिका विहार में मंदिर के पास एक तीन मंजिला मकान में दोपहर साढ़े 12 बजे बजे धुआं निकलने लगा। पड़ोसियों ने देखा तो इसकी सूचना घर के लोगों को दी। पता चला कि मकान के अंदर बनाए गए रेडीमेड कपड़ों के गोदाम में आग लग गई है। यह मकान हेमंत साह का है, जो रेडीमेड कपड़ों का पूरे कुमाऊं मंडल में थोक व्यापार करते हैं।

गोदाम नीचे के मंजिल बना हुआ था, जबकि घर के लोग उस समय सबसे ऊपरी मंजिल में मौजूद थे। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की टीमें मौके पर पहुंच गईं। टीम ने पहले आग में फंसी हेमंत साह की बेटियों प्रज्ञा और दिव्यंगता को सुरक्षित बाहर निकाला। उसके बाद दमकल की टीम ने पानी की बौछारें शुरू की।

करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग के दौरान घर में घरेलू गैस सिलेंडर भी रखा हुआ था। जिसे लोगों ने अपनी जान पर खेलकर बाहर निकाला। अगर आग सिलेंडर तक पहुंच जाती तो और भी बड़ी घटना हो सकती थी। आग से गोदाम में रखा सामान जलकर स्वाहा हो गया। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। मुख्य दमकल अधिकारी गौरव किरार ने बताया कि आग लगने के कारण की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि घटना के समय गोदाम स्वामी शहर में नहीं थे। वह काम के सिलसिले में गुजरात गए हैं। उनकी पत्नी तारा साह एक निजी स्कूल में शिक्षिका हैं, वह भी उस समय घर में मौजूद नहीं थीं।



गोदाम में लगी आग। ● अमृत विचार



गोदाम में जलकर राख हुआ सामान व आग को बुझाते दमकल एवं पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

### आबादी वाले इलाके में गोदाम कैसे बना!

**हल्द्वानी :** आबादी वाले इलाके में कपड़ों के गोदाम में आग लगना प्रशासन पर भी सवालिया निशान लगा रहा है। आबादी वाले क्षेत्र में गोदाम की अनुमति कैसे मिल गई? आग लगने की वजह से आसपास के घरों में भी खतरा बन गया था। आग की लपटें काफी ऊंची उठ रहीं थीं। आग का धुआं काफी दूर से देखा जा रहा था। शहर में कई जगहों पर बिना अनुमति के गोदाम बने हुए हैं। अम्बिका विहार में ही करीब 10 साल पहले एक अन्य घर के भूतल में बने गोदाम में आग लगी थी। उसमें भारी संख्या में गद्दे रखे हुए थे।

### संकरी गलियों में फंस गए वाहन

**हल्द्वानी :** दमकल विभाग को आग बुझाने के लिए वाहन को घटनास्थल तक ले जाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। जिस मकान में आग लगी वह संकरी गली में मौजूद था। पहले तो वाहन नैनीताल रोड पर जाम से जूझते रहे। बाद में वह संकरी गली में फंस गए। किसी तरह वाहनों को घटनास्थल तक पहुंचाया गया।

## डिवाइडर से टकराई बाइक, रानीखेत के बुजुर्ग की मौत

**कालाढूंगी :** भाखड़ा पुल के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार एक बुजुर्ग की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसओ भगवान महर ने बताया कि शाम करीब पांच बजे बाइक संख्या यूके01ए5217 पर सवार होकर महेश चंद्र (62) पुत्र भवानी राम निवासी पिलखोली रानीखेत (अल्मोड़ा) और हरीश राम (52) पुत्र चिंता राम निवासी सेमलचौड़ बैलपड़ाव (कालाढूंगी) लामाचौड़ एक शादी समारोह में जा रहे थे। तभी सड़क में भाखड़ा पुल के पास उनकी बाइक बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में दोनों बुरी तरह से जख्मी हो गए। महेश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि हरीश राम को गंभीर हालत में एसटीएच में भर्ती कराया गया है। मृतक महेश चंद्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया।



पानी के नमूने लेती जल संस्थान की तकनीकी टीम। ● अमृत विचार

# पानी नहीं, पेयजल लाइनों की लीकेज कर रही बीमार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

### जागा जल संस्थान

▸▸ डीएम के निर्देशों के बाद जल संस्थान की टीम ने डायरिया प्रभावित क्षेत्रों में पानी की गुणवत्ता की जांच की

**अमृत विचार :** आखिरकार जल संस्थान के अधिकारियों की नींद टूट ही गई। डायरिया प्रभावित क्षेत्रों में पानी के नमूने लेकर गुणवत्ता की जांच की गई। जांच में पानी के नमूने सही पाए गए। हालांकि कई स्थानों पर पेयजल लाइनें नालियों, सीवर लाइन व शौचालय से गुजरते मिलीं। इन लाइनों की लीकेज की वजह से पानी दूषित हो रहा है, जिससे जलजनित बीमारियां होने का अंदेशा है।

जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बीते सोमवार को जल संस्थान के अधिकारियों की क्लास लगाई थी। उन्होंने डायरिया के लिहाज से संवेदनशील स्थानों में पानी की गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश दिए थे। इधर, मंगलवार को जल संस्थान की छह सदस्यीय टीम ने डायरिया के लिहाज से संवेदनशील स्थानों राजपुरा गली नंबर एक व तीन, राजेंद्र नगर नाले के समीप, जवाहर नगर, किदवई नगर, गफूर बस्ती, नई बस्ती इंदिरा नगर, नूरी मस्जिद उजाला नगर से पानी के नमूने लिए और इनकी गुणवत्ता की जांच की। पानी मानकों के अनुसार मिला, पानी में टीडीएस, पीएच, क्लोरीन, टर्बिडिटी की मात्रा मानकों के अनुसार ही पाई गई। हालांकि इस दौरान कई गड़बड़ियां मिलीं। टीम के मुताबिक कई स्थानों पर पेयजल लाइन नालियों में सीवर लाइन, शौचालय के नीचे से निकल रही थीं। इन स्थानों पर टुल्लू पंप से पानी खींचा जाता है। आशंका है कि पानी खींचने के दौरान पेयजल लाइनों की लीकेज से सीवेज, शौच वगैरह गंदगी भी घरों में पानी के साथ जा रही है। बाद में इस दूषित पानी के पीने से डायरिया जैसी खतरनाक बीमारी हो रही है। टीम ने पानी की शुद्धता के प्रति जागरूक करने और इस समस्या के निजात की सलाह दी है। टीम में एई रविंद्र कुमार, जेई भुवन चंद्र भट्ट, केमिस्ट पंकज फुलारा, टेस्टर जुगल बिष्ट, सैंपल सहायक नरेंद्र दुग्ताल, संक्रामक रोग विश्लेषक एनके कांडपाल आदि मौजूद थे।

## वृद्धा के साथ लूटपाट करने का आरोपी पकड़ा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पुलिस ने वृद्धा को डरा धमकाकर लूटपाट करने वाले को दबोच लिया है।

बीती 19 अप्रैल की शाम ऊंचापुल निवासी 90 वर्षीय बसंती देवी कठघरिया में साईं मंदिर के पास अपने रिश्तेदार के घर जा रही थीं। तभी एक लुटेरे ने अंधेरे का फायदा उठाकर उन्हें डरा धमका कर और मुंह दबाकर कान के झुमके, गले से मंगल सूत्र आदि छीन लिये। जिनका वजन करीब दो तोला था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी। सीसीटीवी कैमरों की जांच के आधार पर पुलिस ने बजूनिया हल्दू को जाने वाले रास्ते से दिलीप मौर्या निवासी मकरंदपुर थाना बहेड़ी को माल के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से 1.40 लाख के सोने के आभूषण भी बरामद हुए हैं।

# केनरा बैंक के अंदर चली गोली, लोगों को लगे छर्रे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** केनरा बैंक की मुखानी शाखा में दोपहर के समय अचानक गार्ड की पोनिया बंदूक से फायर हो गया। गोली सीधे स्टील की कुर्सी में जाकर लगी। फायर में निकले छर्रे से कुछ लोग मामूली घायल हो गए। माना जा रहा है कि गोली गलती से चल गई।

बैंक में दोपहर के समय सब अपने काम में व्यस्त थे। मुख्य गेट के पास ही गार्ड चंद्र प्रकाश जोशी बैठा हुआ था। सामने मेज पर उसकी दो बैरल की पोनिया बंदूक रखी थी। गार्ड का हाथ बंदूक के ट्रिगर से टकराया और तुरंत ही फायर हो गया।

गोली ने कुर्सी में छेद कर दिया और आगे की कुर्सी से भी टकरा गई। कुर्सियां बंदूक के सामने पीछे की तरफ से मौजूद थीं। आगे की कुर्सी में भी गोली का साफ निशान दिख रहा था। पहले तो बैंक में मौजूद लोगों को कुछ समझ नहीं आया, लेकिन जब पता चला कि गोली चली तो अफरा-तफरी मच गई। बैंक के ग्राहक निकलकर बाहर भाग गए। गार्ड भी हतप्रभ रह गया। कुछ लोगों को छर्रे भी लग गए। सूचना पर कोतवाल उमेश मलिक और मुखानी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई।

गार्ड से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसका हाथ केवल बंदूक के पास था और फायर हो गया। पुलिस ने तुरंत ही बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज देखे तो पता चला कि गार्ड का हाथ ट्रिगर से टकराने से ही गोली चली है। गार्ड गोली चलाने की अवस्था में नहीं दिखा। प्रथम दृष्टया माना जा रहा है कि गोली गलती से चली है। कोतवाल ने बताया कि बंदूक को कब्जे में ले लिया गया है। साथ ही गार्ड से और भी पूछताछ की जाएगी।



गोली लगने से लोहे की कुर्सी में हुआ छेद। ● अमृत विचार

### नहीं गई किसी की जान

**हल्द्वानी :** गनीमत रही कि गोली चलने के दौरान बंदूक के निशाने पर कोई इंसान नहीं था, नहीं तो जानलेवा हादसा हो सकता था। गोली ने धातु की बनी कुर्सी में करीब ढाई इंच छेद कर दिया। साथ ही उसने आगे की कुर्सी में भी निशान बना दिया। अगर उस समय कुर्सी पर भी कोई बैठा होता तो तब भी वह घायल हो सकता था।

### बंदूक लोड कैसे हो गई

**हल्द्वानी :** बंदूक से तब तक गोली नहीं चल सकती है जब तक वह लोड न हो। बैंक में मौजूद बंदूक को जरूर लोड किया गया था। गार्ड इस बात से मना कर रहा है कि उसने बंदूक को लोड किया था। उसका कहना था कि शायद किसी और ने बंदूक को लोड कर दिया होगा।

### कभी नहीं चली गोली, आज कैसे चल गई

**हल्द्वानी :** गार्ड चंद्र प्रकाश ने बताया कि वह आर्मी से सेवानिवृत्त है। कई सालों से गार्ड की नौकरी कर रहा है। आज तक उससे कोई गलती नहीं हुई। इस बार कैसे गोली चली गई, उसे खुद समझ में नहीं आ रहा।

# सरकार तीन माह में जांच रिपोर्ट सौंपे

विधि संवाददाता, नैनीताल

### निर्देश

▸▸ हाईकोर्ट ने जल जीवन मिशन में हुई अनियमितता को लेकर जनहित याचिका पर की सुनवाई

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने गरुड़ बागेश्वर के मानाखेत में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल लाइन बिछाने में हुई अनियमितता व फर्जीवाड़े के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि इस मामले पर तीन माह में जांच रिपोर्ट पेश करें।

मामले के अनुसार गोपाल चंद वनवासी व अन्य ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि उनके गांव में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल लाइन बिछाने का टेंडर हुआ जिसमें ठेकेदार ने पाइप लाइन डालते वक्त पुराने पाइपों का इस्तेमाल किया और काम भी पूरा नहीं किया। इसके बाद भी विभाग ने उसे 10 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। जब इसकी शिकायत ग्रामीणों ने जिलाधिकरी से तो इस प्रकरण की जांच सीडीओ को सौंपी गई। सीडीओ ने जांच कराने के लिए कमेटी गठित की। कमेटी ने जांच के उपरांत पाया कि ठेकेदार ने टेंडर के मुताबिक कार्य नहीं किया और कार्य मे लापरवाही की। अधिकारियों की मिलीभगत से ठेकेदार को दस लाख रुपये का भुगतान भी किया गया। जिलाधिकारी ने कमेटी की रिपोर्ट पर कोई कार्यवाही नहीं की। उल्टा विभाग ने सरकारी कार्य में बाधा डालने संबंधित प्रेस कॉन्फ्रेंस याचिकाकर्ता के विरुद्ध कर दी। याचिकाकर्ता ने आज उच्च न्यायलय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि इस मामले की जांच की जाय। दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए।



## मारपीट करने के तीन आरोपियों पर मुकदमा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मुखानी थाना अंतर्गत फतेहपुर निवासी अनीस अहमद के घर के बाहर बीती 16 फरवरी को दाऊ, सूरज और उनका साथी पहुंचे। आरोप है कि तीनों अनीस को जातिसूचक गाली देने लगे और घर से बाहर निकलने के लिए कहने लगे। अनीस जब घर से बाहर आया तो तीनों ने उसके साथ मारपीट की। साथ ही मोहल्ले के अन्य लोगों के घरों के दरवाजों पर भी लात मारी। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने से मना कर दिया। अब कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जंगलात ने आंवला चौकी के समीप अतिक्रमण तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वन विभाग ने हाईवे किनारे वन भूमि पर अस्थायी तौर पर बने अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया है। इस निर्माण में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहा था। वन विभाग ने पहले नोटिस दिया था, इसके बाद वहां से आंगनबाड़ी केंद्र हटाया गया था।

तराई पूर्वी वन डिवीजन की गौला रेंज की किशनपुर बीट-4 के अंतर्गत आंवला चौकी के समीप हाईवे किनारे अवैध ढंग से कब्जा कर निर्माण किया गया था। बाद में इस निर्माण में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहा था। इसकी शिकायत होने पर वन विभाग ने आंगनबाड़ी केंद्र संचालकों को अवैध कब्जा हटाने का नोटिस दिया था। नोटिस मिलने के बाद आंगनबाड़ी केंद्र को शिफ्ट कर दिया गया, जबकि अवैध निर्माण जस का तस खड़ा था। इधर, वन विभाग की गौला रेंज टीम ने इस निर्माण को भी ध्वस्त कर दिया और भूमि पर कब्जा ले लिया है।

रेंजर चंदन सिंह अधिकारी ने बताया कि आंवला चौकी के समीप हाईवे किनारे अवैध निर्माण था, वन टीम ने अतिक्रमण ध्वस्त कर वन भूमि पर कब्जा ले लिया है।

**रोजगार** एक साल की ट्रेनिंग के बाद विदेश में व्यापार के लिए चयनित हुए विद्यार्थी

# सेवायोजन विभाग 13 छात्रों को भेजेगा जापान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सेवायोजन विभाग के अंतर्गत गठित विदेश रोजगार प्रकोष्ठ के तहत प्रदेश के विद्यार्थियों का पहला बैच जापान जाएगा। कुल 20 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है, जिसमें अंतिम रूप से चयनित 15 विद्यार्थियों में 2 विद्यार्थियों को जापान भेज दिया गया है जबकि 13 विद्यार्थियों को शीघ्र ही भेजने की तैयारी चल रही है।

जापान भेजे गए दो छात्रों में एक छात्रा मसूरी और दूसरा छात्र पौड़ी का रहने वाला है। एक साल की ट्रेनिंग के बाद विद्यार्थियों का चयन किया गया है। परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों में ऊधमसिंह नगर, नैनीताल, टिहरी, रुद्रप्रयाग, देहरादून आदि जिलों के विद्यार्थी शामिल हैं। सबसे अधिक ऊधमसिंह नगर के सात विद्यार्थी शामिल हैं। शेष 5 विद्यार्थियों में से 2 विद्यार्थियों का इंटरव्यू हो चुका है। इनके दस्तावेजों की जांच चल रही है, जबकि 3 बच्चों का इंटरव्यू होना है। जल्द ही इन विद्यार्थियों को भी विदेश भेजने की तैयारी है। प्रकोष्ठ का उद्देश्य विद्यार्थियों को विदेश में उच्च वेतनमान पर नौकरी उपलब्ध कराना है। इसके तहत मेडिकल क्षेत्र के विद्यार्थियों का बीएससी नर्सिंग, जीएनएम और एएनएम का कोर्स पूरा करने के बाद इंटरव्यू के आधार पर चयन किया जाता है। साथ ही योगा का कोर्स करने वाले विद्यार्थियों को भी चयनित कर उन्हें विदेश भेजा जाता है।

### अलग-अलग लैंग्वेज प्रोग्राम में दी जाती है ट्रेनिंग

योजना के तहत पिछले एक साल में जापान, जर्मनी और इंग्लैंड के लिए अलग-अलग लैंग्वेज प्रोग्राम के तहत हेल्थ सेक्टर और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के लिए युवा तैयार किए गए हैं। सेवायोजन विभाग प्रदेश भर से विशेष स्किल रखने वाले होनहार युवाओं को यह लैंग्वेज ट्रेनिंग दे रहा है। विदेश रोजगार प्रकोष्ठ की ओर से विदेशों में नौकरियों के लिए नियोक्ता (एंप्लायर) आमंत्रित किए जाते हैं। ये नियोक्ता युवाओं की स्किल को देखकर उनका चयन करते हैं। चयन होने के बाद इन छात्रों को उस देश की लैंग्वेज की ट्रेनिंग दी जाती है। विशेष लैंग्वेज ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत छात्रों को विदेश में उच्च वेतनमान (हाई पे स्केल) में नौकरी मिलती है।

### बोले अधिकारी

"विदेश रोजगार प्रकोष्ठ के तहत दो विद्यार्थी जापान भेज दिए गए हैं। 13 विद्यार्थियों का बैच जल्द ही भेजा जाएगा। – **प्रवीण चंद्र गोस्वामी**, रोजगार अधिकारी

## पशुधन विकास बोर्ड में 253 का चयन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कौशल विकास योजना के तहत उत्तराखंड पशुधन विकास बोर्ड में 253 लोगों का चयन हुआ है।

इनका साक्षात्कार के आधार पर अंतिम चयन किया जाना है। इसके लिए बुधवार (आज) से 26 अप्रैल तक साक्षात्कार आयोजित किए गए हैं। सभी का चयन आउटसोर्स के तहत किया गया है। इनमें अल्मोड़ा, नैनीताल, पिथौरागढ़, बागेश्वर, टिहरी, पौड़ी, उत्तरकाशी आदि जिलों से चयन हुआ है। साथ ही योग शिक्षा के तहत योगा प्रशिक्षक के 117 पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं जिसकी अंतिम तिथि 27 अप्रैल है। इसके लिए उम्र सीमा 18 से 58 वर्ष है। यहां से चयनित अभ्यर्थियों को रोजगार मुहैया कराया जाएगा।

## गधेरे में मिला युवक का सड़ा गला शव

**नैनीताल :** शहर के समीपवर्ती गेठिया क्षेत्र के गधेरे में सड़ी गली अवस्था में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है।

पुलिस के मुताबिक गेठिया सैनिटोरियम निवासी कुछ महिलाएं मंगलवार को पशुओं का चारा काटने जंगल की ओर गई थीं।

सड़क से करीब डेढ़ किलोमीटर नीचे गधेरे में शव दिखने से महिलाओं के होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। जिस पर ज्योलीकोट चौकी इंचार्ज अविनाश मौर्य टीम के साथ मौके पर पहुंचे। चौकी इंचार्ज ने बताया कि फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष प्रतीत हो रही है। करीब 15 दिन पुराना शव बुरी तरह गल गया है। जिसकी शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं। फिलहाल शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है ताकि शिनाख्त हो सके।

# मई में हो सकते हैं निकाय चुनाव प्रशासन ने तेज की तैयारियां

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

### प्रक्रिया

▸▸ उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने अतिसंवेदनशील व संवेदनशील बूथों के चिन्हीकरण के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** स्थानीय निकाय चुनाव का बिगुल मई में फुंक सकता है। जिला प्रशासन लोकसभा चुनाव का मतदान होने के तुरंत बाद स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारियों में जुट गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निकाय)/डीएम वंदना सिंह ने बीती 30 मार्च को नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायतों में संवेदनशील, अतिसंवेदनशील बूथों के चिन्हीकरण के लिए कमेटियां गठित कर दी हैं। इस कमेटी में नगर पालिका एवं नगर पंचायत में बूथों के चिन्हीकरण के लिए संबंधित एसडीएम को अध्यक्ष, संबंधित सीओ, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी, थाना प्रभारी को सदस्य बनाया है। वहीं, नगर निगम के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निकाय को अध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक, नगर निगम के अपर मुख्य नगर अधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी, नगर निगम के दायरे में आने वाले सभी एसडीएम, तहसीलदार, सीओ व थाना प्रभारियों को सदस्य बनाया है। उन्होंने कमेटियों से अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वे कर संवेदनशील व अतिसंवदेनशील बूथों को चिन्हित करने और सुरक्षा की योजना के बारे में जानकारी देने को कहा है।

इधर, लोकसभा चुनाव मतदान की तैयारियों की वजह से कमेटियों ने बूथों का चिन्हीकरण नहीं कर सकीं। इसके बाद बीती 18 अप्रैल को उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने गठित कमेटियों से संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों की सूची मांगी है। इसमें स्पष्ट है कि इन सूची को तत्काल राज्य निर्वाचन आयोग को भेजा जाएगा।

### निर्वाचक नामावलियों की जांच के भी निर्देश

**हल्द्वानी :** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त, नैनीताल नगर पालिका के ईओ को नगर निकाय निर्वाचक नामावलियों की जांच करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कड़े लहजे में कहा कि नामावलियों की जल्द से जल्द जांच की जाए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके।




हनुमान जयंती के अवसर पर शीशमहल से निकाली गई शोभायात्रा में शामिल झांकियां। ● अमृत विचार



हनुमान जयंती के अवसर पर शीशमहल से निकाली गई शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

## शीशमहल स्थित संकटमोचन मंदिर से निकली शोभायात्रा, बाल कलाकारों की झांकियों ने मोहा मन, कई जगह हनुमान चालीसा का पाठ

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंगलवार को शीशमहल स्थित संकटमोचन मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वहीं त्रिलोक नगर दोनहरिया स्थित देवी माता मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ और भजन कीर्तन किया गया। शोभायात्रा शीशमहल से होते हुए कोतवाली के पास स्थित हनुमान मंदिर पहुंची। जहां भक्तों ने बजरंग बली की पूजा-अर्चना की। इससे पहले शोभायात्रा में भक्तों की विभिन्न झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। राम, लक्ष्मण, हनुमान के रूप में सजे बाल कलाकारों ने सभी को आकर्षित किया।

शोभायात्रा में ट्रैक्टर, जेसीबी, ट्रक, चौपहिया और दोपहिया वाहन में सवार भक्तों ने बजरंग बली के जयकारे लगाए और भजन-कीर्तनों के माध्यम से माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद 21 वस्तुएं 1 हजार की मात्रा में अर्पित की गईं और शाम को मिट्टी के एक हजार दीये जलाए गए।



नैनीताल में हनुमान जी को लड्डू का भोग लगाते भक्त। ● अमृत विचार

### युकां ने बांटा प्रसाद

**हल्द्वानी :** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर युवा कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष मीमांशा आर्य ने अपने साथियों के साथ बजरंग बली हनुमान को समर्पित प्रसाद वितरण किया। उन्होंने सभी को जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी। इस दौरान त्रिलोक बनोली, तनुजा जोशी, मंजू दानू, जूही चुफाल, ,आरती पपोला, दिनेश बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### हनुमान जी के जयकारों से माहौल भक्तिमय

**नैनीताल, अमृत विचार :** सरोवर नगरी में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। हनुमानगढ़ी सहित नगर के विभिन्न मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूरा नगर हनुमान जी के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। वहीं श्री राम सेवा दल व रामसेवक सभा ने हनुमान जी को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया। मंगलवार को श्री राम सेवा दल ने डीएसए मैदान में ध्वजारोहण कर मां नयना देवी मंदिर में हनुमान जी को लड्डू का भोग लगाया। इस दौरान पाषाण देवी मंदिर के मुख्य पुजारी जगदीश भट्ट ने पूजा-अर्चना संपन्न कराई। वहीं पर्यटकों सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों ने एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। जिसके बाद भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

### हनुमान जन्मोत्सव सनातन धर्म का प्रमुख उत्सव

**लालकुआं, अमृत विचार :** राजीवनगर बंगाली कॉलोनी में मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से हनुमान जन्मोत्सव पर सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें सदगुरुदेव सतपाल महाराज की शिष्या महात्मा प्रचारिका बाई ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव सनातन धर्म का प्रमुख उत्सव है। यह भक्त और भगवान के बीच आदि अनादि और अनंत के संबंध को प्रकट करता है। उन्होंने कहा कि आत्मा से परमात्मा का साक्षात्कार सिर्फ महात्मा ही कर सकते हैं। इस अवसर पर साध्वी मीना माला मौर्य, सेवक मुन्ना भाई, गणेश उप्रेती, स्वामीनाथ पंडित, संजय झा, डालचंद, अजय उप्रेती, ललिता पंडित, हंसी देवी, गीता शर्मा, चंद्रकला मेलकानी, अर्पिता, कृतिका, वंशिका आदि मौजूद रहे।



लटूरिया आश्रम मंदिर में हनुमान जयंती पर पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया

**हल्द्वानी :** बरेली रोड स्थित लटूरिया आश्रम में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। लोगों ने बजरंग बली को विशेष भोग लगाकर आरती की और प्रसाद वितरण किया। इस दौरान राजेश अग्रवाल, विपिन गुप्ता, प्रेम कुमार गुप्ता, विनय विरमानी, विजय अग्रवाल, राधेश्याम आदि रहे।



गडेरूवा में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन। ● अमृत विचार

### गडेरूवा में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन

**भीमताल :** श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में गडेरूवा नावली हनुमान मंदिर में सुंदरकांड और हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने संयुक्त रूप से सुंदर पाठ किया। आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ।

### चोरगलिया में निकाली भव्य शोभायात्रा

**चोरगलिया :** हनुमान जयंती पर चोरगलिया में भव्य भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो हनुमानगढ़ी मंदिर से मुख्य बाजार होते हुए देवी मंदिर इंदरपुर पहुंची। यात्रा में सभी भक्त हनुमान जी के कीर्तन भजन गाकर झूम रहे थे। इंदरपुर से पुन: शोभा यात्रा हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंची, जहां लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मुकेश बेलवाल, पान सिंह मेवाड़ी, देव वाणी परोपकार मिशन अध्यक्ष ईश्वर सुयाल, दीपू चौसली, खष्टी चौसली, नवीन जोशी, दीपू जोशी, राकेश मेलकानी, कमला रूवाली, ममता सक्सेना, मनोज गढ़कोटी आदि मौजूद रहे।



चोरगलिया में शोभायात्रा निकालते भक्त। ● अमृत विचार



बाला जी मंदिर में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते राम भक्त।

### जयंती पर जगह-जगह हुए भंडारे

**रामनगर :** हनुमान जयंती पर नगर के विभिन्न स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया। हनुमान धाम छोई और बाला जी मंदिर में हजारों लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। बालाजी मंदिर में शाम को भव्य भजन संध्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी। देर सायं आरती के उपरांत 56 भोग का वितरण किया गया। बाला जी मंदिर के महंत डॉ. शुभम गर्ग ने कहा कि प्रभु राम के अनन्य भक्त हनुमान जी का नियमित स्मरण किए जाने से सारे संकटों का स्वत: ही हरण हो जाता है। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष दिनेश चंद्रा, आयुष अग्रवाल, देवेंद्र बिष्ट, विशाल, विष्णु देवल, उमेश अग्रवाल, सोनी जोशी, प्रशांत प्रजापति, आशु कालरा, अनुज शर्मा, नवनीत शर्मा, अरुण, सौरभ सक्सेना, अतुल रहे।



हनुमान जयंती पर कोतवाली के सामने हनुमान जी की पूजा- अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# छम-छम नाचे देखो वीर हनुमाना...

संवाददाता, हल्द्वानी

**आस्था**

- **बालाजी मंदिर में बालाजी महाराज का भव्य श्रृंगार किया**
- **भक्ति गीतों और भजनों पर खूब झूमे श्रद्धालु**

**अमृत विचार :** बालाजी महाराज के जन्मोत्सव पर मंगलवार को रूपनगर स्थित बालाजी मंदिर में सुबह 5 बजे बालाजी महाराज का भव्य श्रृंगार किया गया। इसके बाद सुंदरकांड का पाठ और भंडारे का आयोजन हुआ। शाम 8 बजे से बालाजी महाराज का जागरण शुरू हुआ, जिसमें कलाकारों ने बालाजी महाराज के भक्ति गीत गाकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। सितारगंज से आई कलाकार नेहा कोरंगा के भजन छम-छम नाचे देखो वीर हनुमाना...कहते लोग इसे राम का दिवाना... गीतों पर श्रद्धालु झूमे उठे। वहीं गदरपुर से आए कलाकार केके तिवारी और मुरादाबाद से आई खुशी यादव ने भी बालाजी महाराज के अलग-अलग गीतों से समा बांधा। कार्यक्रम रात दो बजे तक चला। इस अवसर पर ध्वज पूजन मंदिर व्यवस्थापक पुर्नचंद पाठक, कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र सिंह रोतैला, प्रदीप बिष्ट, रेनू अधिकारी, सुमित्रा प्रसाद, पूरन चंद पाठक, अपूर्व जोशी, अतुल कुमार गुप्ता, दीपचंद तिवारी, खेमानंद बृजवासी, दर्शन लाल अरोड़ा, संजीव अग्रवाल, गजेंद्र सिंह बोरा, संजय कुमार अग्रवाल, प्रतीक, प्रखर शर्मा, हेम कोठारी रहे।

# पॉलीथिन पृथ्वी के लिए खतरा



दिव्यांग स्कूल में बच्चो के बीच वार्ता करते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** पॉलीथिन मानव जीवन के लिए बड़ा संकट बनती जा रही है। इसके अधिक उपयोग का असर तेजी से पृथ्वी पर भी पड़ रहा है। हमें मिलकर पृथ्वी को हरा भरा बनाना है। यह बात जेएसआर स्पेशल स्कूल में प्रबंधक संदीप रावत ने कही।

रावत ने कहा कि उन्होंने स्कूल में इस बात का बहुत अधिक ध्यान रखा है कि हरियाली बनी रहे और पॉलीथिन कहीं नजर न आए। यही शिक्षा वे स्कूल के स्टॉफ और बच्चों को भी देते हैं। गोपालदत्त शिक्षण समिति के अध्यक्ष बालादत्त शर्मा ने कहा कि पृथ्वी पर पॉलीथिन एक बड़ा संकट है, इसलिए पृथ्वी दिवस की थीम प्लेनेट वर्सेस प्लास्टिक रखी गई है। कार्यक्रम के तहत बच्चों और स्कूल स्टाफ ने पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। बच्चों ने शानदार आर्ट बनाए, साथ ही पृथ्वी को बचाने के लिए तथा प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने के लिए शपथ ली। प्रतियोगिता में सूरज शर्मा प्रथम, भावेश पनेरु द्वितीय व आफताब खान ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेताओं को पुरस्कार और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दीक्षा गुसांई और कमला तिवारी को भी अपने विचार रखे। संचालन सोनिया सत्यवली ने किया।

# सिंचाई योजना के बावजूद पानी को तरस रहे किसान

**गरमपानी, अमृत विचार :** रामगढ़ ब्लॉक के गौड़ा गांव के किसान सिंचाई योजना होने के बावजूद बूंद-बूंद पानी को तरस गए हैं। खेतों तक पानी न पहुंचने से फल व सब्जियां बर्बाद होने के कगार पर पहुंच गई हैं। किसानों ने आरोप लगाया है कि कई दिनों तक आपूर्ति नहीं की जा रही, जिससे खेतों में सिंचाई का पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा।

लंबे समय से बारिश न होने से तमाम गांवों में सूखे के हालात हो चुके हैं। सब्जियां, फल व अनाज की खेती चौपट होती जा रही है। वहीं रामगढ़ ब्लॉक के गौड़ा गांव के तीस से अधिक किसान सिंचाई योजना होने के बावजूद बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। किसान दूर से सिर पर पानी ढोकर खेतों में पहुंचा रहे हैं। खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंचाने को हाईवे पर जौरासी क्षेत्र में सिंचाई पंपिग योजना भी है। इसके बावजूद खेती को पानी नहीं मिल रहा है।

# भारतीय परंपरा में पुस्तकों का रहा है विशेष महत्व




वर्ल्ड बुक एंड कॉपीराइट डे पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** हरमन माइनर डिग्री कॉलेज/जेएन कॉल शिक्षण संस्थान में वर्ल्ड बुक एंड कॉपीराइट डे पर ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कुमाऊं विश्वविद्यालय के केंद्रीय लाइब्रेरी के इनफॉरमेशन सांइटिस्ट डॉ. युगल जोशी ने कहा कि भारतीय परम्परा में पुस्तकों का अधिक महत्व रहा है।

युवा पीढ़ी को अध्ययन के लिए ऑनलाइन के स्थान पर किताबों को अधिक महत्व देना चाहिए। प्राचार्य डॉ. मुक्ता ने कहा कि पुस्तकें हमारे जीवन में सफलता का आधार होती हैं। जीवन के विभिन्न पहलुओं को पुस्तकों से ही समाज के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन संस्थान की छात्रा दीपाली बहुगुणा, बीएड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं बबीता बाराकोटी, प्रदीप नाथ व ज्योति धानिक ने किया। इस दौरान लाइब्रेरियन मुकेश आर्या, राहुल कुमार, नितिन भगवाल, डॉ. मंजू नेगी, बीना नेगी, डॉ. हेमा मेहरा, राजेन्द्र सिंह खाती, नीरज कुमार, गणेश चन्द्रादि रहे।






## सार-संक्षेप

### आर्मी स्कूल के अंश का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन



प्रतियोगिता में भाग लेता अंश बिष्ट।

**रामनगर** : मॉडर्न पेंटाथलॉन लेसर रन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता पिछले दिनों लिटिल स्कॉलर्स के खेल परिसर में आयोजित की गई। जिसमें आर्मी पब्लिक स्कूल हेमपुर के कक्षा 11 के छात्र अंश बिष्ट ने अंडर 17 आयु वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उनका चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हो गया है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता अमरावती (महाराष्ट्र) में आयोजित होगी। विद्यालय के चेयरमैन ब्रिगेडियर देवेंद्र कुमार और प्रधानाचार्य डॉ. मालिनी शर्मा ने अंश को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### परीक्षा में नकल करते दो छात्र पकड़े

**हल्द्वानी** : एमबीपीजी कॉलेज में मंगलवार को शाम की पाली में बीकॉम तृतीय समेस्टर की परीक्षा के दौरान दो छात्रों को नकल करते पकड़ा गया। कॉलेज के परीक्षा प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि नकल करते पकड़े गए दोनों छात्रों से पुरानी कॉपी लेकर नई दी गई और इस संबंध में विश्वविद्यालय को रिपोर्ट भेज दी है। आगे की कार्रवाई विश्विद्यालय की ओर से की जाएगी।

### घर में हुई चोरी का खुलासा

**कालाढूंगी** : वार्ड एक निवासी अदनान मालिक के घर में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया। एसओ भगवान महर ने बताया कि अदनान ने थाने में घर में चोरी की रिपोर्ट लिखाई थी। पुलिस ने जांच की तो चोर उसी वार्ड में रहने वाला राजेंद्र राणा पुत्र वीर सिंह निकला। अभियुक्त के पास से पुलिस ने 980 रुपये की नगदी सहित एक लेडीज पर्स, एटीएम, पेन कार्ड और आधार कार्ड बरामद हुआ है।

### खाद्य पदार्थों के छह सैंपल लेकर जांच को भेजे

**हल्द्वानी** : गर्मी के मौसम में बढ़ रही बीमारियों से प्रशासन अलर्ट मोड में है। डीएम वंदना सिंह के निर्देश के बाद मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग ने शहर में कई जगहों से खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कालाढूंगी रोड, नैनीताल रोड, तिकोनिया रोड, रोडवेज स्टेशन और केमू स्टेशन में चेकिंग अभियान चलाकर जूस की दुकानों, लस्सी की दुकानों, रेस्टोरेंट और ढाबों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ जगहों पर जूस, लस्सी, पनीर, पकी हुई अरहर की दाल ,बिरयानी, बेसन संदिग्ध पाए गए। इनके 6 नमूने संग्रहित कर राजकीय खाद्य प्रयोगशाला रुद्रपुर जांच के लिए भेजे गये हैं। अभिहित अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### अधिवक्ताओं ने की पीएम मोदी के भाषण की निंदा

**रामनगर** : रामनगर में अधिवक्ताओं ने बैठक कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनावी भाषण पर निराशा जताई है। युवा कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के राज्य समन्वयक एड .फ़ैज़ुल हक़ की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक हुई। जिसमें अधिवक्ताओं ने कहा कि पीएम ने जनसभा में झूठ बोलकर पद की गरिमा गिराई है। चुनाव के दौरान हेट स्पीच देने पर एड . फ़ैज़ुल हक़ ने चुनाव आयोग को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्तओं ने कहा कि पीएम मोदी को अपने 10 साल के कार्यकाल के काम गिनाने चाहिए। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अध्यक्ष टैक्स बार रामनगर पूरन चंद्र पांडे, वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव अग्रवाल, अधिवक्ता नादिर अमीन, रोहित शर्मा, सोनू करीम, तालिब, कालिम, जावेद अली, रोबिन कोहली मौजूद रहे।


चन्द्र सिंह गढ़वाली के बनाए चित्रों के साथ स्कूली बच्चे।

### जयंती पर याद आए चंद्र सिंह गढ़वाली

**रामनगर** : पेशावर विद्रोह की 94 जयंती पर चंद्र सिंह गढ़वाली और उनके सैनिक साथियों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से राजकीय इंटर कॉलेज ढेला में याद किया गया। कार्यक्रम के तहत बच्चों ने चंद्र सिंह गढ़वाली का चित्र बनाया और उस समय की घटना पर डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। अंग्रेजी प्रवक्ता नवेंदु मठपाल ने बताया 23 अप्रैल 1930 में चंद्र सिंह गढ़वाली एवं उनकी बटालियन ने पेशावर में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आजादी की लड़ाई लड़ रहे निहत्थे पख्तूनों पर गोली चलाने से मना कर विद्रोह कर दिया था। फौज में रहते हुए स्वतंत्रता सेनानियों पर गोली चलाने से इंकार करने की इस घटना ने अंग्रेजों को भी हतप्रभ कर दिया। इस घटना ने अंग्रेजों को इस कदर हिला कर रख दिया कि इन सिपाहियों पर जब कार्यवाही करने की नौबत आई तो अंग्रेजों ने 23 अप्रैल को आदेश न मानने का मुकदमा नहीं चलाया। इस दौरान प्रधानाचार्य श्रीराम यादव, प्रदीप शर्मा, नवेंदु मठपाल, प्रदीप शर्मा, सीपी खाती, बालकृष्ण चंद, सुभाष गोला, उषा पवार, पद्मा मौजूद रहे।

### खुर्पाताल और बजून के जंगल में लगी भीषण आग

**नैनीताल** : मंगलवार देर शाम शहर के खुर्पाताल और बजून के जंगल में भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग और दमकल कर्मियों को दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों और वन विभाग की टीम ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। अग्निशमन सुरक्षा अधिकारी किशोर उपाध्याय ने बताया कि जंगल में लगी आग आवासीय क्षेत्र की तरफ बढ़ रही थी। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने 6 घंटे तक रेस्क्यू के बाद आग पर काबू पाया।

### स्ट्रीट लाइट न होने से गलियों में छाया अंधेरा

**हल्द्वानी** : वार्ड 59 की विभिन्न समस्याओं को लेकर निवर्तमान पार्षद रईस अहमद गुड्डू ने मंगलवार को नगर निगम आयुक्त से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि स्ट्रीट लाइट न होने से गलियों में अंधेरा छाया हुआ है। उन्होंने वार्ड की 11 गलियों में स्ट्रीट लाइट के लिए तार बिछाने और लगभग 15 विद्युत पोल लगाने की मांग की। नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने जल्दी समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान फिरोज खान, मोहम्मद नाजिम, मोहम्मद जियाद आदि थे।

# शहर से रानीबाग तक जाम का झाम, रेंगते रहे वाहन

## मुख्य मार्गों सहित आंतरिक मार्गों में भी फंसे रहे वाहन, पुलिस का नेटवर्क नहीं आया काम, गर्मी से जूझते रहे लोग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : शहर जाम की समस्या बढ़ती जा रही है। दोपहर होने के साथ ही सड़कों पर जाम की स्थिति बन रही है। मुख्य मार्गों के अलावा आंतरिक मार्गों में भी यही हाल है। लोग दोपहर की गर्मी में जाम से जूझने से परेशान हो रहे हैं। वाहन रेंगते हुए चल रहे हैं। राहगीरों का सड़क से निकलना भी मुश्किल हो रहा है।

मंगलवार को शहर में कई जगह आयोजन थे। जिस वजह से जाम की समस्या बनी रही। नैनीताल रोड पर पर्यटकों के वाहनों की भी संख्या बढ़ रही है। इसके चलते भी जाम की समस्या बढ़ गई। साथ ही नहर कवरिंग रोड पर भी दोपहर के समय जाम की स्थिति बनी रही। पनचक्की से ही जाम लगना शुरू हो गया। मुखानी, मंगलपड़ाव, कालाढूंगी चौराहा पर भी यही हाल रहा। यहां शाम के समय जाम की समस्या और भी बन जाती है। काठगोदाम से रानीबाग तक भी पुलिस को कई बार जाम खुलवाना पड़ा। पर्यटकों के वाहनों और बसों की वजह से रानीबाग में भी बार-बार जाम की स्थिति बन रही है। कहीं भी पुलिस का नेटवर्क काम करता हुआ नहीं दिखाई दिया। जाम की वजह से राहगीर परेशान रहे। दोपहर के समय लोग गर्मी में जूझते रहे। वाहनों को एक किमी का सफर तय करने में 10 से 15 मिनट का समय लग रहा था। शहर के मुख्य चौराहों पर पैदल राहगीरों का भी चलना मुश्किल हो रहा था। महिला अस्पताल के सामने भी यही हाल रहा। जाम की वजह से रोडवेज की बसें भी कई बार सड़कों पर फंस गई। जिन्हें आगे बढ़वाने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इधर शहर में दो दिन तक धार्मिक आयोजन रहे, लेकिन पुलिस ने कोई रूट प्लान भी नहीं बनाया। जिसकी वजह से भी जाम की समस्या रही।



मंगलवार को महिला अस्पताल के सामने सड़क के दोनों ओर जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार



लोअर माल रोड से गुजरते पर्यटकों के वाहन। ● अमृत विचार

### मई व जून में और बढ़ेगी समस्या

**हल्द्वानी** : गर्मी शुरू होने के साथ ही पर्यटक बढ़ने लगे। हालांकि अभी पर्यटन सीजन उतना उछाल पर नहीं पहुंचा है। लोकसभा चुनाव के बाद धीरे-धीरे पर्यटन कारोबार बढ़ रहा है। मई और जून में जब गर्मी और तपाएगी तो पर्यटन सीजन में और भी उछाल आएगा। अभी यह हाल है तो बाद में जाम की समस्या और भी बढ़ सकती है।

### अवैध स्टैंड भी लगा रहे जाम

**हल्द्वानी** : शहर में कई जगह अवैध ऑटो, ई-रिक्शा और टैक्सी स्टैंड बने हैं। इनसे भी जाम लगता है। मुखानी चौराहा, डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के सामने, वर्कशॉप लाइन आदि जगहों पर अवैध तरीके से ऑटो और टैक्सी खड़े रहते हैं। मुखानी चौराहे पर वाहनों को निकालना तक मुश्किल हो जाता है। इंटरसिटी बसें सड़क पर भी डग्गामारी कर रहीं हैं।

## मैदानों में गर्मी से पहाड़ पर बढ़े पर्यटक

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार** : मैदानी क्षेत्रों में बढ़ रही गर्मी से बचने के लिए देशभर से पर्यटक नैनीताल समेत आसपास के पर्यटक स्थलों का रुख कर रहे हैं। जिससे पर्यटन कारोबार धीरे-धीरे गति पकड़ने लगा है। नैनीताल पहुंच रहे अधिकांश पर्यटकों को वाहन पार्किंग की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है।

मंगलवार को पर्यटकों की आमद से नैनीताल में खासी रौनक रही। स्थानीय पर्यटन स्थलों में पूरे दिन सैलानियों के भारी भीड़ रही। स्नोव्यू, हिमालय दर्शन, किलबरी, केव गार्डन, चिड़ियाघर, सरिता ताल, वॉटर फॉल, बोटनिकल गार्डन व हनुमान गढ़ी समेत नगर के सभी पर्यटन स्थल में पूरे दिन आवाजाही बनी रही।

सैलानियों ने नैनी झील में नौका विहार का लुत्फ उठाया। इधर, नैनीताल में पर्यटकों की आमद बढ़ने से कार पार्किंग की समस्या भी खड़ी हो गई है। पार्किंग फुल होने से नैनीताल पहुंचे वाले अधिकांश पर्यटकों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

होटल एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय बिष्ट का कहना है कि प्रशासन को नैनीताल आने वाले पर्यटकों के लिए कार पार्किंग की व्यवस्था करना चाहिए, ताकि पर्यटन सीजन के दौरान पर्यटकों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

## स्टेट हाईवे की बुनियाद को चट्टान की होगी जांच

संवाददाता, गरमपानी

**कवायद**

- भुजान क्षेत्र में कोसी नदी पर पहुंची सोयल टेस्टिंग मशीन
- सैंपल एकत्र कर जांच को भेजे जाएंगे दिल्ली स्थित प्रयोगशाला

**अमृत विचार** : समीपवर्ती भुजान क्षेत्र में आपदा से ध्वस्त स्टेट हाईवे की मरम्मत को कवायद तेज हो गई है। नदी क्षेत्र में दरक चुकी बुनियाद की जांच को सोयल टेस्टिंग मशीन पहुंच चुकी है। जांच के बाद सैंपल दिल्ली भेजे जाएंगे। लोनिवि के कनिष्ठ अभियंता हरि मोहन जोशी के अनुसार रिपोर्ट मिलने के बाद डीपीआर तैयार की जायेगी।

खैरना-रानीखेत स्टेट हाईवे को चार वर्ष पूर्व आई आपदा से भारी नुकसान पहुंचा था। समीपवर्ती कालिका मोड़ से आगे स्टेट हाईवे की बुनियाद दरकने से सड़क ध्वस्त हो गई थी। लोनिवि ने बामुश्किल वन-वे आवाजाही शुरु करवाई। आज भी हालात जस के तस बने हुए हैं। वन-वे आवाजाही व दरक चुके स्टेट हाईवे के एक हिस्से से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। अब दरक रही बुनियाद व मजबूत चट्टान का पता लगाने को सोयल टेस्टिंग मशीन की मदद ली जा रही है। नदी क्षेत्र में मशीन बकायदा स्थापित भी कर दी गई है। जांच का जिम्मा दिल्ली की एक निजी कंपनी को सौंपा गया है। दिल्ली की टीम मशीन से बुनियाद के आसपास से नमूने एकत्र करेगी और जांच के लिए दिल्ली स्थित प्रयोगशाला भेजेगी।

## हल्द्वानी में बनेगी पशु रोग निदान प्रयोगशाला

**हल्द्वानी, अमृत विचार** : शहर में पशु रोग निदान प्रयोगशाला का निर्माण किया जा रहा है। जिससे अब पशु प्रेमियों को अपने पशुओं के उपचार आदि के लिए पंतनगर व रुद्रपुर नहीं जाना पड़ेगा। कालाढूंगी रोड स्थित पशु निदेशालय कार्यालय परिसर में एक करोड़ 17 लाख रुपये की लागत से पशु रोग निदान प्रयोगशाला का निर्माण किया जा रहा है।

पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. उदय शंकर ने बताया कि ग्रामीण निर्माण विभाग भवन तैयार कर रहा है, जिसके बाद प्रयोगशाला को शुरू किया जाएगा। प्रयोगशाला में ऑपरेशन थिएटर विकसित किया जाएगा, जहां पशुओं की सर्जरी आदि का काम किया जाएगा। साथ ही पशुओं के यूरिन, ब्लड, गोबर आदि की जांच की सुविधा भी पशुपालकों को मिलेगी।

## कहीं भवनों का नहीं हुआ निर्माण तो कहीं हस्तांतरण का इंतजार

संवाददाता, हल्द्वानी

**हीलाहवाली**

- उच्च शिक्षा के अंतर्गत होना है निदेशक आवास व महाविद्यालय भवनों का निर्माण
- अब तक पूर्ण नहीं हुए कई कार्य

**अमृत विचार** : उच्च शिक्षा के अंतर्गत कई महाविद्यालयों के भवनों का निर्धारित समय तक निर्माण नहीं हुआ है, जबकि कुछ महाविद्यालयों का निर्माण हो गया है, लेकिन इन्हें विभाग को हस्तांतरित नहीं किया गया है।

गौलापार स्थित उच्च शिक्षा निदेशालय के निदेशक आवास का कार्य अभी तक पूरा नहीं हो पाया है, जिस कारण इसे विभाग को हस्तांतरित नहीं किया गया है। एक करोड़ रुपये की लागत से भवन तैयार किया जा रहा है। जिसमें पहली किश्त के तौर पर 79.68 लाख, दूसरी किश्त में 23.50 लाख और आवास से संबंधित अन्य कार्यों के लिए 19.27 लाख रुपये से काम किया जा रहा है। इसके लिए बजट 2021 में स्वीकृत हो गया था, लेकिन अभी तक काम पूरा नहीं हो पाया है। आवास को वर्ष 2022 में विभाग को हस्तांतरित होना था।

इसी तरह पौड़ी के पाबो में 3.85 करोड़ रुपये से महिला छात्रावास बनना था, लेकिन बाद में स्थान परिवर्तन के कारण अभी तक काम शुरू नहीं हो पाया है। कोटाबाग में 2.30 करोड़ रुपये की लागत से भवन तो बन गया है, लेकिन इसे अभी तक विभाग को हस्तांतरित नहीं किया गया है। इसे भी वर्ष 2022 में हस्तांतरित होना था। पतलोट में 4.36 करोड़ रुपये से भवन बनना था, जिसके लिए वर्ष 2019 में बजट स्वीकृत हुआ था। वर्ष 2020 में काम पूरा होना था, लेकिन अभी तक काम पूरा नहीं हो पाया है। निदेशक आवास और कुमाऊं के महाविद्यालयों के भवन निर्माण की जिम्मेदारी मंडी समिति को दी गई है।

> निदेशक आवास में एसी लगाने सहित कुछ कार्य शेष रह गये हैं। अधिकांश महाविद्यालयों के भवन बनकर तैयार हो गए हैं। शीघ्र ही इनका हस्तांतरण हो जाएगा। **- उमेश श्रीवास्तव, जेई, मंडी समिति, हल्द्वानी**

## व्यक्ति को जिम्मेदार नागरिक बनाती हैं पुस्तकें

संवाददाता, हल्द्वानी


चित्रण कार्यशाला में प्रमाण पत्रों के साथ छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर प्रसिद्ध लेखक अनुपम अरुणाचलम को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पुस्तकें ही किसी व्यक्ति को जिम्मेदार नागरिक बनाती हैं। कार्यक्रम के दौरान दो आकर्षक सत्र आयोजित किए गए, जिसे जूनियर और सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं की विविध रुचियों और सीखने के स्तर के अनुरूप बनाया गया।

प्रथम सत्र में जूनियर वर्ग के लिए चित्रण कार्यशाला हुई, जिसमें कक्षा 3 से 6 तक के छात्र शामिल रहे। कार्यशाला के दौरान छात्रों को व्यावहारिक अभ्यासों और विचारों को दृश्य रूप से व्यक्त करने की तकनीक के बारे में बताया गया। वरिष्ठ वर्ग सत्र में प्रश्नोत्तरी के मध्यम से छात्रों को लेखक के साथ सीधे जुड़ने के बारे में बताया। जिसमें छात्रों ने लेखक अनुपम से उनके लेखन क्षेत्र से जुड़ी जीवन यात्रा के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में पुस्तक पठन प्रतियोगिता सत्र 2023-24 के विजेताओं को प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी के आधार पर पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया। स्कूल प्रबंधन ने मुख्य लेखक अनुपम अरुणाचलम को स्मृति चिन्ह व पेंटिंग भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रबंधक समित टिक्कू, शैक्षणिक निर्देशिका स्मृति टिक्कू आदि रहे।

## नो पार्किंग जोन में खड़े 73 वाहनों का चालान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : डीएम के निर्देशानुसार परिवहन विभाग ने हल्द्वानी व नैनीताल शहर में नो पार्किंग जोन में खड़े 73 वाहनों का चालान किया।

आरटीओ प्रवर्तन नंदकिशोर ने बताया कि हल्द्वानी एवं नैनीताल में चिन्हित नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की गयी। कुल 73 वाहनों के चालान किए गए और कईयों को चेतावनी दी गई। सभी प्रवर्तन टीमों को नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी-नैनीताल मार्ग पर सड़क हादसों के दृष्टिगत सड़क किनारे खड़ी होने वाली स्कूल बसों, निजी बसों, भारी वाहनों के चालकों को निर्देशित किया गया है कि वह अपने-अपने वाहनों को पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करें। सड़क किनारे वाहन खड़ा मिलने पर नियमानुसार चालानी कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा प्रत्याशी पांच लाख वोटों के अंतर से जीत दर्ज करेंगे : भगत

ब्यूरो, भवाली/हल्द्वानी


प्रेस वार्ता करते कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : भाजपा विधायक बंशीधर भगत ने दावा किया है कि कांग्रेस को अंदेशा है कि भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय रक्षाराज्य मंत्री अजय भट्ट की पांच लाख मतों के अंतर से जीत होगी।

मंगलवार को पर्यटक आवास गृह में हुई प्रेस वार्ता में विधायक भगत ने कहा कि कांग्रेस के नेता 4 जून तक कम मतदान प्रतिशत को बतौर ऑक्सीजन इस्तेमाल कर सकते हैं। मतगणना के बाद भाजपा प्रत्याशी के बाद उनके पास कहने को कुछ नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी, फसल की कटाई और सहालग के चलते मतदान प्रतिशत पिछले वर्षों की तुलना में कुछ कम हुआ। बावजूद इसके जो मतदान हुआ है, वह भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में हुआ है। कांग्रेस किसी मुगालते में नहीं रहे कि कहीं भी टक्कर में हैं। नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय सीट पर बिना किसी मुद्दे के चुनाव लड़ रहे कांग्रेस प्रत्याशी को बूथ पर बस्ता पकड़ने वाले कार्यकर्ताओं के लिए जितना संघर्ष करना पड़ा, उसी से उन्हें चुनाव परिणाम का अंदाजा लग गया होगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष पंकज अद्वेती, जुगल मठपाल, नवीन भट्ट, कमल नयन जोशी आदि मौजूद रहे ।

## जरूरत पड़ी तो बढ़ाए जाएंगे अस्पताल में बेड

**हल्द्वानी, अमृत विचार** : डायरिया के बढ़ रहे मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड में आ गया है। अस्पताल में मरीजों के लिए बेडों की संख्या बढ़ाए जाने की योजना पर काम चल रहा है।

सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में रोजाना डायरिया के मरीज पहुंच रहे हैं। ओपीडी में भी मरीजों की संख्या बढ़ रही है। कई मरीजों को भर्ती करना पड़ रहा है। जिस वजह से अस्पताल में आने वाले दिनों में बेडों की कमी हो सकती है। अस्पताल प्रबंधन ने जरूरत पड़ने पर बेड बढ़ाने की तैयारी कर ली है।

पीएमएस डॉ. केके पांडेय ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ ही डायरिया के मरीज बढ़ रहे हैं। ऐसे में जरूरत होगी तो बेडों को बढ़ा दिया जाएगा।

## पानी को लेकर खाली बर्तनों संग किया प्रदर्शन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : इंदिरानगर के शनि बाजार क्षेत्र में बीते चार दिनों से पानी नहीं आने से लोग नाराज हैं। मंगलवार को लोगों ने खाली बर्तनों के साथ प्रदर्शन करते हुए जल संस्थान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों का कहना था कि करीब एक सप्ताह पूर्व तक क्षेत्र में टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति कराई जा रही थी, लेकिन गर्मी बढ़ते ही विभाग की ओर से टैंकर भेजने बंद कर दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि अगर शीघ्र पेयजल आपूर्ति सुचारू नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालों में शकील अहमद सलमानी, पुष्पा देवी, नगमा, यास्मीन, शब्बीर अहमद अल्वी समेत कई लोग शामिल रहे।


इंदिरानगर में पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

### सुचारू रूप से नहीं हो रही पानी की आपूर्ति

**हल्द्वानी : अमृत विचार** : गैस गोदाम रोड व कमलुवागांजा क्षेत्र में पानी की आपूर्ति सुचारू न होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय निवासी एसके शाह ने बताया कि बीते 2 दिनों से पेयजल पाइप लाइन से घर में होने वाली पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। इधर, जल संस्थान के जेई पंकज उपाध्याय ने बताया कि टीम को मौके पर भेजकर पानी की समस्या को निस्तारित किया जाएगा।

## सार संक्षेप

### भाकपा (माले) ने मनाया 56वां स्थापना दिवस



स्थापना दिवस पर बैठक करते भाकपा माले के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**रुद्रपुर :** भाकपा (माले) की शहर इकाई ने पार्टी का 56वां स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान पदाधिकारियों ने पार्टी को स्थापित कर आगे बढ़ाने वाले दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता निशान सिंह ने कहा कि 22 अप्रैल 1969 को भाकपा (माले) की स्थापना हुई थी। 22 अप्रैल को पहली समाजवादी क्रांति के नेता लेनिन का भी जन्मदिन है। इस दौरान पार्टी के संस्थापक महासचिव चारु मजूमदार, जौहर, विनोद मिश्रा को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जिला सचिव ललित मटियाली, निशान सिंह, सुरेन सिंह, अनिता, सत्येंद्र, अखिलेश सिंह, उत्तम दास, शैलेंद्र आदि शामिल रहे।

### एक क्विंटल मांस के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**किच्छा :** पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने तीन आरोपियों को अवैध रूप से भैंस की गोकशी करते दबोच लिया। पुलिस ने मौके से एक क्विंटल भैंस का गोश्त बरामद किया है। पुलिस ने मांस काटने के तमाम उपकरण भी कब्जे में लिए हैं। गश्त के दौरान थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट को सूचना मिली कि थाना अंतर्गत सिरौली कला चार बीघा क्षेत्र में फहीम के खाली प्लाट में कुछ लोग भैंस की गोकशी कर रहे हैं। पुलिस टीम ने वार्ड नंबर 18, सिरौली कला, थाना पुलभट्टा निवासी सलीम व नसीम एवं वार्ड नंबर 15, थाना किच्छा निवासी फैय्याद हुसैन को दबोच लिया। पुलिस ने मौके पर एक क्विंटल भैंस का मांस, एक खाल तथा दो कुल्हाड़ी, एक चापड़, पांच छुरे बरामद कर कब्जे में ले लिए। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मांस कारोबारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**किच्छा :** स्लॉटर हाउस ठेकेदार पर मनमानी किए जाने तथा जानवर काटने की एवज में निर्धारित मानक से अधिक टैक्स वसूली किए जाने का आरोप लगाते हुए तमाम मांस कारोबारियों ने उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे तमाम मांस कारोबारियों ने आरोप लगाया कि स्लाटर हाउस ठेकेदार द्वारा जानवर काटने की एवज में पालिका प्रशासन द्वारा निर्धारित मानक से अधिक अवैध वसूली की जा रही है। उन्होंने स्लॉटर हाउस ठेकेदार पर मानक से अधिक जानवर काटने का भी आरोप लगाया। उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा ने पूरे मामले की जांच कर जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया। मौके पर वहीद पहलवान, लियाकत अंसारी, आरिफ कुरैशी, रईस अहमद, हाजी इदरीस कुरेशी, मोहम्मद आरिफ, दानिश कुरेशी, वहीद कुरैशी, आसिफ कुरेशी, रफीक कुरैशी, शमशाद कुरैशी आदि मौजूद रहे।

### जवाहरनगर में क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों से परेशानी


जवाहरनगर क्षेत्र में क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों से सड़कों पर बहता पानी।

**शांतिपुरी :** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जवाहरनगर में बीते एक माह से लगातार क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों का पानी आवासीय कॉलोनियों एवं सड़कों को भारी नुकसान पहुंचा रहा है। इससे न केवल राहगीरों को परेशानी हो रही है बल्कि लोगों को पीने का पानी भी नहीं मिल रहा है। स्वतंत्रता सेनानी गांव जवाहरनगर में इन दिनों जल जीवन मिशन योजना की नई लाइन बिछाने का काम जारी है। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित ठेकेदार की लापरवाही से पुरानी क्षतिग्रस्त लाइनों को जगह-जगह से तोड़ा गया है। जहां से भारी मात्रा में पेयजल रिसाव का पानी आवासीय कॉलोनी एवं सड़कों पर बह रहा है। पेयजल के अत्यधिक रिसाव से जहां सड़कें खराब हो रही हैं, वहीं सड़कों में पानी के गड्ढे होने से राहगीरों के दोपहिया वाहन गिर रहे हैं। इससे कई बार राहगीर चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीण महिधर जोशी, रेवाधर भट्ट, प्रेम चंदोला, प्रभाकर शर्मा, विशन सिंह मेहरा ने बताया कि गांव में पेयजल व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है। संबंधित अधिकारियों व जिला प्रशासन को शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### एसएसपी ने किया बागवाड़ा स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

रुद्रपुर, अमृत विचार : लोकसभा के मतदान होने के बाद अचानक एसएसपी ने बगवाड़ा में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधीनस्थों को 24 घंटे सजग रहने का आदेश दिया। मंगलवार को एसएसपी मंजूनाथ टीसी अधीनस्थों के साथ स्ट्रांग रूम पहुंचे और निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरों, वॉच टावर एवं सुरक्षा गारद का निरीक्षण किया। ईवीएम सुरक्षा ड्यूटी में नियुक्त सभी कर्मचारियों को सतर्कतापूर्वक अपनी ड्यूटी करने को कहा तथा स्ट्रांग रूम में किसी भी बाहरी व्यक्ति को नहीं आने देने का आदेश दिया। इसके अलावा स्ट्रांग रूम के आस-पास के क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से 24 घंटे निगरानी करने के लिए निर्देशित किया।

# ओवरब्रिज खुलवाने को लेकर अड़े कांग्रेसी

## जसपुर विधायक आदेश चौहान के नेतृत्व में पुल पर दिनभर बैठे रहे कांग्रेस कार्यकर्ता, शाम को आश्वासन पर माने

संवाददाता, काशीपुर


अधिकारियों से ओवरब्रिज खोलने को लेकर वार्ता करते विधायक आदेश चौहान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** काशीपुर में ओवरब्रिज खोलने का मुद्दा पूरी तरह से राजनीति बन गया है। भाजपाइयों के जबरन पुल को हल्के वाहनों के लिए खोलने के कुछ दिनों बाद ही बंद ओवरब्रिज को खोलने के लिए कांग्रेसी आगे आ गए हैं। जसपुर विधायक आदेश चौहान सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता घंटों पुल पर ही बैठे रहे और हनुमान चालीसा का पाठ सुना। शाम साढ़े छह बजे अधिकारियों के आश्वासन के बाद उठे।

काशीपुर में ओवरब्रिज का निर्माण सात सालों से चल रहा है। बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी अभी भी कार्य पूरा होने की बात नहीं कर रहे हैं। ट्रैफिक लाइटें समेत कई काम अधूरे पड़े हैं। बीते दिनों भाजपा विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा समेत भाजपाइयों ने जबरन ओवरब्रिज को हल्के वाहनों के लिए खोल दिया था। जनता को पुल समर्पित बताकर मिठाई तक बांट दी थी। लेकिन कुछ दिन बाद ही तकनीकी कमी बताकर अधिकारियों ने ओवरब्रिज को बंद करवा दिया था। यानी अफसरों व भाजपाईयों में ओवरब्रिज खोलने को लेकर ठनसी गई थी। अधिकारियों की मानें तो ओवरब्रिज पर जरूरी कार्य बाकी है। वहीं मंगलवार को जसपुर विधायक आदेश चौहान कांग्रेसियों के साथ ओवरब्रिज को खुलवाने पहुंच गए। शाम साढ़े छह बजे तक खुलवाने को लेकर कांग्रेसी प्रयास करते रहे। खुद विधायक ने एनएच के अधिकारियों को ओवरब्रिज को खोलने को कहते दिखे। हालांकि एनएच व एसडीएम अभय प्रताप सिंह के आश्वासन पर ओवरब्रिज पर बैठे कांग्रेसी उठे। एसडीएम ने बताया कि कार्य पूरी तरह से कराने के बाद ही ओवरब्रिज को यातायात के लिए खोला जाएगा। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष मुशरफ हुसैन, पूर्व महानगर अध्यक्ष संदीप सहगल, राहुल कांबोज, राशिद फारूकी, विमल गुड़िया आदि मौजूद थे।

### 30 से पहले ओवरब्रिज खोलने का मिला आश्वासन

**काशीपुर :** ओवरब्रिज पर बैठे कांग्रेसियों ने अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर कड़ी नाराजगी जताई। विधायक आदेश चौहान ने बताया कि अधिकारियों ने 30 अप्रैल से पहले ओवरब्रिज को खोलने को कहा है।

### ओवरब्रिज खोलने पर टकटकी लगाते रहे लोग

**काशीपुर :** ओवरब्रिज पर कांग्रेसियों के पहुंचते ही लोग भी ओवरब्रिज को खोलने को लेकर टकटकी लगाते रहे। बताया कि ओवरब्रिज खुलने से लोगों को जाम से राहत मिलेगी। वहीं अधिकारियों की मानें तो पुल मानक के अनुरूप ही बना है। जरूरी कार्य पूरे होते ही पुल को खोल दिया जाएगा।

### 145 टन भार क्षमता का है रेलवे ओवरब्रिज

**काशीपुर :** एनएच विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ओवरब्रिज पर बना पुल की भार क्षमता मापी जा चुकी है। बताया कि 145 टन भार क्षमता का पुल बना गया है। वहीं विधायक आदेश चौहान ने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं की कहने पर एनएच के अधिकारी ओवरब्रिज को नहीं खोल रहे हैं।

## करंट से मौत मामले में दर्ज हुई रिपोर्ट

**किच्छा :** आजाद नगर क्षेत्र में करंट लगने से व्यापारी एवं महिला मजदूर की मौत के मामले में पुलिस ने मृतका के पुत्र की शिकायत पर अन्य खेत स्वामी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विगत दिवस ग्राम आजाद नगर में खेत में काम करने के दौरान नितिन इलेक्ट्रॉनिक्स के स्वामी एवं खेत स्वामी राजकुमार खुग्गर सहित पुलभट्टा थाना अंतर्गत ग्राम दोपहरिया निवासी महिला मजदूर जयंती देवी की करंट लगने से मौत हो गई थी। पुलिस को दी शिकायत में मृतका जयंती देवी के पुत्र रोहित गिरी ने कहा कि उसकी 62 वर्षीय माता जयंती देवी ग्राम आजाद नगर निवासी लक्ष्मण सिंह के खेतों में काम करने जाती थी। विगत 22 अप्रैल को भी वह अन्य महिलाओं के साथ काम करने खेत में गई थी। बताया कि सुबह करीब 9:30 बजे सूचना मिली कि उसकी माता जयंती देवी एवं ग्राम आजाद नगर निवासी राजकुमार की खेत में करंट लगने से मौत हो गई है। रोहित के अनुसार आजाद नगर निवासी अश्विनी द्वारा ठेके पर विनोद कुमार को खेत दिया गया था।


जिला बार एसोसिएशन के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन प्रचार करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

# जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में समर्थकों ने झोंकी पूरी ताकत

- आज जजी परिसर में होगा मतदान
- चुनाव संचालन समिति ने की सारी तैयारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिला बार एसोसिएशन के कई पदों पर होने पर चुनाव के अंतिम दिन सभी प्रत्याशियों के समर्थकों ने ताकत झोंक दी और प्रचार-प्रसार कर मतदाताओं को रिझाने का प्रयास किया। बुधवार को मतदान को लेकर चुनाव संचालन समिति ने सारी तैयारी कर ली है।

जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर तीन, उपाध्यक्ष पर तीन, कलेक्ट्रेट उपाध्यक्ष दो, सचिव पर तीन, उपसचिव पर चार, कोषाध्यक्ष पर दो, लेखा परीक्षक पर दो, पुस्तकालय अध्यक्ष पर तीन, सदस्य पर नौ प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी की है। इसका मतदान बुधवार को जजी परिसर में होगा। मंगलवार को चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सभी प्रत्याशियों के समर्थकों ने कोर्ट परिसर, डीएम कार्यालय जाकर मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया। दिन भर जजी परिसर में चुनाव को लेकर चहल पहल देखने को मिली।

मुख्य चुनाव अधिकारी अधिवक्ता सीपी जोशी ने बताया कि बुधवार की सुबह नौ बजे से मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी और शाम पांच बजे तक चलेगी। गुरुवार यानी 25 अप्रैल को मतगणना का कार्य प्रारंभ होगा और विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। बताया कि चुनाव संचालन समिति ने अपनी सारी तैयारी कर ली है।

# निर्माणाधीन अस्पताल का लेंटर गिरने से पांच मजदूर मलबे में दबे

**घटना**

- तीन की हालत गंभीर, दो को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी

संवाददाता, गदरपुर


ग्राम रतनपुरा में स्थित निर्माणाधीन अस्पताल का गिरा लेंटर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** निर्माणाधीन अस्पताल का लेंटर अचानक गिरने से पांच मजदूर मलबे के नीचे दब गए। मजदूरों की चीख पुकार सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकला। इसमें से तीन लोगों की गंभीर हालत को देखते हुए रुद्रपुर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया वहीं दो लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी छुट्टी कर दी गई।

मंगलवार को रतनपुरा स्थित आयुर्वेद रिसर्च सेंटर के सामने निर्माणाधीन हॉस्पिटल की इमारत का ठेकेदार द्वारा एक दर्जन मजदूरों के साथ लेंटर डाला जा रहा था। दोपहर में करीब 3:30 बजे जब मजदूर लेंटर डाल रहे थे तो अचानक लेंटर भरभराकर गिर गया। लेंटर गिरने से वहां काम कर रहे करीब पांच मजदूर नीचे दब गए। मजदूरों की चीख पुकार सुन आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े।

लोगों ने मलबे के नीचे दबे लोगों को कड़ी मेहनत के बाद बाहर निकाला। इसमें से रतनपुरा निवासी छोटू विश्वास, विजय और विश्वजीत की गंभीर हालत को देखते हुए रुद्रपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं घायल गोपाल और रामू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया। इस संबंध में जब आयुर्वेद रिसर्च सेंटर के अधिकारियों से बात करने की कोशिश की गई तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया। निर्माणाधीन अस्पताल के भवन का लेंटर भूमि से करीब 25 फीट ऊपर डाला जा रहा था। आधा दर्जन मजदूर लेंटर के ऊपर काम कर रहे थे।


किच्छा में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कलेर का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# जल्द ही घोषित होगी आप की कार्यकारिणी : कलेर

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एसएस कलेर का किच्छा पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर नगर पालिका चुनाव के लिए जी जान से जुटने एवं संगठन की मजबूती पर जोर दिया।

नगर के हल्द्वानी मार्ग स्थित आम आदमी पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एसएस कलेर ने कहा कि पूर्व में देहरादून या दिल्ली कार्यालय से कार्यकारिणी की घोषणा की जाती थी लेकिन अब इस नीति को बदलकर प्रदेश के सभी क्षेत्रों में भ्रमण करने के साथ ही स्थानीय कार्यकर्ताओं की राय शुमारी के बाद कार्यकर्ताओं को नगर, जिले तथा प्रदेश की जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से नगर निकाय चुनाव के लिए संगठित होकर आम आदमी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा नगर पालिका अंतर्गत 20 वार्डों में सभासद पद पर प्रत्याशी उतारने एवं कार्यकर्ताओं को जीतने का मंत्र दिया। आयोजित कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश सचिव कुलवंत सिंह का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मौके पर प्रदेश महासचिव डीएस कौटिल्य, पूर्व जिला अध्यक्ष सरदार जसपाल सिंह, बंटी छीना, जनार्दन सिंह, सोनू गुप्ता, जावेद मलिक, दिनेश यादव, महेश चंद पांडे, जगत सिंह बिष्ट, महावीर सिंह, मोहम्मद नासिर, सीपी अधिकारी, एनके पटेल, मोहम्मद वसीम, ललित पंत, मनोज शाही, रफी अहमद, विनय मंडल आदि मौजूद रहे।

**पहल** 399320 उपभोक्ताओं के घरों और उद्योगों में मई माह से लगेंगे मीटर, सर्वे शुरू, यूपीसीएल 265 .59 करोड़ खर्च करेगा

# ऊधमसिंह नगर जिले में बिजली चोरी रोकेंगे स्मार्ट मीटर



बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** राज्य में बिजली चोरी के सबसे अधिक मामले ऊधमसिंह नगर में देखने को मिलते हैं। इसे रोकने के लिए यूपीसीएल ऊधमसिंह नगर में मई माह में 399320 घरेलू, व्यावसायिक और सिडकुल क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने शुरू कर देगा। इसके लिए अडानी ग्रुप से अनुबंध हुआ है और इसका सर्वे भी शुरू हो गया है।

यूपीसीएल को जिले में बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए आरडीएसएस योजना के तहत केंद्र सरकार से मिले 555.15 करोड़ की धनराशि से करीब 265.59 करोड़ रुपये स्मार्ट मीटर को लगाने में खर्च करेगा। जबकि 289.46 करोड़ रुपये अन्य इंफ्रास्ट्रकचर को बनाने में खर्च कर रहा है। यूपीसीएल की टीम मई माह से पुराने मीटर हटाकर उनकी जगह स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर देगी। इसके बाद उपभोक्ताओं को एसएमएस के जरिये इस्तेमाल की गई यूनिट की जानकारी समेत कई अन्य जानकारियां फोन पर मिलेगी। इन मीटरों के लगने के बाद उपभोक्ताओं को न तो मीटर रीडिंग की टेंशन रहेगी और न ही बिल भुगतान को लेकर लाइन में खड़ा होना पड़ेगा। इसके लिए उपभोक्ताओं को एक ऐप डाउनलोड करना होगा।

### उपभोक्ताओं को क्या होगा फायदा

- स्मार्ट मीटर को फोन से रिचार्ज करना होगा।
- स्मार्ट मीटर में बिना रिचार्ज किए बिजली नहीं जला पाएंगे।
- रिचार्ज के प्लान के मुताबिक बिजली खपत कर सकेंगे।
- स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को पहले से ही पता होगा कि कितना बिजली बिल खपत करना है।
- अगर आप घर से बाहर जाते हैं तो आपको एक भी रुपये नहीं देने होंगे।

### यूपीसीएल को क्या होगा फायदा

- कंट्रोल रूम से यूपीसीएल प्रत्येक उपभोक्ता पर नजर रखेगा।
- कंट्रोल रूप से बैठकर बकायेदारों का कनेक्शन सीधे काट सकते हैं।
- मीटर से आगे कट या चिप लगाकर चोरी और छेड़खानी पकड़ में आयेगी।
- मैन पावर बचेगी और मीटर रीडिंग के लिए घर-घर नहीं जाना होगा।

### स्मार्ट मीटर कनेक्ट होंगे कंट्रोल रूम में बने सॉफ्टवेयर से

रुद्रपुर। यूपीसीएल के अधिकारियों के अनुसार स्मार्ट मीटर पर नजर रखने के लिए एक कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। इसके लिए जिले के सब स्टेशनों के फीडर में 460 स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। ये सभी स्मार्ट मीटर कंट्रोल रूम में लगे सॉफ्टवेयर से कनेक्ट होंगे। मीटर खराब होने या मीटर में छेड़खानी होने पर सीधे सूचना कंट्रोल रूम में आयेगी। इसके बाद यूपीसीएल की टीम कार्रवाई करेगी।

### क्या है स्मार्ट मीटर

स्मार्ट मीटर एक बिजली मीटर की ही तरह होता है। खास बात यह है कि इस मीटर से घर में बिजली लेने से पहले रिचार्ज करना होता है। रिचार्ज करने के बाद ही आप बिजली का उपयोग कर सकते हैं और जैसे ही आपके मीटर का रिचार्ज खत्म होता है वैसे ही बिजली आपूर्ति भी बंद हो जाएगी।

ऊधमसिंह नगर में अगले माह से आरडीएसएस योजना के तहत करीब 399320 घरेलू, व्यावसायिक और सिडकुल क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाये जाने शुरू हो जाएंगे। सर्वे का काम चल रहा है। इस कार्य के लिए अडानी ग्रुप से अनुबंध हुआ है। इसमें 265 .59 करोड़ रुपये खर्च होंगे।
**-शेखर त्रिपाठी, अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण खंड रुद्रपुर**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 9756032977, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### डीजे पर डांस को लेकर युवकों के दो गुट भिड़े

**खटीमा :** चकरपुर में शादी समारोह में डीजे पर डांस करने को लेकर उपजे विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। मारपीट से शादी समारोह में अफरा-तफरी मच गई। चकरपुर बंदा के एक घर में सोमवार को शादी समारोह से पूर्व महिला संगीत का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान डीजे में डांस करने को लेकर युवकों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते युवक आपस में भिड़ गए और दोनों पक्ष एक दूसरे पर खाली बोतलें व लाठी-डंडे चलाने लगे। इससे महिला संगीत समारोह में अफरा-तफरी मच गई। मारपीट में दोनों पक्षों के आधा दर्जन युवकों को चोटें आईं। घायलों ने एक निजी अस्पताल में उपचार कराया। चकरपुर पुलिस चौकी प्रभारी प्रियांशु जोशी ने बताया कि डीजे में डांस को लेकर हुई मारपीट के मामले में किसी की ओर से तहरीर नहीं दी गई है।

### चकरपुर क्षेत्र में गुलदार देखे जाने से दहशत

**खटीमा :** खटीमा रेंज के अंतर्गत चकरपुर के वनसीमा से सटी शिव कॉलोनी में गुलदार के देखे जाने के बाद ग्रामीणों में दहशत है। एक पखवाड़े पूर्व जंगली जानवर ने हमला कर एक वृद्धा को घायल कर दिया था। आठ अप्रैल को चकरपुर निवासी वृद्धा गौरी देवी को उस समय जंगली जानवर ने हमला कर घायल कर दिया था जब वह खटीमा रेंज के उत्तरी बनबसा कंपार्टमेंट में बकरी चरा रही थी। इसके बाद से ही ग्रामीणों में दहशत है। इधर बीते दिवस चकरपुर में वन सीमा से सटी शिव कॉलोनी के पास सनिया नाले के क्षेत्र में आबादी की ओर एक गुलदार देखा गया। ग्रामीणों ने शोर मचाया तो गुलदार जंगल में चला गया। ग्रामीणों ने वन विभाग को अवगत करा दिया है।

### झपटमारी गिरोह का सदस्य दबोचा

**किच्छा :** पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने झपटमारी गिरोह के एक सदस्य को तमंचे एवं कारतूस के साथ दबोच लिया। पुलभट्टा थाना प्रभारी रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि विगत 7 फरवरी को ग्राम सतुईया, थाना पुलभट्टा निवासी पूरन लाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम निवासी बंटी एवं उमेश ने पीड़ित के साथ मारपीट कर 10 हजार रुपये की नगदी के अलावा पेन कार्ड व आधार कार्ड छीन लिया और फरार हो गए। देर रात्रि चेकिंग के दौरान बरा क्षेत्र में निर्माणाधीन वेयरहाउस के पास ग्राम सतुईया निवासी आरोपी बंटी नाथ को पुलिस टीम ने दबोच लिया। आरोपी बंटी नाथ की निशानदेही पर 315 बोर का तमंचा, एक कारतूस के अलावा काले रंग का पर्स, पीड़ित पूरन लाल का पेन कार्ड व आधार कार्ड बरामद कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश में भी अभियोग पंजीकृत हैं।

---

तरनतारन के मियां विंड पहुंची पुलिस की टीम, 82 की कार्रवाई का नोटिस लगाया, जल्द हो सकती है कुर्की

# हत्यारोपी सर्वजीत के घर पर चस्पा किया नोटिस

तरसेम हत्याकांड

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के शूटर सर्वजीत की गिरफ्तारी नहीं होने के बाद अब पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके चलते पुलिस की टीम ने फरार हत्यारोपी के घर मियां विंड जाकर नोटिस चस्पा कर न्यायालय में पेश होने का आदेश पत्र चस्पा किया है। इसके बाद भी फरार आरोपी पेश नहीं होता है, तो पुलिस हत्यारोपी के घर की कुर्की कर सकती है।


हत्यारोपी सर्वजीत सिंह।

28 मार्च की सुबह छह बजे नानकमता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की बाइक सवार सिख व्यक्तियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्याकांड में जहां एसटीएफ व हरिद्वार पुलिस ने मुठभेड़ में गोली चलाने वाले शूटर


हत्यारोपी के मियाविंड पंजाब स्थित घर पर नोटिस चस्पा करती पुलिस।

अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा निवासी सिहोरा बिलासपुर यूपी को मार गिराया था। वहीं हत्याकांड के दौरान बाइक चलाने वाले दूसरा शूटर मियां विंड तरनतारन पंजाब निवासी सर्वजीत सिंह फरार हो गया था। उसकी तलाश में 13 टीमों ने कई स्थानों पर दबिश दी। बावजूद इसके हत्यारोपी पुलिस की पकड़ से दूर रहा। इसके बाद पुलिस ने न्यायालय में प्रार्थना डालकर कुर्की की कार्रवाई का आदेश प्राप्त किया और कार्रवाई के पहले चरण में एसओजी प्रभारी संजय पाठक और निरीक्षक हरेंद्र मलिक के नेतृत्व में टीम सोमवार को रवाना हुई। जहां मंगलवार को पंजाब पुलिस के साथ टीम ने हत्यारोपी सर्वजीत सिंह के घर मियां विंड तरनतारन पंजाब 82 की कार्रवाई का नोटिस चस्पा किया। उधर, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि गिरफ्तारी के अथक प्रयास करने के बाद भी हत्यारोपी फरार चल रहा है। इसके बाद पुलिस ने न्यायालय से आदेश पत्र लेकर 82 की कार्रवाई की। इसके बाद भी हत्यारोपी सर्वजीत न्यायालय में पेश नहीं हुआ तो नियमानुसार कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

---

# खेतों में आग लगने से किसान हो रहे आहत

- एसई ने दिए अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश
- तार ठीक करने के साथ पेड़ों की छंटनी करने के निर्देश दिए

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** तराई में गेहूं की कटाई की चल रही है। इस कारण कई स्थानों पर हाईटेंशन लाइन और अन्य कारणों से गेहूं के खेत में आग लगने की सूचनाएं भी आ रही हैं। इसको देखते हुए यूपीसीएल अलर्ट मोड पर है। यूपीसीएल के अधिकारियों ने सभी कर्मचारियों को लाइन और अन्य व्यवस्था को ठीक करने के निर्देश दिए हैं। वहीं तैयार गेहूं के खेत में आग लगने की घटना से किसान काफी परेशान हैं।

विगत दिनों किच्छा, बाजपुर समेत कई स्थानों पर गेहूं के खेतों में आग लग गयी थी। इसमें कई किसानों की तैयार गेहूं की कई एकड़ फसल आग की भेंट चढ़ गयी थी। हालांकि किसान इसका कारण खेतों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को मान रहे हैं। वहीं यूपीसीएल के अधीक्षण अभियंता शेखर त्रिपाठी ने बताया कि गर्मी के मौसम में आग कई कारणों से लग सकती है। यूपीसीएल ने गेहूं की फसल कटने से पहले ही सभी जंपरों को ठीक करवा दिया था। इसके अलावा सभी अधिकारियों को बिजली की जो लाइनें ढीली हैं उसकी मरम्मत करने के निर्देश दिए हैं। तार के आसपास जो भी पेड़ हैं और अगर उनकी टहनियां तार को छू रही हैं तो छंटनी करने के निर्देश दिए गए हैं।

---

# शराब के लिए डांटने पर सबक सिखाने को आरोपी ने रेत दिया था बच्चे का गला

सीओ ने किया खुलासा, नदीम की पत्नी से था नाराज, हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

खुलासा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** चैती मेले में जूस का स्टॉल लगाने वाले व्यक्ति के 13 महीने के बेटे का गला रेतकर हत्या के प्रयास के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नदीम की पत्नी द्वारा शराब के लिए डांटना आरोपी को नागवार गुजरा। पत्नी को सबक सिखाने के आरोपी ने घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश किया।

मंगलवार को थाना आईटीआई में मामले का खुलासा करते हुए सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि चैती मेले में जूस की दुकान लगाने आए सहारनपुर के बासठकुटा रोड राशिद गार्डन निवासी मोहम्मद नदीम ने सोमवार को डायल 112 नंबर पर कॉल कर अपने बच्चे की गायब होने की सूचना दी थी। साथ ही तहरीर देकर बताया कि उसके साथ गांव का ही आशु निवासी रहमानी चौक, हबीबगढ़ रोड, सहारनपुर काम करता है। जो रविवार रात आठ बजे उसके 13 महीने के बच्चे को खिलाने के बहाने ले गया और रात 11.30 बजे तक वापस नहीं आया। काफी फोन करने के बाद बोला कि अभी आ रहा हूं, उसके बाद भी वह नहीं आया। जिसके बाद पुलिस के कहने पर आशु रात करीब तीन बजे बिना बच्चे के आया। बच्चे के बारे में पूछने पर वह गुमराह करता रहा। इस बीच दूसरे दिन सुबह 6 बजे बच्चा बाजपुर रोड पर झाड़ियों में किसी को पड़ा हुआ मिला था। जिसका गला रेंता हुआ था और शरीर पर चोट के निशान भी थे। मामले में पुलिस ने आशु से सख्ती से पूछताछ की, तो उसने बताया कि वह नशे का आदी है और नदीम के साथ जूस की दुकान में काम करता है। रविवार को नदीम की पत्नी ने उसे शराब पीने को लेकर डांटा, जो उसे अच्छा नहीं लगा। इसलिए उसको सबक सिखाने के लिए शाम को वह बच्चे को लेकर गया और चैती चौराहे स्थित शराब के ठेके से शराब खरीद कर पी। बाद में अपने पास रखे चाकू से बच्चे का गला काट कर बच्चे को मरा समझ वही ठेके के सामने झाड़ियों में बच्चे को फेंक दिया और चाकू भी वही छिपा दिया। चाकू को पुलिस ने उसकी निशानदेही पर बरामद कर लिया है। सीओ ने बताया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। पुलिस टीम में थाना आईटीआई प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी, एसआई जीवन सिंह चुफाल, हेड कांस्टेबल शेखर बनकोटी शामिल रहे।


गिरफ्तार आरोपी के साथ मामले का खुलासा करतीं सीओ अनुषा बडोला।

### 30 हजार रुपये के लेनदेन का मामला भी आया सामने

**काशीपुर :** बच्चे के हत्या के प्रयास में पैसे के लेनदेन की बात निकलकर भी सामने आई है। रुपये नहीं मिलने से भी आरोपी गुस्से में था और नशे की हालत में उसने घटना को अंजाम दिया। आरोपी आशु को नदीम से करीब 30 हजार रुपये भी लेने थे। जिसको लेकर उनके बीच तीखी बहस भी हुई थी और नदीम ने मेले के बाद हिसाब करने की बात बोली थी। जिससे आरोपी गुस्से में था और नदीम की पत्नी के शराब के लिए डांटने पर उसका गुस्सा और अधिक बढ़ गया। जिसके बाद उसने घटना को अंजाम दिया।

---

# आग से गेहूं की फसल जलकर राख

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** अज्ञात कारणों से लगी आग में किसान की गेहूं की फसल का ढेर पूरी तरह से जलकर राख हो गया। किसान ने रंजिशन उसकी गेहूं की फसल को जलाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने अग्निकांड में करीब एक लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया है।

ग्राम सरकड़ी निवासी मोहन लाल ने अपने करीब एक-डेढ़ एकड़ गेहूं की फसल कटवाकर खेत में ही ढेर लगवा दिया था। इसी बीच सोमवार की देर रात करीब 9 बजे अज्ञात कारणों से गेहूं की फसल के इसी ढेर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड यूनिट प्रभारी एफएफएम चंदन सिंह की अगुवाई में दमकल कर्मियों की टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई, लेकिन तब तक पूरी फसल राख में तब्दील हो चुकी थी।

वहीं पीड़ित किसान ने एक व्यक्ति पर रंजिशन उसकी गेहूं की फसल में आग लगाने का शक जाहिर किया है। साथ ही इससे उसे करीब एक लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। दमकल कर्मियों की टीम में फायरमेन मनोज पांडेय, विनोद जोशी, दीपक चंद्र आदि भी शमिल रहे।


जसपुर में ट्रक में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

### सड़क किनारे खड़े ट्रक में लगी आग

**जसपुर :** फैजे आम इंटर कॉलेज के पास मंगलवार सुबह करीब 7 बजे सड़क के किनारे खड़े नई बस्ती, जसपुर निवासी सलीम अहमद के ट्रक में अचानक आग लग गई। इससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा के निर्देशन में फायर स्टेशन से तत्काल फायर यूनिट घटनास्थल पहुंची। फायर यूनिट ने समय रहते ट्रक में लगी को फैलने से रोककर डीजल टैंक को बचा लिया। आग लगने से ट्रक में काफी नुकसान हो गया। फायर यूनिट में रमेश चन्द्र, गोपाल प्रसाद, सुरेश लाल, चन्द्र मोहन आदि शामिल रहे।

**ट्रक में सो रहे हेल्पर की जान बची :** ट्रक में हेल्पर निकट चांद मस्जिद निवासी अमन सोया हुआ था। जैसे ही ट्रक में आग लगी, उसने किसी तरह ट्रक से निकल कर अपनी जान बचाई और ट्रक मालिक को घटना की सूचना दी।

### ग्राम रामजीवनपुर में कच्चे घर में लगी आग

**बाजपुर :** ग्राम रामजीवनपुर में सुमिरन के कच्चे घर में सोमवार की देर रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। जब तक ग्रामीण आग बुझाने दौड़े तब तक आग बेकाबू हो चुकी थी। भीषण आग लगने की सूचना मिलने पर दमकल कर्मी भी तत्काल मौके पर पहुंच गए और बमुश्किल आग पर काबू पाया। अग्निकांड में गेहूं, चावल, कपड़े, बिस्तर आदि सामान जलकर राख हो गया। वहीं बाहर खड़ा टेंपो व नजदीक रखे कुछ उपले भी जल गए हैं। ग्रामीणों ने टेंपो व अधिकांश उपलों को बचा लिया। इस अग्निकांड में करीब 60-70 हजार रुपये के नुकसान की बात कही जा रही है। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से मौका मुआयना कर पीड़ित को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

---


खटीमा के कुमाऊं जल संस्थान परिसर में प्रदर्शन करते और ज्ञापन सौंपते वार्डवासी।

### पानी नहीं मिलने से गुस्साए वार्डवासियों ने किया प्रदर्शन

**खटीमा :** कुमाऊं जल संस्थान से सुचारू जलापूर्ति न मिलने से त्रस्त वार्ड 16 वासियों ने जल संस्थान कार्यालय पर पहुंचकर नारेबाजी की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तत्काल सप्लाई दुरुस्त नहीं हुई तो वे धरना प्रदर्शन को मजबूर होंगे। उन्होंने इस आशय का ज्ञापन अधिशासी अभियंता अजय कुमार को सौंपा। वार्ड संख्या 16 वासियों ने एसडीओ को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि कलसी वाली गली सहित मोहल्ले को जलापूर्ति सुचारू नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि मेन पाइपलाइन 40-50 वर्ष पूर्व में डाली गई थी। तब केवल छह कनेक्शन थे जो आज 50-60 कनेक्शन हो गए हैं। वहीं डिग्री कॉलेज रोड पर पाइप लाइन से काला पानी आ रहा है। इसके बारे में कई बार कहा गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने तत्काल कार्रवाई करने की मांग की। एसडीओ अजय कुमार ने एक सप्ताह में व्यवस्था दुरस्त करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में विमल कुमार, अनमोल अग्रवाल, बबलू सैफी, उमेद सिंह अधिकारी मौजूद रहे।

### युवक ने आत्महत्या का प्रयास किया

**काशीपुरः** अज्ञात कारणों के चलते युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने कोशिश की। उसको गंभीर अवस्था में एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत देख उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है।

मोहल्ला गंज निवासी 32 वर्षीय मुकेश जागरण मंडली में काम करता था और सोमवार रात को जागरण कर घर आया और अपने कमरे में चला गया। सुबह परिजनों ने उसे उठाया तो कमरा अंदर से बंद था और आवाज देने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं होने पर परिजनों ने बड़ी मुश्किल से दरवाजा खोला, तो देखा कि मुकेश फर्श पर अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। साथ ही सिर में चोट व गले में निशान थे। इसके अलावा पंखे की एक पंखुड़ी मुड़ी हुई थी।

---

# घर के आगे कूड़ा डालने से रोका तो महिलाओं को पीटा

- मामला दूधिया नगर का, शादी का था माहौल
- गर्भवती सहित पांच महिलाएं हुईं चोटिल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** रंपुरा चौकी इलाके के दूधिया नगर में पड़ोसी द्वारा एक घर के सामने कूड़ा डाल दिया गया। जिस घर के सामने कूड़ा डाला गया था वहां शादी समारोह था और घर पर मेहमानदारी में महिलाएं मौजूद थीं। आरोप था कि विरोध करने पर पड़ोसी पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया और महिलाओं को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इसमें एक गर्भवती सहित पांच महिलाएं चोटिल हो गईं। हाईवे पर लोगों का जमावड़ा लग गया और सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली।


दूधिया नगर में बवाल व मारपीट के बाद हाईवे पर बैठी घायल महिला व लगी भीड़। ● अमृत विचार

देर रात दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो गया।

दूधिया नगर में एक युवक के घर शादी समारोह था और सोमवार की शाम सात बजे घर से बारात निकली, जबकि घर पर युवक का भाई व मेहमानदारी में आई कई महिलाएं मौजूद थीं। शाम साढ़े सात बजे पड़ोसी ने अपने नाली का कूड़ा निकालकर शादी समारोह वाले युवक के घर के आगे डाल दिया। इससे घर के सामने गंदगी हो गई। आरोप था कि जब घर में युवक के भाई ने विरोध किया, तो कहासुनी होने लगी और देखते ही देखते पड़ोसी पक्ष के दर्जनों लोग लाठी डंडे लेकर आए और युवक को बेरहमी से पीटने लगे। चीख पुकार की आवाज सुनकर जब मेहमानदारी में आई महिलाओं ने रोकने का प्रयास किया, तो हमलावरों ने महिलाओं को भी दौड़ा-दौड़ाकर पीटना शुरू कर दिया और जान बचाकर भागी महिलाएं किच्छा हाईवे तक पहुंच गईं। यहां भी हमलावरों ने पीछा कर महिलाओं को चोटिल कर दिया। इसमें एक गर्भवती महिला, सुधा देवी, वीरवती सहित पांच महिलाएं घायल हो गईं। महिलाओं का आरोप था कि हमलावरों ने गले से सोने की चेन, मंगलसूत्र भी लूटा। मामला रंपुरा चौकी पहुंचा, तो पुलिस ने घटना की जानकारी ली। इसी दौरान दोनों पक्षों का चौकी में जमावड़ा लग गया और संभ्रांत लोगों की मौजूदगी में दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

---

आरोप | पंतनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज

# लीज में ली फैक्ट्री का 54 लाख रुपये किराया हड़पा

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचारः** सिडकुल में लीज पर ली फैक्ट्री के पते पर धोखाधड़ी से दूसरी कंपनी पंजीकृत कराने सहित किराए का 54 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पंतनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित जान से मारने की धमकी देने आदि की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिडकुल के सेक्टर छह की एम/एस इवयोम टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर चंद्रकांत अरोड़ा ने कोर्ट को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने गुरुग्राम हरियाणा निवासी रोहित ढींगरा और बायोकेम इंडिया रिसर्च एंड डेवलपमेंट कंपनी के डायरेक्टर रहमान शरीफ को अपनी फैक्ट्री विभिन्न शर्तों के साथ 29 नवंबर 2022 को पांच साल के लिए लीज पर दी थी। कुछ दिन बाद रोहित ढींगरा ने उनसे बायोकेम इंडिया रिसर्च एंड डेवलपमेंट कंपनी के पक्ष में लीज डीड बदलने की बात कही। लेकिन रोहित ढींगरा ने बिना कोई नया एग्रीमेंट दस्तखत किए या उसकी सहमति लिए कूटरचित सहमति पत्र पर उसके फर्जी हस्ताक्षर करके आरओसी विभाग में लगाकर, उसकी फैक्ट्री के पते पर अपनी नई कंपनी को 19 दिसंबर 2022 को रजिस्टर करवा दिया। उसे जब इसकी जानकारी हुई तो उसने उन्हें फोन करके आपत्ति दर्ज कराई। जिसके बाद वह उस पर अपनी कंपनी को बिना किसी उचित एग्रीमेंट के उसी स्थान से चलाने के लिए दवाब बनाने लगे। उसके मना करने पर वह उसे धमकाने, गाली गलौच और जान से मारने व अन्य किसी मामले में फसाने की धमकी देने लगे।

उसने जब पुलिस से शिकायत करने की बात कही तो उन्होंने 23 फरवरी 2023 को कंपनी रातोंरात उनकी फैक्ट्री से शिफ्ट कर ली। उनके ऊपर उसका 42 महीने का किराया 54 लाख रुपये बकाया है। उसने पंतनगर पुलिस और एसपी से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### बैंक में जमा धन पर ज्यादा ब्याज देने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी

**काशीपुर :** बैंक में जमा धन पर ज्यादा ब्याज देने के नाम पर एक व्यक्ति ने खाता धारक से 25 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र निवासी भगवान दास ने पुलिस को बताया कि कुछ समय पूर्व उसकी जान पहचान ग्राम देवीपुरा, मुरादाबाद निवासी व्यक्ति से हुई। उसने बताया कि उसकी खुद की बैंकिंग कम्पनी है, जो कि भारतीय रिजर्व बैंक से मान्यता प्राप्त है। केंद्र सरकार से बैंक को विशेष छूट प्राप्त है। जिस कारण वह अपने बैंक में जमा रकम पर दस प्रतिशत वार्षिक ब्याज देता है और यदि जिस महीने ब्याज नहीं लोगे, तो ब्याज मूल धन में जुड़कर रकम बढ़ जायेगी यानि चकवर्ती ब्याज भी मिलेगा। पीड़ित का कहना है कि उसकी बातों पर विश्वास कर उसने पच्चीस लाख रुपये उसे दिये। उसके बाद उस व्यक्ति ने इसी योजना कई और लोगों से भी लाखों रुपये ले लिये और सबको झांसा देकर 12 अप्रैल 2024 से चंपत हो गया। जिसके बाद वह न फोन उठा रहा है और न ही कोई जवाब दे रहा है। इसके द्वारा दिए गए चेक भी अनाद्रित हो गए हैं। पीड़ित ने तहरीर में कहा है कि यह व्यक्ति लोगों को धोखा देकर पांच करोड़ रुपये से अधिक ठग चुका है। 22 अप्रैल को दिन में जब वह व्यक्ति उसे मिला, तो उसने अपने रुपये वापस मांगे। इस पर आरोपी आग बबूला होकर जान से मरवाने की धमकी देने लगा। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

---

# दुकान का ताला तोड़कर उड़ाई नगदी

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** रेलवे स्टेशन रोड स्थित एक प्रतिष्ठान की आधा घंटे तक रेकी करने के बाद चोर ने ताला तोड़कर नगदी सहित सामान पार कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। सीसीटीवी कैमरा खंगालने पर मास्क लगाए चोर को देखा गया।

रेलवे स्टेशन रोड स्थित महेंद्र आयरन स्टोर के स्वामी रामजी डाबर मंगलवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो देखा दुकान का गल्ला और कागजात बाहर पड़े थे। उन्होंने घटना की सूचना तत्काल बाजार चौकी को दी। इस पर चौकी प्रभारी संदीप पिलख्वाल ने दुकान पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। दुकान स्वामी रामजी ने बताया कि दुकान के गल्ले में आठ हजार की नगदी और तीन-चार हजार की रेजगारी थी जो चोर उड़ा ले गया। उन्होंने कहा कि दुकान का क्या समान चोरी हुआ है अभी पता नहीं है।


खटीमा में दुकान में हुई चोरी के बाद पूछताछ करती पुलिस। ● अमृत विचार

यह भी बताया की चोर सीसीटीवी कैमरे का तार और डिब्बी ले गया है। पुलिस ने कैमरे की डीबीआर कब्जे में ले ली है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले जिसमें मास्क लगाए संदिग्ध युवक दिखाई दे रहा है। कैमरे में संदिग्ध युवक रात्रि 2.28 बजे से सड़क पर टहलता देखा गया है और 2.59 बजे उसने घटना को अंजाम दिया है। भाजपा नगर महामंत्री मनोज वाधवा ने पुलिस ने रात्रि में पुलिस की गश्त बढ़ाने की मांग की है।



बाजपुर में निकली ध्वज यात्रा में शामिल श्री हनुमान की झांकी।



बाजपुर में निकली भव्य पद ध्वज यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल ध्वज यात्रा निकाली

## बाजपुर में श्री हनुमान जी सेवा संकीर्तन मंडल बालाजी घाटा बांकेनगर के तत्वावधान में किया गया आयोजन, श्रद्धालुओं ने की पुष्पवर्षा

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** श्रीहनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार को मंदिरों में हवन-पूजन आदि धार्मिक कर्मकांड हुए। श्री हनुमान जी सेवा संकीर्तन मंडल श्री बालाजी घाटा बांकेनगर के तत्वावधान में मंदिर में विधि-विधान से पूजा की गई। शाम चार बजे विशाल पद ध्वज यात्रा श्रीहनुमान मंदिर अनाज मंडी बाजपुर से निकाली गई, जोकि गुरुद्वारा साहिब रोड, भगत सिंह चौक से होते हुए मंदिर स्थल पर पहुंची। शाम के वक्त भंडारे का आयोजन हुआ तथा रात में भव्य दरबार सजाया गया। वहीं ध्वज यात्रा में हजारों की संख्या में महिला-पुरुष व बच्चे श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान भगत सिंह व बेरिया मोड़ पर आतिशबाजी भी की गई। अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा की। इसी प्रकार मोहल्ला संजय कालोनी स्थित श्री बाला जी घाटा मंदिर में भी धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर हनुमान चालीसा का पाठ व महाआरती की गई।

**राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान की भव्य शोभायात्रा निकाली**

**नानकमत्ता:** हनुमान जन्मोत्सव पर सनातन धर्म मन्दिर समिति ने नगर के मुख्य मार्ग पर राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की भव्य शोभायात्रा निकाली। झांकी सनातन धर्म मंदिर से विधिवत पूजा पाठ के बाद बालाजी के भजनों के साथ आरंभ हुई। इस मौके पर महेश कुमार गोयल, छगनलाल अग्रवाल, वरुण अग्रवाल, मनोज गर्ग, प्रमोद अग्रवाल, विराट गोयल, निवर्तमान नगरपंचायत अध्यक्ष प्रेमसिंह टुरना, व्यापार मंडल अध्यक्ष दिनेश गोयल, सत्यनारायण मित्तल, भवानी जोशी आदि मौजूद रहे।



खटीमा के डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी में अशोक वाटिका का दृश्य।

### खटीमा में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम

**खटीमा :** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फॉर्म में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर्व पर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। वहीं विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हनुमान का वेश धारण कर श्रीराम भजन में सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने किया। इस अवसर पर डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, मनीष चंद, विक्टर आईवन, शिल्पा सक्सेना, लिंसी त्यागी, ऊषा भट्ट, ऊषा चौसाली, हेमलता बोरा आदि थे। रामकुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गिरीश जोशी के दिशा निर्देशन में भैया-बहनों द्वारा हनुमान चालीसा, संकट मोचन स्तुति और भजन- कीर्तन प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य भगत सिंह बोरा, विनोद चिलकोटि ने बच्चों को बधाई दी। इधर चकरपुर में हनुमान मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई और मंदिर में हनुमान चालीसा और भजन कीर्तन किए गए। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष गणेश जोशी, बहादुर सिंह महर, देशराज पांडे, हेमराज पांडे, राजू कुंवर, भुवन महर, कल्पना कन्याल, लक्ष्मी देवी, शकुंतला देवी, नीरज कुंवर आदि मौजूद रहे।



दिनेशपुर के श्री बालाजी मंदिर में महंत राजेंद्र अग्रवाल का स्वागत करते भक्त।

### आज मंगलवार है, महावीर का वार है....

**दिनेशपुर :** श्री हनुमान जन्मोत्सव पर श्री बालाजी मंडल के महंत राजेंद्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार भक्तों द्वारा सामूहिक रूप से श्रीबालाजी मंदिर परिसर में सजाया गया। इस मौके पर श्रीबालाजी महाराज, श्रीभैरव बाबा एवं श्रीप्रेतराज सरकार जी का चोला श्रंगार हुआ। इस दौरान भव्य दरबार सजाया गया एवं विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। मंगलवार को श्री बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित श्री बालाजी महाराज के दरबार का विधिवत शुभारंभ अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित कर किया। भक्तों द्वारा श्रीगुरु वंदना व श्रीगणेश वंदना एवं श्रीहनुमान चालीसा का पाठ किया गया। दरबार में पहुंचने पर महंत राजेंद्र अग्रवाल का भक्तों द्वारा फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। महंत राजेंद्र अग्रवाल ने आज मंगलवार है महावीर का वार है... आदि भजन सुनाकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तत्पश्चात महेंद्र अग्रवाल पर दूत महाराज का आह्वान हुआ। सभी भक्तों ने दूत महाराज से परिवार में सुख- शांति व समृद्धि की कामना करते हुए आशीर्वाद लिया। इस दौरान भजनों की श्रृंखला में भक्त शिव कुमार ने श्रीराम जय राम जय जय राम..., नपं पूर्व ईओ हरिचरन सिंह ने छोड़ सारी दुनिया में आया तेरे द्वारे......, बिट्टू अरोड़ा ने दुनिया से मैं हारा, मैं आया तेरे द्वारे......, सुरेश मित्तल ने मेरे सिर पर रख दो बाबा अपने ये दोनों हाथ...., आदि भजन सुनाकर माहौल भक्तिमई कर दिया। इस अवसर पर दिनेश कुमार पाठक, खैरात कुमार, नरेश ग्रोवर, बलदेव डाबर, विजय चिलाना, अधिवक्ता गौरव अग्रवाल, सुधीर गगंनेजा, शम्मी नारंग, लक्ष्मी दत्त पांडे, सुनील बंसल, अजय जायसवाल, लवी अरोरा, मान सिंह कोरंगा, विनोद रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



रोडवेज कर्मचारी यूनियन के नवनियुक्त पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### भूपेंद्र सिंह अध्यक्ष व संदीप कुमार बने मंत्री

**काशीपुर :** उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन शाखा काशीपुर का सर्वसहमति से चुनाव संपन्न हुआ। मंगलवार को हुए चुनाव में भूपेंद्र सिंह शाखा अध्यक्ष, संदीप कुमार मंत्री, मनमोहन सिंह व बलवंत सिंह उपाध्यक्ष, लवकेश कुमार व नरेंद्र कुमार संयुक्त मंत्री चुने गए। महेश सिंह को संगठन और रोहित को कोषाध्यक्ष चुना गया है। जयप्रकाश यादव, प्रीतम दास, कपिल देव चौहान, अमित कुमार चुनाव अधिकारी की देखरेख चुनाव सम्पन्न हुआ।




बाजपुर के पीजी कॉलेज में गोष्ठी को संबोधित करते मुख्य वक्ता डॉ. अनिल सैनी।

### विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया

**बाजपुर :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को राजनीति विज्ञान विभाग तथा एंटी ड्रग सेल के संयुक्त तत्वावधान में 'नशामुक्त देवभूमि' विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता समाजशास्त्र विभाग प्रभारी डॉ.अनिल सैनी ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया। एंटी ड्रग सेल प्रभारी डॉ. दर्शना पंत, राजनीति विज्ञान विभाग प्रभारी डा.बृजेश कुमार जोशी ने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ. वंदना ने किया। इस मौके पर छात्रसंघ सचिव आदर्श कुमार आदि मौजूद रहे।

### अभिभावकों को लूट रहे प्राइवेट स्कूल : बड़ैच



**बाजपुर :** किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव हरमीत सिंह बड़ैच ने कहा कि अभिभावकों को जिस तरह से प्राइवेट स्कूलों और बुकसेलरों द्वारा खुलेआम लूटा जा रहा है, वह बेहद शर्मनाक है। मगर कोई कुछ देखने वाला नहीं है। बड़ैच ने कहा कि एक तरफ सरकार कहती है कि स्कूलों में एनसीईआरटी की सस्ती किताबें पाठ्यक्रम में शामिल हैं, मगर हो रहा इसका उल्टा है। निजी विद्यालय एनसीईआरटी की किताबों के बजाय प्राइवेट प्रकाशकों की किताबों को तवज्जो दे रहे हैं जिनके रेट एनसीईआरटी की किताबों से कई गुना ज्यादा है।

### प्रधानपति की कार गड्ढे में गिरी, हुए घायल

**काशीपुर :** पूर्व प्रधान एवं प्रधान पति की अनियंत्रित हुई कार सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई। हादसे में प्रधान पति गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें गिरीताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोमवार रात कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम बक्सोरा निवासी व प्रधान पति करमजीत सिंह सैनी अपनी कार से घर लौट रहे थे। इस दौरान जब उन्होंने अपनी कार को हाईवे से गांव की तरफ मोड़ा तो कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई। इस दौरान राहगीरों ने इसकी सूचना करमजीत सिंह के भाई को दी। इसके बाद करमजीत सिंह को गिरीताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है।



जसपुर के राधाकृष्ण मंदिर में सुंदरकांड का पाठ करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### जसपुर में हनुमान जी को चोला चढ़ाया गया

**जसपुर :** हनुमान जन्मोत्सव पर नगर के बड़े शिव मंदिर और नगर व ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में हनुमान जी को चोला चढ़ाया गया व भंडारों का आयोजन किया गया। जसपुर-पतरामपुर मार्ग स्थित पायते वाले बड़े शिव मंदिर में हनुमान जी के जन्मोत्सव पर सुंदरकांड का पाठ किया गया। मंदिर के महंत ब्रह्मअवतारपुर गुड्डू के नेतृत्व में हनुमान जी का चोला चढ़ाया गया व प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसके अलावा सब्जी मंडी स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर सनातन धर्म सेवा समिति द्वारा सुन्दर कांड का पाठ किया गया। नगर के ऐतिहासिक ठाकुर मंदिर पर भी हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।



सुल्तानपुर पट्टी में शोभायात्रा से पहले राम दरबार की झांकी। ● अमृत विचार

### सुल्तानपुर पट्टी में भी निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**सुल्तानपुर पट्टी :** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नगर वासियों ने भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा का नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। मनोकामना शिव मंदिर में पंडित शिव कुमार शर्मा ने भगवान के स्वरूपों का विधि विधान से पूजन कराया। शोभयात्रा में भगवान श्री राम सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान जी के स्वरूपों का समाजसेवी राजीव सैनी, विहिप प्रान्त प्रमुख यशपाल राजहंस ने तिलक कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इस मौके पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री राजेश कुमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश सैनी, शिवकुमार गुप्ता, आयुष शर्मा, धर्मेंद्र सैनी, गिरीश मौर्य, नरेश सैनी, राहुल चन्द्रा, अमित सक्सेना, रवि सैनी, अभय मौर्य आदि मौजूद रहे।



कैंची धाम मंदिर में श्री हनुमान का आशीर्वाद लेते विधायक शिव अरोरा।

### रुद्रपुर में जगह-जगह भंडारे हुए आयोजित

**रुद्रपुर :** श्री हनुमान जन्मोत्सव पर शहर में जगह-जगह कई कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान कहीं श्री हनुमान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई तो कहीं दिन भर सुंदरकांड का आयोजन हुआ। हनुमान भक्तों ने जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया था। विधायक शिव अरोरा ने धर्मपुर स्थित कैंची धाम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए और बजरंगबली की आराधना कर क्षेत्र की सुख एवं समृद्धि की कामना की। भाजपा नेता सुरेश गोरी ने हनुमान भक्तों के साथ पंतनगर हल्दी स्थित पुरानी मार्केट में पूजा अर्चना की और क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर अमित पुरोहित, गजेंद्र गंगवार, शुभम कालिया, अंगद सिंह, धर्मेंद्र मिश्रा, मुकेश टम्टा, कमल पांडे, विक्की, अशोक, राजू, किशन सिंह, सियाराम, सोनू, पवन दुबे आदि मौजूद रहे।



किच्छा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित भक्त। ● अमृत विचार

### किच्छा में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया

**किच्छा :** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर देवभूमि फाउंडेशन एवं विश्व हिंदू महासंघ द्वारा संयुक्त रूप से सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कराया गया। इस मौके पर सामूहिक हनुमान चालीसा के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। नगर के हल्द्वानी मार्ग स्थित हनुमान मंदिर में देवभूमि फाउंडेशन एवं विश्व हिंदू महासंघ के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में दर्जनों युवाओं ने शिरकत कर हनुमान चालीसा का पाठ किया और बजरंगबली हनुमान का गुणगान किया। इस मौके पर देवभूमि फाउंडेशन के अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्रा, अंकित राठौर, महेश कुमार, केशव कुमार, पवन कुमार, विश्व हिंदू महासंघ के मुकेश कुमार राठौर, रवि अरोड़ा, प्रताप राठौर, देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

**हालात** काशीपुर व आसपास कई बार आबादी में दिखे हैं भालू, जसपुर, काशीपुर व बाजपुर से सटा है तराई पश्चिम का जंगल

# भोजन और पानी की तलाश में आबादी में आ रहे भालू

राजू वर्मा, काशीपुर

**अमृत विचार:** तराई के जंगलों से सटे आबादी वाली जगहों पर भालू का अचानक मूवमेंट बढ़ा है। भालू के आबादी में दिखने के साथ ही उनके हमलों के प्रयास के मामले भी सामने आए हैं। इससे विशेषज्ञ भी हैरत में हैं। उनका कहना है कि जंगलों में आग की घटनाएं बढ़ रही हैं। भोजन और पानी के संकट की वजह से ही भालू आबादी में आ रहे हैं।

उत्तराखंड के जंगलों में स्लॉथ बियर, ब्लेक बियर और ब्राउन बियर पाए जाते हैं। 2009 में स्लॉथ बियर पर पीएचडी कर चुके विशेषज्ञ डॉ. हरेंद्र सिंह बरगली बताते हैं कि स्लॉथ बियर तराई के जंगलों में पाए जाते हैं। काला भालू पहाड़ों में दिखने को मिलता है। भूरा भालू बर्फबारी के क्षेत्रों में रहता है। काला भालू सबसे खतनाक होता है। उन्होंने बताया कि भालू फल वाले पेड़ व शहद वाली जगहों पर अधिक रहता है। शांत जगह भालू को पसंद होता है। आबादी में भालुओं का दिखना चौकाने वाली बात है। बताया कि गर्मी में जंगलों में आग की घटनाएं बढ़ रही है। आग लगने से भालुओं के भोजन नष्ट हो रहा होगा। तापमान बढ़ने से भालु को पानी की भी अधिक जरूरत होती है। इस लिए भालू आबादी में आ रहे हैं।

गुलदार के बाद भालू दिखने से दहशतः जंगलों में लगातार बाघों की संख्या बढ़ रही है। इससे गुलदार आबादी में आने लगे हैं। कई बार रेस्क्यू कर वन विभाग गुलदार को जंगल छोड़ चुका है। लेकिन अब गुलदार के बाद भालू के दिखने से लोग हमलों को लेकर दहशत में हैं।



बीते दिनों काशीपुर में दिखा भालू।

### यहां आबादी में दिखा भालू

- गढ़ीइंद्रजीत में आबादी में आया था भालू, हमला का किया था प्रयास
- हल्दुआ में आबादी से गुजर रही नहर में पानी पीते दिखा था भालू
- मार्च में गढ़ीनेगी गांव में आ गया था भालू, वन विभाग के पहुंचने पर जंगल भागा
- मार्च में ही फिरोजपुर गांव में लोगों के घरों के पास आया था भालू

### बच्चों के साथ दिखने वाली मादा भालू करती है हमला

**काशीपुर :** विशेषज्ञों की माने तो भालू अक्सर आबादी से दूर ही रहते हैं। बताया कि रुद्रपुर में एक युवक पर बीते कुछ माह पहले हमला कर दिया था। हल्द्वानी में रेंजर पर भालू ने हमला किया। नैनीताल में भी घास लेने गई महिला पर भालू ने हमला किया था। बच्चों के साथ दिखने वाली मादा भालू हमले का प्रयास करती है।



"भालू फलदार पेड़, शहद वाली जगह आदि जगहों पर अधिक दिखते हैं। जंगलों में आग की घटनाएं बढ़ रही है। इससे उनका भोजन नष्ट हो रहा होगा। भोजन और पानी की तलाश में भालू आबादी में आ रहे हैं।

**डॉ. हरेंद्र सिंह बर्गली**, भालू विशेषज्ञ।

# मां तुमी आबार ऐसो, असुर वंशो...

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** मां बसंती पूजा महोत्सव के समापन पर श्रद्धालुओं ने मां की प्रतिमा के साथ नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली। मां तुमी आबार ऐसो, असुर वंशो धशोंकरों... के उद्घोष के साथ मां बसंती व अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों से माहौल गूंजायमान हो गया।

श्रीसार्वजनिक बसंती पूजा महोत्सव के समापन पर महिला संगठन के तत्वावधान में नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां बसंती के चरणों में पुष्प अर्पित कर अबीर-गुलाल चढ़ाया। इस बीच महिलाओं ने मंगल ध्वनि उलू-लू-लू-लू..... के शंख ध्वनि के साथ मंगल गीत गाए। बाद में बसंती की प्रतिमा के साथ श्रद्धालु ग्राम जगदीशपुर के निकट अंधुवा सेतु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने ढोल- नगाड़ों की धुन पर मां बसंती की प्रतिमा के साथ अन्य प्रतिमाओं की आरती की। तत्पश्चात प्रतिमाओं को नदी में विसर्जित किया। इस मौके पर नपं पूर्व अध्यक्ष सीमा सरकार, सुनीता मिस्त्री, शिखा ढाली, मीना मंडल, अनिंदिता सरकार, प्रमिला मंडल, प्रभा राय, सुमित्रा राय, कल्पना मंडल, सीमा मंडल, मृत्युंजय सरकार आदि मौजूद रहे।



दिनेशपुर के निकट अंधुवा सेतु में मां बसंती की प्रतिमा का विसर्जन करते श्रद्धालु।

# जंगलों में आग से लाखों की वन संपदा राख

## राय स्टेट, गोल्फ ग्राउंड और चिलियानौला आदि क्षेत्रों में धधक रहे जंगल, धुआं छाने से पर्यावरण हो रहा प्रदूषित

संवाददाता रानीखेत

**अमृत विचार :** गर्मियां शुरू होते ही क्षेत्र में जंगलों में आग लगने की घटनाएं तेजी से बढ़ने लगी हैं। रानीखेत के राय स्टेट, गोल्फ ग्राउंड और चिलियानौला सहित आसपास के जंगलों में इन दिनों आग लगने से लाखों की वन संपदा राख हो गई। साथ ही धुएं के कारण पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है।

माना जा रहा है कि अराजक तत्वों द्वारा जानबूझकर जंगलों में आग लगाई जा रही है। इससे अमूल्य वन सम्पदा जलकर राख हो रही है। वन महकमे द्वारा जंगलों में लगने वाली आग पर काबू करने के लिए सात क्रू स्टेशन बनाए गए हैं। 30 से अधिक वन कर्मियों को आग से निपटने के लिए तैनात किया गया है। इसके बावजूद आग की घटनाएं रोकना संभव नहीं हो पा रहा है। जंगलों में आग लगने से चारों तरफ धुआं छाया हुआ है। इस वर्ष बर्फबारी न होने व कम बारिश होने से हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। वन क्षेत्राधिकारी तापेश मिश्रा ने बताया कि जंगलों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए सात क्रू स्टेशन रानीखेत रेज में बनाए गए हैं। जिसमें रीची, सोनी, ताड़ीखेत, माल रोड, घिघारीखाल, मजखाली, कालिका, गनियाद्योली शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 30 कर्मियों को यहां तैनात किया गया है। कहा कि जंगलों में वनाग्नि रोकने के लिए लोगों को प्रचार-प्रसार के माध्यम से जागरूक भी किया जा रहा है। बताया कि जंगलों में आग लगाने वाले चार अज्ञात लोगों का चालान भी काटा गया है। जिस पर कानूनी कार्रवाई भी चल रही है। जंगलों की आग को बुझाने के लिए अग्निशमन दस्ता भी सहयोग कर रहा है।



रानीखेत में आग बुझाते अग्निशमन दस्ते के जवान।



अल्मोड़ा के पांडेखोला में जंगल की आग बुझाती फायर विभाग की टीम।

### पांडेखोला में बसासत तक पहुंची जंगल की आग

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** मंगलवार को जिला मुख्यालय अल्मोड़ा से लगे पांडेखाला के जंगल में आग लग गई। आग ने थोड़ी ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और काफी लंबे क्षेत्र में फैल गई। दोपहर के वक्त आग की लपटें आसपास के बसासत वाले इलाकों तक पहुंचने लगी। जिसे देख स्थानीय लोगों ने एनटीडी स्थित अग्निशमन विभाग को इसकी जानकारी दी। सूचना पर फायर सर्विस की टीम अग्निशमन अधिकारी महेश चंद्र के नेतृत्व में तत्काल मौके पर पहुंची। फायर सर्विस की टीम ने मिनी वाटर टैंकर से आग को बुझाना शुरू किया। लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थी कि कर्मचारियों के लिए आग बुझाना मुश्किल हो रहा था। आग को बढ़ते देख फायर स्टेशन से फिर एक टैंकर मय टीम के साथ बुलाया गया। करीब दो टीमों के डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### आग लगाने वालों की सूचना देने पर इनाम

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** जिले में लगातार जल रहे जंगलों को आग से बचाना वन महकमे के लिए चुनौती बनता जा रहा है। अब वन विभाग ने जंगलों में आग लगाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का मन बना लिया है। वन विभाग ने इस संबंध में स्थानीय लोगों से सहयोग मांगा है और जंगलों में आग लगाने वाले लोगों की सूचना विभाग को देने की अपील की है। वन विभाग के अधिकारियों से कहा है कि सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा और उसे विभाग की तरफ से ईनाम भी दिया जाएगा। वन विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि वनाग्नि की अधिकांश घटनाएं अराजक तत्वों द्वारा जंगलों में आग लगाने के कारण हो रही हैं। विभाग ने स्थानीय लोगों से वनाग्नि को बुझाने में सहयोग करने, आग लगाने वाले की शिकायत नजदीकी पुलिस थाने अथवा चौकी में करने, जंगल में जलती बीड़ी व सिगरेट नहीं फेंकने की्पील की।

## बोलेरो की टक्कर से शिक्षिका घायल मुकदमा दर्ज

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** मानिला- भिकियासैंण मोटर मार्ग पर बस के इंतजार में सड़क किनारे खड़ी एक शिक्षिका को एक बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे शिक्षिका घायल हो गई। पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

हल्द्वानी के लामाचौड़ निवासी ललिता परिहार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह सल्ट के राजकीय प्राथमिक विद्यालय कूणीधार में शिक्षिका हैं। बीते दिवस वह भिकियासैंण मोटर मार्ग पर स्कूल के दो बच्चों के साथ बस का इंतजार कर रही थी। तभी तेज रफ्तार बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी। बोलेरो चालक जगदीश बिष्ट मदद करने के बजाय उन्हें धमकाने लगा और अभद्रता करने लगा। लोगों की भीड़ एकत्र होने पर बोलेरो चालक फरार हो गया।

शिक्षिका स्थानीय लोगों की मदद से सीएचसी भिकियासैंण पहुंची। आरोप है कि चालक फिर अस्पताल में पहुंच गया और शिक्षिका को धमकी देने लगा।

## सार-संक्षेप

### भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे अल्मोड़ा के शटलर लक्ष्य

**अल्मोड़ा :** आगामी 27 अप्रैल से 5 मई तक रिपब्लिक ऑफ चाइना के चेंगडू में होने वाले थॉमस कप में एक बार फिर भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी अल्मोड़ा के लक्ष्य सेन करेंगे। उनके साथ उनके पिता डीके सेन भी बतौर भारतीय बैडमिंटन टीम के कोच इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। पिता-पुत्र का जोड़ी इस मुकाबले में दूसरी बार भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रही है। थॉमस कप बैडमिंटन की विश्व प्रसिद्ध टीम चैंपियनशिप है। लक्ष्य सेन के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने बीते वर्ष थाईलैंड में पहली बार यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीता था। लक्ष्य ने हाल ही में फ्रैंच ओपन में तथा ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीते हैं। जिसके चलते उन्होंने पेरिस ओलंपिक हेतु क्वालीफाई कर लिया है। वह ओलंपिक में खेलने वाले उत्तराखंड के पहले बैडमिंटन खिलाड़ी होंगे। लक्ष्य थॉमस कप में भाग लेने को लेकर काफी उत्साहित हैं। लक्ष्य सेन की इस उपलब्धि पर बैडमिंटन संघ उत्तराखंड के सचिव बीएस मनकोटी, जिलाधिकारी विनीत तोमर, एसएसपी देंवेद्र पींचा, विधायक मनोज तिवारी, कैलाश शर्मा, प्रकाश चंद्र जोशी, हेम तिवारी ने बधाई दी है।



अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन अपने पिता व कोच डीके सेन के साथ।

### स्मैक के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार

**अल्मोड़ा :** सोमवार को अल्मोड़ा के कोतवाल जगदीश चंद्र देऊपा के नेतृत्व में पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम चेकिंग कर रही थी। इस दौरान लोधिया बैरियर से लगभग डेढ़ किमी आगे पुलिस टीम को एक युवक संदिग्ध हालत में घूमता दिखाई दिया। संदेह होने पर उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम गौरव बिष्ट (22) उर्फ गोलू निवासी ग्राम गरगूंठ, हवालबाग बताया। पुलिस ने युवक की चेकिंग की तो उसकी जेब से 5.84 ग्राम स्मैक बरामद की गई। युवक के बताया कि वह छोटी पुड़िया बनाकर स्मैक महंगे दामों में बेचता है। कोतवाल जगदीश चंद्र देऊपा ने बताया कि पकड़ी स्मैक की कीमत करीब 1.75 लाख रुपये है।

### बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में भी पारंगत होंगे युवा

**अल्मोड़ा :** एसएसजे विवि में शिक्षा प्राप्त करने वाले युवा अब बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में भी पारंगत हो सकेंगे। इसके लिए विवि के सभी परिसर ओर महाविद्यालयों से चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और उत्तराखंड सरकार के बीच एक समझौता हुआ है। योजना के तहत शेयर बाजार में भविष्य बनाने की चाह रखने वाले एसएसजे विश्वविद्यालय से संबद्ध परिसर और महाविद्यालय के चयनित विद्यार्थियों को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज द्वारा गौरव योजना के तहत वित्तीय शिक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। पूंजी बाजार की बढ़ती मांग को देखते हुए उच्च शिक्षा विभाग ने यह निर्णय लिया है।

### रानीखेत किताब कौतिक की तैयारियों पर की चर्चा

**रानीखेत :** आगामी 10 से 12 मई तक होने वाले रानीखेत क़िताब कौतिक के आयोजन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। कैंट बोर्ड कांफ्रेंस हॉल में हुई बैठक में तैयारियों की समीक्षा की गई। बताया गया कि कई नामी साहित्यकार एवं लोक कलाकार रानीखेत किताब कौतिक में भाग लेंगे। जाने-माने कवि गीत चतुर्वेदी, साहित्यकार भावना पंत, प्रसिद्ध जागर गायिका पद्मश्री बसंती बिष्ट, पद्मश्री शेखर पाठक, पूर्व पुलिस महानिदेशक एवं लोक संस्कृति प्रेमी अनिल रतूड़ी, इतिहासकार पुष्पेश पंत, सहित साहित्य और कला जगत की कई नामचीन हस्तियां रानीखेत किताब कौतिक में भाग लेंगी। बैठक में जानकारी दी गई कि छावनी परिषद बहुद्देशीय सभागार परिसर में होने वाले किताब कौतिक में विभिन्न प्रकाशक एवं हस्तशिल्पियों के स्टॉल लगेंगे। 11मई को पूर्वाह्न किताब कौतिक का शुभारंभ होगा और सांस्कृतिक संध्या दिवंगत लोकगायक प्रह्लाद मेहरा को समर्पित होगी।

# सड़क हादसों में 7 लोग घायल, दो रेफर

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत

**अमृत विचार :** टनकपुर-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार तड़के बिचई के पास हुए हादसे में छह लोग चोटिल हो गए। जबकि टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर मानेश्वर के पास मंगलवार दोपहर दुर्घटना में एक शिक्षक घायल हो गया। दो गंभीर घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिचई के पास एक कार कैंटर (यूके 18 सीए/5400) से जा टकराई। हादसे में बिचई निवासी किरन देवी (65), नीरज सिंह (20), सागर सिंह (18), महेश सिंह (19), मदन सिंह (28) और राधा देवी (23) जख्मी हो गए। घायलों को तुरंत टनकपुर के उप जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉ. मानवेंद्र शुक्ला ने बताया कि गंभीर रूप से घायल मदन सिंह और महेश सिंह को हायर सेंटर रेफर किया गया है। कार सवार सभी लोग पिथौरागढ़ से पूजा कर लौट रहे थे। एसएसआई बीएस बिष्ट ने बताया कि घायलों के परिजनों की ओर से तहरीर मिली है। दुर्घटना के बाद फरार हुए कार चालक की तलाश की जा रही है।

वहीं एनएच पर मंगलवार अपरान्ह मानेश्वर के पास एक कार दीवार से टकरा गई। जीआईसी लोहाघाट के शिक्षक राजेंद्र गिरी चम्पावत में एक विवाह कार्यक्रम से वापस लोहाघाट जा रहे थे। वहां से गुजर रहे लोहाघाट के पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल और प्रधानाचार्य श्याम दत्त चौबे ने घायल शिक्षक को तुरंत अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। पीएमएस डॉ. पीएस खोलिया का कहना है कि शिक्षक की स्थिति खतरे से बाहर है।



टनकपुर उप जिला चिकित्सालय में भर्ती घायल। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप



विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विचार रखते प्रधानाचार्य राकेश चंद्र पांडेय।

### हनुमान जयंती पर जगह-जगह हुए कार्यक्रम

**टनकपुर :** हनुमान जयंती पर मंगलवार को लाला चंभा राम विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य राकेश चंद्र पांडेय ने बताया कि हनुमान जी के चरित्र की सबसे बड़ी विशेषता उनका शक्तिमान होना ही नहीं बल्कि ज्ञान व गुणों का भी सागर होना है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को हनुमान जी का जीवन तप बुद्धि ज्ञान कौशल के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉ देवीदत्त जोशी, प्रबंधक दरबान सिंह करायत के अलावा विद्यालय के आचार्य व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। चम्पावत, लोहाघाट, बनबसा आदि क्षेत्र में भी हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। जगह-जगह भंडारा भी आयोजित किया गया।

### हनुमान जयंती पर किया सुंदरकांड का आयोजन

**अल्मोड़ा :** मंगलवार को जिले भर में हनुमान जयंती का पर्व बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय के थाना बाजार स्थित हनुमान मंदिर, त्रिपुरासुंदरी संकटमोचन हनुमान मंदिर, चौंसली स्थित हनुमान मंदिर समेत जिले के सभी हनुमान मंदिरों में भजन कीर्तनों के साथ ही सुंदरकांड का पाठ किया गया। जिसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। नगर के थाना बाजार स्थित हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड के साथ भजन कीर्तन, हनुमान चालीसा पाठ, बजरंग वाण का पाठ किया गया। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर थाना बाजार स्थित हनुमान मंदिर में जगदीश चंद्र पांडे, महेंद्र पांडे, विनोद वैष्णव आदि मौजूद रहे।



कुमाऊं आयुक्त और डीआईजी ने गुरु गोरखनाथ के किए दर्शन। ● अमृत विचार

### मंडलायुक्त-डीआईजी ने लिया गोरखनाथ का आशीर्वाद

**टनकपुर :** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत और डीआईजी डॉ. योगेंद्र सिंह रावत ने मंगलवार को जनपद चम्पावत के मंच क्षेत्र से लगे बाबा गुरु गोरखनाथ दरबार के दर्शन किए। इस दौरान मंदिर के बाबा लक्ष्मण नाथ महाराज और सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप सिंह महर ने कमिश्नर और डीआईजी का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप सिंह महर सहित ग्रामीणों ने बीएसएनएल 4जी सेवा को जल्द शुरू करने, पेयजल समस्या को दूर करने सहित क्षेत्र की तमाम समस्याओं को दूर करने की मांग कुमाऊं कमिश्नर से की। मंडलायुक्त दीपक रावत ने क्षेत्र के लोगों को भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही यहां की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान गुरु गोरखनाथ मंदिर के मठाधीश योगी रामनाथ ने भी फोन के जरिए आयुक्त से एक हाल बनाने और वॉच टावर को गोरखनाथ मंदिर परिसर में लगाने का आग्रह किया।

# दो लोगों के खातों में वापस कराई धनराशि

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देश पर साइबर ठगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो पीड़ित लोगों के खातों में 49,800 रुपये वापस कराए गए।

साइबर सेल चम्पावत ने सूचना मिलते ही आवेदकों से लेन-देन का पूर्ण विवरण प्राप्त किया और सम्बन्धित यूपीआई तथा नोडल बैंक से सम्पर्क कर आवेदकों के खाते से निकाली गयी धनराशि 49,800 को विधिक कार्यवाही कर आवेदक के खातों में वापस करा दिया। बताया जाता है कि रमेश कुमार निवासी टनकपुर के 30 हजार और भरत कुमार के 19,800 रुपये साइबर ठगों ने उनके खातों से निकाल लिए थे। टीम में पिंकी धामी प्रभारी साइबर सेल टनकपुर, हेड कांस्टेबल बिहारी लाल, रीनू खत्री और आशा शामिल रहे।

### साइबर सेल ने छात्राओं को किया जागरूक

**टनकपुर :** मंगलवार को प्रभारी साइबर सेल पिंकी धामी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने टनकपुर के अटल आदर्श राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं को साइबर अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए उनसे बचने के तरीकों की जानकारी दी। साथ ही महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा के लिए बनाये गए कानूनी प्राविधानों के बारे में भी जागरूक किया गया। इसके अलावा पुलिस हेल्पलाइन तथा उत्तराखण्ड पुलिस एप व गौरा शक्ति एप के बारे में जानकारी दी।

### कॉटेज बनाने के नाम पर एक और व्यक्ति से धोखाधड़ी

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** जिले के तल्ला सल्ट में फर्जी तरीके से जमीन बेचकर उस पर कॉटेज बनाकर लाखों रुपये हड़पने का एक और मामला सामने आया है। मजे की बात यह है कि आरोपी इसी जमीन की रजिस्ट्री और कॉटेज बनाने के नाम पहले भी एक व्यक्ति से लाखों रुपये ऐंठ चुका है। न्यायालय के आदेश पर अब भतरौंजखान थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। लगभग एक पखवाड़े पहले साउथ दिल्ली के न्यू फ्रेंडस कॉलोनी निवासी राजेंद्र कुमार की शिकायत पर न्यायालय द्वारा सनणा भिकियासैंण निवासी भगवत सिंह के खिलाफ भतरौंजखान थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। अब इस मामले में एक और दिलचस्प मोड़ आ गया है। मूल रूप से रामनगर के ढिकुली और वर्तमान में नई दिल्ली के लाडोसरॉय में रहने वाले प्रेम सिंह के साथ भी इसी तरह की ठगी का मामला सामने आया है। उनका कहना है कि वर्ष 2019 में उनका संपर्क भिकियासैंण के सनणा निवासी भगवत सिंह से हुआ। उसने तल्ला सल्ट के राजस्व क्षेत्र अजोली मल्ली में भूमि होने की बात बताकर बारह लाख पच्चीस हजार रुपये में कॉटेल बनाकर देने की बात कही। सौदा हो जाने के बाद 2019 में भूमि की रजिस्ट्री भी कर दी गई और किश्तों में भगवत सिंह को पीड़ित द्वारा पूरे पैसे का भुगतान भी कर दिया गया। लॉकडाउन खत्म होने के बाद जब वह जमीन देखने और उसके दस्तावेजों की पुष्टि के लिए सल्ट तहसील पहुंचे तो पता चला कि अजोली मल्ली में भगवत सिंह के नाम से कोई जमीन है ही नहीं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर हुए कार्यक्रम

**बनबसा :** मैक्सटन स्ट्रांग स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर हुई विभिन्न प्रतियोगिताओ मे छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। मंगलवार को मैक्सटन स्ट्रांग स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर हुए कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक गिरीश चन्द्र जोशी ने किया। इस मौके पर नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के छात्र-छात्राओं ने पपेट शो, कक्षा से 1 से 4 तक के बच्चों को पेड़ पौधों की जानकारी दी। कक्षा 5 से 7 तक क्ले आर्ट से छात्र छात्राओं के द्वारा बहुत माडल बनाने के साथ स्वरचित कविताओं का पाठ किया।


## वर्ग पहेली-49

**बाएं से दाएं**

3. 1. पहचानना, ताड़ना 2. अनुमान करना, दूर से देखकर समझना।
6. 1. शक्ति
7. 1. नीचे की ओर झुकने की क्रिया 2. पैर पड़ना 3. गुण
9. 1. सिनकने की क्रिया या भाव 2. नाक से निकलने वाला कफ़ या मैल।
10. 1. झपटकर या तेज़ी से आगे बढ़ना, तेज़ी से जाना 2. पाने के लिए हाथ बढ़ाना 3. टूट पड़ना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी वस्तु से अंग लगाना या सटाना, स्पर्श करना 2. उंगली या हाथ लगाना 3. दौड़ या खेल की बाज़ी में जा पकड़ना 4. दान के लिए कोई वस्तु स्पर्श करना 5. बहुत हलकी चपत लगाना।
2. ओढ़ने का छोटा कपड़ा, ओढ़नी, दुपट्टा, चुनरी।
4. एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने का साधन, (ट्रांसपोर्ट)।
5. 1. किसी चीज़ में हवा भरना, हवा फूंकने का काम 2. धौंकनी या भाथी से हवा करना, धौंकना 3. भाथी चलाने वाला व्यक्ति 4. धुँकाई, धौंक 5. फूंकने की नली, नरकट।
6. बांस की पतली लचीली फट्टी जिससे टोकरी या पंखे आदि बनाए जाते हैं।
8. 1. पाखंडी व्यक्ति, कपटी, वंचक 2. घमंडी 3. प्रताड़ना।



### वर्ग पहेली -48 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 चि |
| 2 गु | लं | 3 च | | 4 फ़ि | ग | र |
| | | 5 ला | 6 म | | | प |
| 7 सु | र | वा | ह | न | | रि |
| ले | | | ता | | | चि |
| मा | | | | 8 सा | के | त |
| 9 न | हू | स | त | | | |

## सुडोकू-128

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | | 1 | 5 | | | 6 |
| | | 2 | | 3 | 7 | | 5 | |
| | 1 | | | | | 3 | 2 | |
| | 9 | | 8 | | | 5 | | |
| | | 6 | | | | 4 | | |
| | | 7 | | | 2 | | 1 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 2 | | 1 | 6 | | | | |
| 4 | 7 | | | | | | | 3 |

### सुडोकू -127 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 4 | 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 |
| 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 | 7 | 4 | 6 |
| 7 | 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 3 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 8 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 | 2 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 अप्रैल बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा पूर्णरात्रि तक।

**मेष** — आज छोटी-छोटी बातों को तूल देने से बचें। बड़े व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं। ज्ञान अर्जित करने में लगे रहेंगे। कार्यक्षेत्र को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। उच्च अधिकारियों के माध्यम से आपको आज लाभ हो सकता है।

**वृष** — आज समाज के कार्यों में आप रुचि लेंगे। बीमार लोगों को दवाइयों में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। साहित्य और कला में आपकी स्वाभाविक रुचि बढ़ेगी। आज कार्यक्षेत्र का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा। परिवार के लोगों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आज प्रेम संबंधों में धन को लेकर विवाद हो सकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई को लेकर परेशानी होगी। साहस के कारण समाज में यश प्राप्त करेंगे। विवाहेतर संबंधों से पूरी तरह दूरी रखनी चाहिए। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें।

**कर्क** — आज घर में नकारात्मक वातावरण हो सकता है। पति-पत्नी के बीच अहम को लेकर टकराव हो सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। हल्का और सुपाच्य भोजन ग्रहण करें। गैर कानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए।

**सिंह** — आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलेगा। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। सभी काम सुचारू रूप से पूर्ण होंगे। मेहनत का बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। आर्थिक परेशानियों का निराकरण हो सकता है। घर का वातावरण सुखद रहेगा।

**कन्या** — आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। धन की कमी के कारण काम रुक सकते हैं। नौकरीपेशा व्यक्तियों के ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है। धार्मिक स्थल में पर्यटन के लिये जा सकते हैं। कारोबार के लिये आपको समय निकालना पड़ेगा। परिवार का माहौल खुशनुमा होगा।

**तुला** — आज आप सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करेंगे। जीवनस्तर में वृद्धि होगी। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद कम होंगे। रोजगार के नए साधन उत्पन्न होंगे। घर में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती हैं।

**वृश्चिक** — आज दांपत्य संबंधों में अनबन होने की आशंका है। बातचीत के दौरान आपको सावधानी रखनी चाहिए। कुछ मित्र आपके प्रति ईर्ष्या भाव रख सकते हैं। अनावश्यक खर्च बढ़ने से बजट प्रभावित हो सकता है। विद्यार्थियों को करियर को लेकर परेशानी हो सकती है।


**धनु** — आज आपको सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। प्रेमी जन के साथ रोमान्टिक डेट पर जा सकते हैं। बुद्धिमान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है।

**मकर** — आज व्यापार में नया निवेश कर सकते हैं। आपकी कार्यशैली से लोग काफी प्रभावित होंगे। आप परोपकार में धन खर्च करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका काफी अच्छा प्रदर्शन होगा। जीवनसाथी से आपको प्रेरणा मिलेगी। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे।

**कुंभ** — आज आपके आत्मविश्वास और आत्मबल में वृद्धि होगी। व्यापार में लक्ष्यों को समय पर प्राप्त कर लेंगे। घर में धार्मिक वातावरण रहेगा। पिताजी के साथ चर्चा लाभकारी रहेगी। निजी मामलों को बाहरी लोगों से शेयर न करें। रियल एस्टेट में बड़ा निवेश करने से बचें।

**मीन** — आज आपको उदासीन यात्रा करनी पड़ सकती है। दूसरों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप न करें। अपनी भावनाओं को सबके समक्ष व्यक्त न करें। बदहज़मी के कारण लीवर में परेशानी होने की संभावना है। अनावश्यक विचारों के कारण नकारात्मकता महसूस कर सकते हैं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-स्वाती 25 अप्रैल 12.41 तक तत्पश्चात विशाखा।

## आज की फिल्में

**प्रेम दिवाने**
सुबह : 11.40

**धमाल**
रात : 07.11

**मेरा तेरा हीरो**
सुबह : 11.09

**गजनी**
शाम : 04.18

**सचिन : ए बिलियन ड्रीम्स**
सुबह : 09.26

**इन द हार्ट ऑफ द सी**
शाम : 06.33

**दुल्हन**
सुबह : 09.10

**बदलापुर**
रात : 09.20

**राफू चक्कर**
सुबह : 10.31

**वन टू का फोर**
रात : 08.49

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात :09.20 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गर्लफ्रेंड ने एंबुलेंस बुलाने के लिए कॉल किया...
ऑपरेटर - आपको क्या समस्या है?
गर्लफ्रेंड - मेरे पैर की ऊंगली कॉफी टेबल से टकरा गई है
ऑपरेटर - और इसके लिए आप एंबुलेंस बुलाना चाहती हैं?
गर्लफ्रेंड - नहीं, एंबुलेंस तो मेरे बॉयफ्रेंड के लिए है, उन्हें हंसना नहीं चाहिए था।

वीरू- सुना है कि शादियां आसमान में ही तय हो जाती हैं, जय- बिल्कुल ठीक, लेकिन यह भी याद रखना कि तूफान और बिजली भी आसमान से ही कड़कती हैं...।

पंच त्वाऽनुगमिष्यन्ति यत्र यत्र गमिष्यसि ।
मित्राण्यमित्रा मध्यस्था उपजीव्योपजीविनः ॥

पांच लोग छाया की तरह सदा आपके पीछे लगे रहते हैं । ये पाँच लोग हैं – मित्र, शत्रु, उदासीन, शरण देने वाले और शरणार्थी ।

## संपादकीय

# मध्य पूर्व में संकट

इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष मध्य-पूर्व के दो प्रबल विरोधियों के बीच बढ़ते तनाव को उजागर करता है। ईरान-इजराइल जंग का असर वैश्विक राजनीति पर ही नहीं बल्कि दुनिया के व्यापार पर भी पड़ सकता है। यदि भू-राजनीतिक तनाव बढ़ता है तो आपूर्ति में व्यवधान के कारण कमोडिटी की कीमतें बढ़ जाएंगी। वैश्विक स्तर पर, भू-राजनीतिक तनाव के कारण मुद्रास्फीति उच्च बनी रहेगी क्योंकि इससे कच्चे तेल की कीमतें और तांबा, जस्ता, एल्युमीनियम, निकेल आदि वस्तुओं की कीमतें प्रभावित होंगी। तनाव कम करने या शांतिपूर्ण समाधान के लिए संवाद के कूटनीतिक प्रयासों की विफलता के बाद सैन्य कार्रवाई ही एकमात्र विकल्प बचेगा, जिससे क्षेत्रीय तनाव में वृद्धि की संभावना बढ़ जाएगी। हालांकि वैश्विक मंदी की आशंका के बीच भारत को फायदा हो सकता है। क्योंकि भारत विदेशी निवेशकों की पहली पसंद बना हुआ है। भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता देश है। वह अपनी पेट्रोलियम खरीद का एक बड़ा हिस्सा मध्य पूर्व से आयात करता है। ईरान ओपेक देशों में शामिल तीसरा सबसे बड़ा क्रूड ऑयल प्रोड्यूसर है। इसलिए तेल के संकट को ईरान और इजराइल का युद्ध और बड़ा कर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान-इजराइल के बीच तनाव के मद्देनजर यूरोप में भारत का निर्यात बाधित होगा। भारत के व्यापार सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि नीतिगत हस्तक्षेप तभी होगा जब हम व्यापारियों के सामने आने वाली समस्याओं को समझेंगे। उस अभ्यास के आधार पर, जो भी आवश्यक होगा सरकार निश्चित रूप से उस पर ध्यान देगी। इजराइल और ईरान के बीच टकराव कम करने का भारत का आह्वान क्षेत्र की राजनीति की जटिलता को पहचानने के बारे में है। भारत के लिए ये संकट इसलिए और बड़ा है क्योंकि वह ईरान और इजराइल दोनों का ही मित्र है। वह किसी एक का पक्ष नहीं ले सकता है। ईरान-इजराइल टकराव पर भारत के दृष्टिकोण का महत्व है। यदि ये भारत को एक दृष्टिकोण का पक्ष लेते हुए देखते हैं तो इससे क्षेत्र में शांति को नुकसान पहुंच सकता है।

भारत को प्रमुख क्षेत्रीय प्रतिभागियों मिस्र, ईरान, इजराइल, कतर, तुर्की, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के साथ अपने जुड़ाव को हमेशा संतुलित रखना होगा। इजराइल की व्यापक रूप से मौजूद इस धारणा को देखते हुए कि परमाणु-सशस्त्र ईरान इज़राइल के अस्तित्व के लिए एक संभावित खतरा है, उसके द्वारा प्रतिशोध की आशंका को खारिज नहीं किया जा सकता। संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का सम्मान करना चाहिए। क्षेत्र में दीर्घकालिक सुरक्षा, शांति एवं स्थिरता के लिए दो-राज्य समाधान ही एकमात्र संभव विकल्प है।

# पहले चरण के चुनाव के सबक


संजय सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

कुछ भी हो, लेकिन पहले चरण ने सभी के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा में इससे विशेष रूप से सिहरन पैदा हुई है और 'अबकी बार 400 पार' के उसके मंसूबों को झटका लगा है। इनकी तीव्रता को इंडिया गठबंधन, खासकर राहुल गांधी के दावों के इन दावों ने और बढ़ा दिया है कि इस बार भाजपा 180 या डेढ़ सौ पर सिमट जाएगी।

लोकसभा चुनाव 2024 का पहला चरण 19 अप्रैल को संपन्न हो गया। इस चरण में जिस तरह मतदान प्रतिशत में कमी के साथ मतदाताओं के उत्साह में कमी देखने को मिली उसने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और उसके गठबंधन एनडीए के साथ ही साथ कांग्रेस और उसके गठबंधन इंडिया के नेताओं की पेशानी पर भी बल ला दिए हैं। इसके अलावा चुनाव आयोग भी चिंतित हो गया है। आम जनता, मीडिया और चुनाव से जुड़े सभी दल एवं प्रत्याशी इस रुझान की अपने-अपने हिसाब से समीक्षा कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन इसे भाजपा सरकार के खिलाफ जनता का रोष बताकर अपनी जीत का दावा कर रहा है। जबकि एनडीए इसे विपक्ष के प्रति मतदाताओं की उदासीनता कहकर अपनी चिंता को ढांपने की कोशिश कर रहा है। लेकिन हकीकत में दोनों ही पक्ष इससे हैरान और परेशान हैं। क्योंकि पहले चरण की जिन 102 सीटों पर मतदान संपन्न हुआ है उनमें बहुत कम सीटें ऐसी हैं जिनके बारे में दावे से कहा जा सकता हो कि किसी एक प्रत्याशी या दल के पक्ष में मतदान हुआ है। टीवी मीडिया हो या प्रिंट अथवा कि सोशल मीडिया किसी के भी चुनावी विश्लेषणों को देखें तो इस बात से प्रायः सभी सहमत हैं कि यह रुझान स्पष्ट रूप से कोई निर्णय देता नजर नहीं आता। यह ठीक है कि मतदाता घरों से कम निकले, लेकिन इसकी वजह क्या थी, किसी को पता नहीं। कोई इसके पीछे केंद्र सरकार से नाराजगी, कोई स्थानीय सांसद के प्रति गुस्से तो कोई गर्मी और धूप को वजह बताता है। लेकिन जिन लोगों ने इन परिस्थितियों में भी वोट डाला, वह किसके पक्ष में गया है, यह दावे के साथ बताने की स्थिति में कोई भी नहीं है। अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग परिदृश्य दिखाई देता है। इसलिए संपूर्ण से रुझानों को न तो सत्ताविरोधी लहर के रूप में लिया जा सकता है और न ही मोदी की गारंटी पर मतदाताओं ठप्पे के रूप में। कुल मिलाकर मिलीजुली स्थिति प्रतीत होती है।

कुछ भी हो, लेकिन पहले चरण ने सभी के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा में इससे विशेष रूप से सिहरन पैदा हुई है और 'अबकी बार 400 पार' के उसके मंसूबों को झटका लगा है। इनकी तीव्रता को इंडिया गठबंधन, खासकर राहुल गांधी के दावों के इन दावों ने और बढ़ा दिया है कि इस बार भाजपा 180 या डेढ़ सौ पर सिमट जाएगी। इन दावों को विपक्षी हमला कहकर खारिज किया जा सकता है। लेकिन उन तथाकथित आंतरिक सर्वेक्षणों का क्या किया जाए जो सोशल मीडिया और यूट्यूब चैनलों पर तैर रहे हैं और जिनके बारे में कहा जाता है कि ये आरएसएस-भाजपा और केंद्र सरकार द्वारा चुनाव से पहले जनता की नब्ज टटोलने के लिए कराए गए थे। इन सर्वेक्षणों में भी कथित रूप से भाजपा को 200 से कुछ ही ज्यादा सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। और बहुत से लोग मानते हैं कि ये सर्वेक्षण ही राहुल गांधी के दावों का आधार हैं। भले ही वे कहते हों कि उन्हें राज्यों में स्थित अपने कार्यालयों से ऐसी रिपोर्टें मिल रही हैं। जो भी हो, इससे भाजपा और एनडीए का मनोबल कमजोर हुआ है, जबकि विपक्षी गठबंधन के उत्साह में बढ़ोतरी हुई है।



इस बीच गुजरात के सूरत से जो तस्वीर सामने आई है उसे भी पहले चरण के मतदान से उपजी खलबली का परिणाम माना जा रहा है। सूरत में भाजपा उम्मीदवार को मतदान से पहले ही विजेता घोषित कर दिया गया है। इससे पहले कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा जिन परिस्थितियों में खारिज किया गया और बसपा समेत बाकी के अन्य आठ उम्मीदवारों ने अपने पर्चे वापस लिए वह एक रहस्य है। कांग्रेस व विपक्षी दलों ने इसे षड्यंत्र बताते हुए इस चुनाव को रद करने की मांग की है। चुनाव अधिकारी के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन में रिश्तेदार व साझेदार के तौर पर जिन तीन लोगों ने हस्ताक्षर किए थे, उनका कहना है कि उक्त हस्ताक्षर उनके नहीं हैं।

पहले चरण का मतदान भले सुस्त रहा हो, लेकिन इसने अगले चरणों के लिए चुनावी पारे को गर्मियों में और बढ़ा दिया है। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनके चुनिंदा कैबिनेट सहयोगियों के साथ भाजपा और आरएसएस के आगे अगले चरणों को निर्णायक रूप से अपने पक्ष में करने की चुनौती खड़ी हो गई है। और जैसे कि संकेत मिल रहे हैं, उन्होंने इसे न सिर्फ स्वीकार किया है, बल्कि नई रणनीति के साथ विपक्ष को नेस्तनाबूद करने के लिए वे दूनी ताकत के साथ मैदान में कूद पड़े हैं। प्रधानमंत्री के भाषण ज़्यादा तीखे और अधिक आक्रामक तो हो ही गए हैं। उनमें क्षेत्र और वक्त के अनुसार परिवर्तन भी दिखाई पड़ रहे हैं। जबसे कांग्रेस ने अपना लोकलुभावन घोषणापत्र जारी किया है मोदी के भाषणों का फोकस यह घोषणापत्र ही रहा है। लेकिन शुरू में वे इसे 'मुस्लिम लीग का घोषणापत्र' बताकर कांग्रेस पर हमला कर रहे थे और उसे अल्पसंख्यक तुष्टीकरण के लिए कोस रहे थे। लेकिन पहले चरण के मतदान के बाद वे कांग्रेस के इरादों को लेकर खतरनाक किस्म की चेतावनियां देने लगे हैं। मसलन, बांसवाड़ा की चुनावी सभा में उन्होंने कहा कि कांग्रेस आई तो सबके धन की जांच करेगी और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के बयान के मुताबिक उसे मुसलमानों में बांट देगी। कांग्रेस महिलाओं का मंगलसूत्र तक नहीं छोड़ेगी। प्रधानमंत्री के इस बयान की तीखी आलोचना हुई है और कांग्रेस ने चुनाव आयोग में इसकी शिकायत की है। बांसवाड़ा से इतर अलीगढ़ में प्रधानमंत्री के बोल मुसलमानों को लेकर नरम थे। वहां उन्होंने आश्चर्यजनक रूप से मुसलमानों के हित में सरकार द्वारा उठाए गए अनेक कदमों का बखान किया और उनका समर्थन मांगा। प्रधानमंत्री के इन दो अलग-अलग रूपों पर कांग्रेस या विपक्ष की कोई खास प्रतिक्रिया नहीं आई। लेकिन सोशल मीडिया में इसकी विभिन्न तरीकों से समीक्षा की गई। जिनमें एक यह है कि प्रधानमंत्री बिल्कुल सही कह रहे हैं। क्योंकि पिछले दस सालों में मुसलमानों के लिए जितनी योजनाएं यह सरकार लेकर आई है और हज यात्रा से लेकर उन्हें देश में शिक्षा, विदेश में पढ़ाई, नौकरियों और व्यवसाय के लिए रियायतें, सुविधाएं तथा वजीफे दिए गए हैं, उतने पहले की किसी सरकार में नहीं मिले। इन विवरणों ने हिंदू संगठनों को भी हैरान कर दिया है।

इस बीच गुजरात के सूरत से जो तस्वीर सामने आई है उसे भी पहले चरण के मतदान से उपजी खलबली का परिणाम माना जा रहा है। सूरत में भाजपा उम्मीदवार को मतदान से पहले ही विजेता घोषित कर दिया गया है। इससे पहले कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा जिन परिस्थितियों में खारिज किया गया और बसपा समेत बाकी के अन्य आठ उम्मीदवारों ने अपने पर्चे वापस लिए वह एक रहस्य है। कांग्रेस व विपक्षी दलों ने इसे षड्यंत्र बताते हुए इस चुनाव को रद करने की मांग की है। चुनाव अधिकारी के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन में रिश्तेदार व साझेदार के तौर पर जिन तीन लोगों ने हस्ताक्षर किए थे, उनका कहना है कि उक्त हस्ताक्षर उनके नहीं हैं। सच क्या है, इसका पता तो आगे यदि कोई जांच हुई तब ही चलेगा। लेकिन सूरत के इस वाकये ने चंडीगढ़ मेयर के चुनाव की याद दिला दी है। क्या सूरत का मामला भी सुप्रीमकोर्ट जाएगा?


## प्रसंगवश

# किस्से कंगना के

शीर्षक देखकर प्रथम दृष्ट्या पाठक का ध्यान वॉलीबुड की अभिनेत्री कंगना की ओर ही जाएगा, जो संप्रति इसलिए खबरों में आईं क्योंकि चुनाव में भाजपा ने उन्हें हिमाचल प्रदेश के मंडी निर्वाचन क्षेत्र से अपना प्रत्याशी बनाया है। हालांकि यहां मैं उनके बारे में नहीं लिख रहा। लोगों के जेहन में राजा राधिकारमणप्रसाद सिंह की कहानी 'कानों में कंगना' भी कौंध गई होगी। हमें वे कंगना याद तो आए, किंतु यहां उनका विस्तार नहीं है। हिंदू विवाह में कंगन खुलाई एक रस्म होती है । उसकी गांठ वर वधू दोनों को खोलनी होती है, इसे हस्तबंद भी कहते हैं। सीता जी वन में आभूषणों से सज्जित होकर गईं थीं। वे कंगन भी पहने थीं। रावण द्वारा हरण होने पर अशोक वाटिका में वे बहुत क्षीण शरीर हो गईं थीं। जब हनुमान जी वहां पहुंचे, तो उनकी ऐसी ही स्थिति थी। गोस्वामी तुलसीदास ने 'बरवै रामायण' में उनकी वार्ता का उल्लेख करते हुए लिखा है, "अब जीवन की है कपि आस न कोय कनगुरिया कै मूदरी कंगना होय"। यानी छिंगुनी (कनिष्टिका) में पहनी ठाने वाली अंगूठी उनकी कलाई में आ जाती थी और वह कंगना बन गई थी। अब हम माता के वास्तविक कंगनों की बात करते हैं, जिनके नग में विवाह के समय वे शिर नीचे किए राम का रूप देख रहीं थीं। 'राम को रूप निहारति जानकि कंकन के नग की परिछाही' । सामान्य कथा तो यह है कि हनुमान जी को भूख लगी थी और उन्होंने सीता जी से वाटिका के फल खाने की अनुमति मांगी। तदोपरांत उन्होंने फल खाये, वृक्ष तोड़े, राक्षस मारे और पश्चात् लंकादहन आदि हुआ। इस प्रचलित कथा से भिन्नता लिए भी एक कथा है,जो 'आनंद रामायण' में आई है। यह भी महर्षि वाल्मीकि की ही कृति मानी जाती है। इसके अनुसार जब हनुमान जी ने माता से क्षुधित होने की बात कही, तो उन्होंने उन्हें वे दो आम दिए, जो उनको (सीता जी को) खाने के लिए दिए गए थे; साथ ही अपने कंगन हनुमान जी की ओर बढ़ाते हुए कहा कि 'पुत्र! इन्हें लंका के बाजार में बेंचकर, प्राप्त धन से फल आदि क्रय कर लो'। हनुमान जी ने वह प्रस्ताव विनम्रता पूर्वक अस्वीकार कर दिया और वहीं वाटिका में फल तोड़कर खाने की अनुमति मांगी। तब सीता जी ने अनुमति प्रदान कर दी और बाद की कथा वही है,जो सर्व विदित है।


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# न जलाएं सूखी पत्तियां


पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

पेड़ की हरी पत्तियों में मौजूद क्लोरोफिल यानि हरा पदार्थ, वातावरण में मौजूद जल-कणों या आर्द्रता हाईड्रोजन व आक्सीजन में विभाजित कर देता है।

जो समाज अभी कुछ महीनों पहले हवा की गुणवत्ता खराब होने के लिए हरियाणा-पंजाब के किसानों को पराली जलाने के लिए कोस रहा था, वह अब खुद अपने हाथों से अपनी तकदीर को आग लगा रहा है। महानगरों के बड़े हिस्सों में अभी भी खुलापन, पेड़, हरियाली और बगीचे जिंदा हैं तो जगह-जगह सूखे पत्तों का ढेर लगा है। हर कॉलोनी में इनके निस्तारण के लिए आग लगाना आम बात है। कुछ लोगों के लिए यह झड़ते पत्ते महज कचरा हैं और वे इसे समेट कर जलाने को परंपरा, मजबूरी, मच्छर मारने का तरीका व ऐसे ही नाम देते हैं। असल में यह ना केवल गैरकानूनी है, बल्कि अपनी प्रकृति के साथ अत्याचार भी है।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने तो सन 2016 में बड़े सख्त लहजे में कहा था कि पेड़ों से गिरने वाली पत्तियों को जलाना दंडनीय अपराध है व प्रशासनिक अमले यह सुनिश्चित करें कि आगे से ऐसा ना हो। इस बारे में समय-समय पर कई अदालतें व महकमे आदेश देते रहे हैं, लेकिन कानून के पालन को सुनिश्चित करने वाली संस्थाओं के पास इतने लोग व संसाधन हैं ही नहीं कि हरित न्यायाधिकरण के निर्देश का शत-प्रतिशत पालन करवा सके। कुछ साल पहले लुटियन दिल्ली में एक सांसद की सरकारी कोठी में ही पत्ती जलाने पर मुकदमा कायम हुआ था, उसके बाद दिल्ली में तो इस विषय में जागरूकता और सतर्कता है। लेकिन कई जगह तो नगर को साफ रखने का जिम्मा निभाने वाले स्थानीय निकाय खुद ही कूड़े के रूप में पेड़ से गिरी पत्तियों को जला देते हैं। असल में पत्तियों को जलाने से उत्पन्न प्रदूषण तो खतरनाक है ही, सूखी पत्तियां कई मानों में बेशकीमती हैं व प्रकृति के विभिन्न तत्वों का संतुलन बनाए रखने में उनकी महति भूमिका है।

सूखी पत्तियां जलाने से इंसान खुद ही कई बीमारियों को न्योता देता है। यह अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, आंखों में खुजली, सिरदर्द और नाक बहना और यहां तक कि जीवन के लिए खतरा पैदा करने वाली फैनफड़ों जटिलताएं भी हो सकती हैं। गिरी हुई पत्तियों को जलाने के अल्पकालिक और दीर्घकालिक संपर्क से अस्थमा के दौरे, दिल के दौरे और कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता का खतरा भी बढ़ सकता है।

पेड़ की हरी पत्तियों में मौजूद क्लोरोफिल यानि हरा पदार्थ, वातावरण में मौजूद जल-कणों या आर्द्रता हाईड्रोजन व आक्सीजन में विभाजित कर देता है। हाईड्रोजन वातावरण में मौजूद जहरीली गैस कार्बड डाय आक्साईड के साथ मिल कर पत्तियों के लिए शर्करायुक्त भोजन उपजाता है। जबकि आक्सीजन तो प्राण वायु है ही। जब पत्तियों का क्लोरोफिल चुक जाता है तो उसका हरापन समाप्त हो जाता है व वह पीली या भूरी पड़ जाती हैं। हालांकि यह पत्ती पेड़ के लिए भोजन बनाने के लायक नहीं रह जाती है हैं लेकिन उसमें नाईट्रोजन, प्रोटिन, विटामिन, स्टार्च व शर्करा आदि का खजाना होता है। ऐसी पत्तियों को जब जलाया जाता है तो कार्बन, हाईड्रोजन, नाईट्रोजन व कई बार सल्फर से बने रसायन उत्सर्जित होते हैं। इसके कारण वायुमंडल की नमी और आक्सीजन तो नष्ट होती ही है, कार्बन मोनो आक्साईड, नाईट्रोजन आक्साईड, हाईड्रोजन सायनाईड, अमोनिया, सल्फर डाय आक्साईड जैसी दम घोटने वाली गैस वातावरण को जहरीला बना देती हैं। इन दिनों अर्जुन, नीम, पीपल, इमली, जामुन, ढाक, अमलतास, गुलमोहर,शीशम जैसे पेड़ से पत्ते गिर रहे हैं और यह मई तक चलेगा।

एक बात और पत्तों के तेज जलाने की तुलना में उनके धीरे-धीरे सुलगने पर ज्यादा प्रदूषण फैलता है। एक अनुमान है कि दिल्ली एनसीआर इलाके में जलने वाले पत्तों से पचास हजार वाहनों से निकलने वाले जहरीले धुएं के बराबर जहर फैलता है। यानि चाहे जितना प्रयास कर लें पतझड़ के दो महीने में ही सालभर का जहर हवा में घुल जाता है।

अमेरिका और यूरोप के देशों में पेड़ से गिरी पट्टी को वहां से उठाने पर भी पाबंदी है। यदि केवल एनसीआर की हरियाली से गिरे पत्तों को धरती पर यूं ही पड़ा रहने दें तो जमीन की गर्मी कम होगी, मिट्टी की नमी घनघोर गर्मी में भी बरकरार रहेगी। यदि इन पत्तियों को महज खत्ती में दबा कर कंपोस्ट खाद में बदल लें तों लगभग 100 टन रासायनिक खाद का इस्तेमाल कम किया जा सकता है। इस बात का इंतजार करना बेमानी है कि पत्ती जलाने वालों को कानून पकड़े व सजा दे। इससे बेहतर होगा कि समाज तक यह संदेश भली भांति पहुंचाया जाए कि सूखी पत्तियां पर्यावरण-मित्र हैं और उनके महत्व को समझना, संरक्षित करना सामाजिक जिम्मेदारी है।

## सोशल फोरम

# आराध्य की सेवा के गुण

पढ़ते थे, मज़ा आता था कि राम जी को तो बांध बनाना पड़ता, जबकि भक्त हनुमान एक छलांग में ही समन्दर पार कर जाते। मेरा दिल कहता था कि भक्त हनुमान का दिल कितना चंचल और कोमल है। सियाराम के लिए उनमें कितना समर्पण है। इतना समर्पण देख अक्सर आंख भर आती कि क्या कोई अपने नरम दिल के साथ भी चट्टान की तरह अपनों की हिफाज़त कर सकता है। हनुमान जी के लिए मेरा दिल हमेशा नरम रहा, इधर कुछ सालों से गाड़ियों के पीछे त्यौरियां चढ़ी हनुमान जी की तस्वीर देखता रहता हूं, तो दिल एक झटके में कह उठता, यह सियाराम वाले हनुमान नही हैं, यह मेरे दिल में बसने वाले हनुमान से मेल नही खाते।

अभी कुछ वक्त पहले वैसी ही तस्वीर फिर नज़रों से गुज़री मगर यहां माथे पर त्यौरियां नही हैं, आंखे सादगी से खुली हुई है। तस्वीर में उत्तेजना या क्रोध नहीं है, बल्कि आध्यात्मिक विनम्रता है। एक दम से दिल बोला, यही तो वह मेरे हनुमान हैं, जो कहीं गुम हो गए थे। यही तो वह हैं जो सिया के भक्त हनुमान हैं, जिनके रहते राम के प्राण हरने की तीनों लोकों में किसी की हिम्मत नहीं हो सकी। यही तो मेरे भोले भाले हनुमान हैं जिन्हें राम नागलोक में अपनी अंगूठी ढूंढने भेजते हैं ताकि वह जाएं और खुद राम सरयू में घुलमिल जाएं। भला हनुमान जी के रहते कोई राम जी को ले जा सकता था ।

हनुमान जयंती पर यह समझने की कोशिश कीजिए कि उनमें सिर्फ़ क्रोध नही था, बल्कि उनमें जीवन का एक खूबसूरत दर्शन गुंथा हुआ है। दिल में मोहब्बत और रहम, रूह में ख़िदमत, जिस्म में अथाह ताकत यही तो हैं हनुमान। एक ऐसा किरदार जो सिर्फ और सिर्फ ख़िदमत से इतना ऊंचा मकाम पाए। केवल अपने आराध्य की सेवा के गुण से घर घर जगह बना गए । अगर आपके दिल में हल्की भी मोहब्बत है तो वह हनुमान ही हैं। किसी आंसू के लिए तड़पन है तो वह हनुमान हैं। किसी बीमार के लिए आपके कदम उठे तो उन कदमों में हनुमान हैं।


हफीज किदवई
लेखक

–फेसबुक वॉल से

# नक्सलियों के विरुद्ध केंद्र का प्रहार


डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क आवश्यकता योजना को केंद्र सरकार ने आठ राज्यों आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के 34 जिलों में लागू किया है। इस योजना में 5,362 किमी सड़कों का निर्माण हो भी चुका है।

कांकेर (छत्तीसगढ़) में पिछले सप्ताह केंद्रीय सुरक्षाकर्मियों ने एक ऑपरेशन के तहत बड़ी संख्या में नक्सली मार गिराए। सूचनाएं थी कि नक्सली चुनाव में गड़बड़ी करने वाले थे। उनका निशाना पोलिंग बूथ थे, उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद हुए। बहरहाल, कांकेर मुठभेड़ को लेकर कांग्रेस और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच जमकर वाकयुद्ध जारी है। पर, नक्सलवाद की समस्या चुनाव तक ही सीमित नहीं रहने वाली? क्योंकि देश विगत 70 वर्षों से नक्सल आतंक झेलता आया है। अब समय की मांग इसे जड़ से खत्म किया जाए। केंद्र की योजना फिलहाल इसी ओर अग्रसर भी है। अभी तक हजारों नक्सली मारे गए हैं जिनमें बड़ी संख्या में हमारे जवान भी शहीद हुए हैं। इसलिए इस समस्या को राजनीतिक चश्मे से देखने का कतई औचित्य नहीं है? इस समस्या को जड़ से मिटाने की राष्ट्रीय नीति के प्रति सभी को एक समान विचार रखना चाहिए।

केंद्र सरकार ने गत दस वर्षों में नक्सल उन्मूलन की नीति पर एक निरंतरता बनाई हुई है जिसके बेहतरीन परिणाम भी मिल रहे हैं। नक्सल आंकड़ों पर गौर करें तो 2004-14 के यूपीए के दस सालों के नक्सली हमलों या मुठभेड़ों में 1,750 सुरक्षा बलों के जवानों की शहादत हुई थी, लेकिन 2014-23 में करीब 72 फीसदी तक कमी आई। इस दौरान 485 सुरक्षा बलों के जवानों की जाने गई। इसी अवधि में नागरिकों की मौत की संख्या भी 68 प्रतिशत घटकर 4,285 से 1,383 हुई।

सन्-2009 में यूपीए सरकार ने ऑपरेशन 'ग्रीन हंट' शुरू किया था। तब कहा गया था कि सरकार नक्सलियों को पूरी तरह खत्म कर देगी। सीआरपीएफ को इसके लिए खास तरह के टास्क दिए गए, यहां तक की भारतीय सेना को भी लगाया गया। लेकिन, ऑपरेशन 'ग्रीन हंट' सुरक्षा बलों के लिए ही काल बन गया। अप्रैल-2010 में नक्सलियों ने दंतेवाड़ा में एक ही दिन 76 सीआरपीएफ के जवानों की हत्या कर दी। घरेलू मोर्चे पर यह ऑपरेशन 'ब्लूस्टार' के बाद सुरक्षा बलों की सबसे ज्यादा मौतों की यह घटना बन गई। यूपीए में तीन तीन गृहमंत्री बनाए गए, शिवराज पाटिल, चिदंबरम और सुशील शिंदे। नक्सलवाद को लेकर तीनों की अपनी अलग-अलग राय थी। यूपीए सरकार में ही हिंसक नक्सलियों को गुमराह और नेक इरादे वाले लोगों के रूप में वर्णन किया गया। यूपीए सरकार ने ही मलकानगिरी के कलेक्टर विनीत कृष्णा के बदले में आठ माओवादियों को रिहा किया।

केंद्र सरकार ने कई मर्तबा वामपंथी उग्रवादियों को हिंसा छोड़ने और बातचीत करने का प्रस्ताव दिया था। उनके लिए केंद्र ने कई विकास परियोजनाएं भी शुरू करने की बात कही। जिनमें वामपंथी उग्रवाद से ग्रस्त क्षेत्रों में 17,600 किमी सड़कों को मंजूरी देना। केंद्र ने राज्यों को नियमित निगरानी के लिए हेलीकॉप्टर और मानव रहित हवाई वाहन उपलब्ध करवाना। सुरक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए स्पेशल फंड्स जारी किए। इस मद में करीब 971 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मंजूरी भी हुईं। इन परियोजनाओं में 250 किलेबंद पुलिस स्टेशन स्थापित करने का काम शुरू भी हुआ।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क आवश्यकता योजना को केंद्र सरकार ने आठ राज्यों आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के 34 जिलों में लागू किया है। इस योजना में 5,362 किमी सड़कों का निर्माण हो भी चुका है। इसके अलावा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए सरकार ने अगस्त 2014 में इन क्षेत्रों में मोबाइल टावरों की स्थापना को भी मंजूरी दी। अब तक 4885 मोबाइल टावर लगाए गए हैं। दूसरे चरण में 2,542 मोबाइल टावर और लगाए जा रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि सरकार ने वामपंथी उग्रवाद के पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे को 2017 में 5 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दिए हैं और अब इसमें बढ़ोतरी करके 40 लाख कर दिए हैं। लेकिन नक्सली फिर भी नहीं मान रहे। तभी हार कर अब उनके खिलाफ 'पुलिस टेक्नोलॉजी मिशन' शुरू हुआ है। ताकी इनपर अंतिम प्रहार किया जाए। कांकेर मुठभेड़ उसी का हिस्सा है।

# शब्द की अपार शक्ति

शब्द में अपार शक्ति होती है। शब्द अक्षर से बनता है और अक्षर का अर्थ होता है, 'जिसका क्षय या क्षरण न हो'। मुंह से निकली बात सबसे दूर,यानि क्षितिज तक जाती है। इसका कभी अंत नहीं होता। इसीलिए 'बातहिं हाथी पाइए, बातहिं हाथी पांव', कहा जाता है। एक राजा का बूढ़ा मरणासन्न हाथी था। उसने राज्य में मुनादी कराई, कि उसका हाथी जिसके भी खेत में सुबह को हुआ करे या पाया जाए वह तत्काल राजा को सूचना दे, अन्यथा उसे मृत्यु-दंड दिया जाएगा। पर, खबरदार! कोई भी उसे हाथी की मौत की खबर न दे। हाथी के मरने की सूचना देने वाले को भी मौत की सजा दी जाएगी। बूढ़ा हाथी,ऊपर से उसकी मरणासन्न स्थिति, सो उसको तो निकट भविष्य में मरना ही था। अस्तु, किसी सुबह को एक ईख के खेत में वह मृत पाया गया। खेत वाले ने सुबह को जब अपने खेत में राजा का हाथी मरा पाया,तो उसके प्राण ही सूख गये,काटो तो खून नहीं। उसके पुत्र ने उसकी परेशानी का कारण पूछा, तो किसान ने सारा माजरा बताया। पुत्र अति प्रतिभावान था। उसने पिता को घर पर ही रोक दिया और स्वयं राजा के पास जाकर राजा से कहा, "महाराजाधिराज! की जय हो! आपके चरणों में प्रणामोपरान्त निवेदन है, कि शाही हाथी मेरे खेत में है। पर, वह न हिल-डुल रहा है,न चल-फिर रहा है, न खा-पी रहा है,और न सांस ही ले रहा है।" राजा उसका आशय समझ गया। राजा ने लड़के के वाकचातुर्य पर रीझ कर उसे अपना मंत्री बना लिया। बात की भांति का एक उदाहरण देखिए- 'पानी का कम प्रयोग कीजिए' और 'कम पानी का प्रयोग कीजिए' दोनों वाक्यों में जमीन-आसमान जैसा अंतर है। बात कहने के तनिक से अंतर या लापरवाही से दोनों बातों के बीच अंतर उपस्थित हो जाता है। देखें- बहुधा स्कूल वाहनों के पीछे लिखा होता है, 'सावधान! बच्चे उतर रहे हैं'। इसे पढ़ कर पीछे वाले वाहन का चालक अपने वाहन को सावधानीपूर्वक नियंत्रण योग्य गति में चलाता है। जबकि इसी वाक्य को, यद्यपि उसी भावना के साथ,नाम मात्रेण इतनी लापरवाही के साथ,कि संबोधनसूचक चिन्ह,(!) को लुप्त करके,यूं लिख दिया जाए (जो वाहनों पर अक्सर लिखा होता है), 'सावधान बच्चे उतर रहे हैं', तो इसका अर्थ ही उलट जाता है। यानि अर्थ का यह अनर्थ हो जाता है, कि पीछे वाले वाहन के चालक को अब वाहन की गति और ड्राइविंग को लेकर अधिक सजगता बरतने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि आगे वाले वाहन से उतरने वाले बालक स्वयं सावधान और होशियार हैं।

उपर्युक्त उदाहरणों से हम सहज ही इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं,कि हर शब्द का एक स्थानीय मान होता है। जैसे 333 (तीन सौ तैंतीस) में 3 का अंक ही 3 बार आया है, पर इकाई पर रखे अंक 3 (तीन) की कीमत जहां मात्र 3(तीन) है,वहीं सैकड़ा के स्थान पर स्थित 3 का मूल्य 300 (तीन सौ) है।


ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत




हाथरस सुरक्षित सीट है, लेकिन भाजपा के इस गढ़ में सपा और बसपा कभी चुनाव नहीं जीत पाई हैं। दोनों दल पहली जीत के लिए तरस रहे हैं। ऐसे में बड़ा सवाल है कि सपा जो यहां पिछले कुछ चुनावों से भाजपा का मुकाबला कर रही है, क्या इस बार नए, अनजान और बाहरी प्रत्याशी की बदौलत भाजपा को पूरे दमखम से चुनौती दे पाएगी। यह सवाल इसलिए है कि क्योंकि इस बार उसके वरिष्ठ नेता रामजी लाल सुमन मैदान में नहीं हैं। भाजपा ने दो बार से जीत रहे अपने मौजूदा सांसद का टिकट काटकर राजस्व राज्यमंत्री को मैदान में उतारा है। बसपा ने भी इस सीट पर नया प्रत्याशी दिया है। ऐसे में मुकाबला रोचक भी हो सकता है।

# हाथरस के भगवा गढ़ में सपा-बसपा बेबस!

मनोज त्रिपाठी

हाथरस में 1962 में पहली बार लोकसभा चुनाव हुए थे, जिसमें कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी। इसके बाद 1967 और 1971 के चुनाव में भी कांग्रेस जीतती रही। लेकिन जनता पार्टी की लहर में 1977 में भारतीय लोक दल के प्रत्याशी ने जीत हासिल की। 1980 में भी जनता पार्टी ने इस सीट पर कब्जा बनाए रखा, लेकिन 1984 में कांग्रेस ने फिर वापसी की। 1989 में जनता दल क जीत मिली। 1991 के बाद से ही ये सीट भारतीय जनता पार्टी का गढ़ बन गई। 1991, 1996, 1998, 1999 और 200 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने लगातार अपनी जीत का परचम फहराया। 1996 से 2004 तक भाजपा के के कृष्ण लाल दिलेर यहां के सांसद रहे। 2009 में इस सीट से राष्ट्रीय लोकदल का उम्मीदवार जीता। हालांकि तब रालोद-भाजपा का गठबंधन था।

2009 में रालोद की उम्मीदवार सारिका सिंह ने 2,47,927 वोट पाकर जीत हासिल की थी। दूसरे स्थान पर बसपा के राजेंद्र कुमार रहे थे, जिन्हें 2,11,075 वोट मिले थे। सारिका सिंह ने 36 हजार से ज्यादा मतों से जीत हासिल की थी। लेकिन इसके बाद पिछले दो चुनावों से यहां पर भारतीय जनता पार्टी का वर्चस्व है। पूर्व सांसद कृष्ण लाल दिलेर के बेटे राजवीर सिंह दिलेर ने भाजपा के टिकट पर 2014 और 2019 में यहां कमल खिलाया। दोनों चुनाव में राजवीर सिंह दिलेर का समाजवादी पार्टी के रामजी लाल सुमन से मुकाबला हुआ और भाजपा ने यह सीट जीत ली। हाल ही में समाजवादी पार्टी ने रामजीलाल सुमन को राज्यसभा में भेज दिया है।



- सपा और बसपा दोनों आज तक इस सुरक्षित सीट पर कभी चुनाव नहीं जीत सकीं और पहली जीत दर्ज करने के लिए तरस रही हैं
- भाजपा से मौजूदा सांसद की जगह अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट से विधायक और राजस्व राज्यमंत्री अनूप वाल्मीकि मैदान में

## हींग, मुरब्बा और हैंडलूम उद्योग है शहर की पहचान

- हाथरस का नाम आते ही हींग की सुगंध के साथ याद आते हैं हास्य-व्यंग के कवि काका हाथरसी। चुनावों को लेकर काका हाथरसी की एक कविता हाथरस की हालत पर बिल्कुल सही नजर आती है। काका ने कहा था, ।।अगर चुनावी वादे पूरे करे सरकार, इंतजार के सब मजे हो जाएं बेकार ।। हाथरस को उद्योग नगरी के साथ हींग की नगरी भी कहा जाता है। हींग के अलावा यहां रंग, अचार, मुरब्बा, हैंडलूम का घर-घर काम होता है। शुद्ध देशी घी और मिठाइयां भी इस शहर की पहचान हैं। हींग को इस जिले में उत्तर प्रदेश सरकार की एक जिला उत्पाद योजना में भी शामिल किया गया है। हाथरस लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित है। हाथरस जिले का गठन 3 मई 1997 को अलीगढ़, मथुरा और आगरा जिले के कुछ हिस्सों को मिलाकर किया गया था। मायावती सरकार में इस जिले का नाम गौतम बुद्ध की माता के नाम पर महामाया नगर रखा गया था। लेकिन साल 2012 में सपा की सरकार आने पर जिले का नाम फिर से हाथरस कर दिया गया था।

### समस्याएं और मुद्दे

- जिले में हींग की 60 से अधिक फैक्ट्रियां हैं, लेकिन हींग की टेस्टिंग लैब नहीं है। टेस्टिंग के लिए व्यापारियों को सैंपल आगरा और दिल्ली भेजना पड़ता है।
- ट्रांसपोर्ट नगर बनाने के मुद्दे का समाधान नहीं होने से ट्रांसपोर्टर अपने लोडर, मेटाडोर, ट्रक आदि सड़क किनारे खड़े करने को मजबूर हैं।
- यातायात जाम की समस्या से मुख्य बाजार में रोज लोगों को जूझना पड़ता है। पार्किंग नहीं होने और अतिक्रमण के कारण जाम लगता है।
- तमाम मोहल्लों में पानी, गंदगी और जलभराव से लोग परेशान हैं, दो माह पहले महिलाओं ने पानी की टंकी पर चढ़कर प्रदर्शन किया था।

### जातीय गणित (अनुमानित)

| | |
|---|---|
| जाटव | 2.75 लाख |
| जाट | 2.0 लाख |
| क्षत्रिय | 2.0 लाख |
| धनगर | 01 लाख, |
| मुस्लिम | 1.5 लाख |
| ब्राह्मण | 1.60 लाख |
| यादव | 01 लाख |
| कोरी, धोबी, वाल्मीकि, कुशवाहा, अहेरिया | 3.0 लाख |

### इस बार भाजपा, सपा और बसपा तीनों के नए प्रत्याशी

- हाथरस सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र वास्तव में मुस्लिम-जाट वोटर बाहुल्य क्षेत्र है। इस बार के चुनाव में यहां नए प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। समाजवादी पार्टी से जसवीर वाल्मीकि चुनाव लड़ रहे हैं। वह सहारनपुर के रहने वाले हैं। जसवीर वाल्मीकि को सपा ने 2017 के विधान सभा चुनाव में सहारनपुर की सुरक्षित सीट रामपुर मनिहारान से प्रत्याशी बनाया था। लेकिन कांग्रेस के साथ गठबंधन में यह कांग्रेस के खाते में जाने से वह चुनाव नहीं लड़ पाए थे। मूलरुप से मुजफ्फरनगर के कस्बा पुरकाजी के रहने वाले जसवीर वाल्मीकि काफी समय से समाजवादी पार्टी से जुड़े हैं। भाजपा ने इस बार मौजूदा सांसद राजवीर सिंह दिलेर के स्थान पर अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट से विधायक और प्रदेश के राजस्व राज्यमंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि को प्रत्याशी बनाया है। बसपा से हेमबाबू धनगर चुनाव मैदान में हैं। वह पेशे से साफ्टवेयर इंजीनियर हैं। तीनों दलों के उम्मीदवार मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं और देर रात तक प्रचार कर रहे हैं।

## जाटव-जाट और क्षत्रिय-ब्राह्मण हार-जीत का समीकरण तय करने में रहते आगे

- हाथरस लोकसभा सीट के मतदादाताओं की संख्या 18 लाख 64 हजार 320 है। इनमें 8,54,512 पुरुष मतदाता हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 10,09,746 तथा थर्ड जेंडर के मतदाता 62 हैं। जातीय समीकरण के लिहाज से यहां जाटव समाज के मतदाता सबसे ज्यादा हैं। जाटव मतदाता दो लाख 75 हजार, धनगर बिरादरी के मतदाता करीब एक लाख, 85 हजार कोरी, 80 हजार धोबी, 40 हजार वाल्मीकि, एक लाख के आसपास यादव, 60 हजार कुशवाहा और 30 हजार अहेरिया बिरादरी के मतदाता होने का अनुमान लगाया जाता है। लेकिन डेढ़ लाख मुस्लिम और दो लाख के करीब जाट मतदाता हर चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। हालांकि लोकसभा क्षेत्र में दो लाख क्षत्रिय और एक लाख 60 हजार ब्राह्मण तथा सवा लाख वैश्य बिरादरी के मतदाता भी हैं। इन्हें भाजपा का परंपरागता वोटर माना जाता है।



### विधानसभा की चार सीटों पर भाजपा काबिज, एक सीट रालोद के पास

हाथरस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत 5 विधानसभा सीटें छर्रा, इगलास, हाथरस, सादाबाद और सिकंदराराऊ आती हैं। इनमें से चार विधानसभा सीटों पर वर्तमान में भाजपा का कब्जा है, जबकि सादाबाद सीट रालोद के पास है।

### 2019 का परिणाम

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| भाजपा | राजवीर दिलेर | 6,84,299 |
| सपा | रामजी लाल सुमन | 4,24,091 |
| कांग्रेस | त्रिलोकी राम | 23,926 |

### 2014 का जनादेश

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| भाजपा | राजवीर दिलेर | 5,44,252 |
| सपा | रामंजीलाल सुमन | 1,80,889 |
| बसपा | मनोज सोनी | 2,17,887 |
| रालोद | निरंजन धनगर | 86,108 |

# बसपा के कदम पर सपा और भाजपा की निगाह

नईमुर्रहमान, महोबा

### हमीरपुर- महोबा सीट

- भाजपा के पुष्पेंद्र सिंह चंदेल हैट्रिक लगाने के लिए कर रहे हैं कड़ी मेहनत
- सपा से अजेंद्र सिंह राजपूत मैदान में हैं, बसपा ने चेहरा अभी घोषित नहीं किया

**अमृत विचार।** हमीरपुर-महोबा संसदीय सीट पर सपा और भाजपा ने उम्मीदवार तो उतार दिए पर बसपा ने अपने पत्ते अभी नहीं खोले हैं। जीत की हैट्रिक लगाने को आतुर भाजपा के सांसद एवं उम्मीदवार पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को जहां बसपा के चेहरे का बेसब्री से इंतजार है तो सपा की निगाह भी बसपा के कदम पर टिकी हुई है। देखना यह है कि बसपा इस सीट से किसे अपना महावत चुनती है।

भाजपा ने मोदी लहर में 2014 व 2019 में बुंदेलखंड की सभी सीटों पर जीत दर्ज किया था। इस बार भी पार्टी की कोशिश है कि पिछले इतिहास को दोहराया जाए। इसीलिए पार्टी लगातार बूथ स्तर पर काम कर रही है। अगर बात करें हमीरपुर- महोबा की तो इस संसदीय सीट पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है। इससे भी पार्टी का पलड़ा इस चुनाव में भारी नजर आ रहा है लेकिन सपा ने इस चुनाव में बड़ा दांव चला है। पार्टी ने लोध जाति के अजेंद्र सिंह राजपूत को मैदान में उतार कर भाजपा की टेंशन बढ़ा दी है। यहां की चरखारी और राठ विधानसभा क्षेत्र में लोधों का वर्चस्व है। हालांकि राजपूत मतदाताओं की संख्या भी कम नहीं है। पहले यहां लोध जाति के ही ज्यादातर सांसद हुआ करते थे लेकिन तिंदवारी के जुड़ जाने के बाद स्थिति बदल गई। बसपा किसी ब्राह्मण चेहरे पर यहां दांव लगा सकती है। हालांकि वह कौन होगा अभी तय नहीं है।

### सिर्फ एक बार लगी हैट्रिक

- 1952 से 1962 तक हुए तीन चुनावों कांग्रेस के मनुलाल द्विवेदी ही लगातार तीन बार जीते, जबकि कांग्रेस 1952 से 1971 तक लगातार पांच बार जीती थी। मनुलाल के बाद किसी भी उम्मीदवार ने यहां से जीत की हैट्रिक नहीं लगाई। भाजपा के पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को यह मौका मिल सकता है। सपा और बसपा ने जब 2019 में गठबंधन किया तो यह लगा था कि भाजपा इस सीट को गंवा देगी, लेकिन तमाम कोशिश के बाद भी बसपा के दिलीप कुमार सिंह यहां से जीत नहीं पाए थे। इस बार कांग्रेस और सपा का गठबंधन है। जल्द ही यहां राहुल गांधी का रोड शो, प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव की जनसभा भी होनी है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यहां के मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में मोड़ने के लिए जनसभा करेंगे।

### 2007 में विधानसभा चुनाव हार गए थे चंदेल



- 2007 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर मैदान में उतरे पुष्पेंद्र सिंह चंदेल बसपा प्रत्याशी राकेश गोस्वामी से हार गए थे। 2012 के विधानसभा चुनाव में पुष्पेंद्र सिंह को पार्टी ने टिकट नहीं दिया था। तब आशंका जताई गई थी कि वह भाजपा छोड़ देंगे पर उन्होंने ऐसा नहीं किया। परिणाम स्वरूप 2014 में उन्हें लोकसभा का टिकट टिकट मिला और वे जीते भी।

# परिवारवाद : अगली पीढ़ी ने संभाली सियासत की कमान









- लोकसभा चुनाव में सपा अध्यक्ष अखिलेश की पत्नी से लेकर चचेरे भाई और भतीजे तक मैदान में

**लखनऊ।** भाजपा के 400 पार चुनावी अभियान की अगुवाई कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परिवारवाद पर प्रहार करके कांग्रेस, सपा, राजद, शिवसेना, एनसीपी, द्रमुक और टीएमसी जैसे दलों को कठघरे में खड़ा किया था। विपक्ष के जवाब देने पर भाजपा ने 'मोदी का परिवार' से पलटवार करके इस मुद्दे पर बढ़त बना ली थी। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी इस बार के लोकसभा चुनाव में परिवारवाद का सबसे बड़ा उदाहरण बन गई है। इटावा के सैफई गांव से निकलकर मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे मुलायम सिंह यादव के परिवार की अगली पीढ़ी राजनीति की कमान संभाल चुकी है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे स्व. मुलायम सिंह यादव के पुत्र अखिलेश यादव ने जहां समाजवादी पार्टी की कमान संभाल रखी है और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं, वहीं लोकसभा चुनाव में उनकी पत्नी से लेकर चचेरे भाई और भतीजे तक मैदान में हैं। अखिलेश यादव ने इस बार लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। लेकिन उनके परिवार के दो सदस्य राजनीतिक पारी शुरू कर रहे हैं। अखिलेशके चाचा शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव का राजनीतिक करियर बदायूं सीट से शुरू हो रहा है। पहले बदायूं लोकसभा क्षेत्र से धर्मेंद्र, फिर शिवपाल यादव और अंत में उनका नाम फाइनल हुआ था। शिवपाल जसवंतनगर सीट से विधायक हैं। उन्होंने बदायूं में खुद चुनाव नहीं लड़कर अपने पुत्र आदित्य को आगे बढ़ाया है। यहां आदित्य का मुकाबला बाजरा के दुर्विजय सिंह शाक्य से हो रहा है।

अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव मैनपुरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं। मुलायम के निधन के बाद उपचुनाव में मैनपुरी सीट डिंपल यादव ने जीती थी। यहां उनका मुकाबला भाजपा के ठाकुर जयवीर सिंह से है। डिंपल यादव के सामने 28 साल से सपा का गढ़ बनी मैनपुरी सीट बचाने की चुनौती है।

मुलायम सिंह यादव के भतीजे धर्मेंद्र यादव एक बार फिर से आजमगढ़ लोकसभा सीट पर दांव आजमा रहे हैं। 2019 में यहां से अखिलेश यादव जीते थे। बाद में विधानसभा चुनाव जीतकर उन्होंने सीट छोड़ी तो उपचुनाव हुआ, जिसमें भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ सांसद बन गए। धर्मेंद्र यादव को हार मिली थी। वह उस हार का बदला लेने को आतुर हैं।

अखिलेश ने अपने चाचा प्रो. रामगोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव को फिरोजाबाद सीट से इतारा है। अक्षय के खिलाफ भाजपा से ठाकुर विश्वदीप सिंह मैदान में हैं। कन्नौज सीट से अखिलेश ने भतीजे और लालू यादव के दामाद तेज प्रताप यादव को मौका दिया है। तेज प्रताप का मुकाबला भाजपा सांसद सुब्रत पाठक से है।



उपलब्धि गिनाई

मेरठ में भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रोड शो किया। उन्हें देख कार्यकर्ता अबकी बार चार सौ पार का नारा लगाते रहे।

# सपा को आरक्षण का विरोधी बताकर साधा दलित वोट बैंक

चुनाव डेस्क

**मेरठ।** बसपा अध्यक्ष और प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने यहां आरक्षण का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि सपा नहीं चाहती है कि एससी- एसटी वर्ग के लोगों को आरक्षण का लाभ मिले। मेरठ से पार्टी प्रत्याशी देवव्रत त्यागी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए मायावती ने दावा किया कि उनकी पार्टी केंद्र की सत्ता में आयी तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाया जाएगा। उन्होंने भाजपा व कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकारी नौकरियों में एससी-एसटी का आरक्षण वर्षों से पूरा नहीं हुआ। प्रदेश में जब सपा सरकार थी तब एससी-एसटी वर्ग के सरकारी कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण बिल्कुल खत्म कर दिया था। बसपा प्रमुख ने मतदाताओं को सचेत करते हुए कहा कि क्या एससी-एसटी वर्ग के कर्मचारी ऐसी पार्टी को वोट देकर अपना वोट खराब करेंगे, जो आपके आरक्षण को खत्म करने में लगी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जब पदोन्नति में आरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए राज्यसभा में बसपा संशोधन विधेयक लेकर आई तो सपा सांसदों ने इस बिल को फाड़ दिया था।



मेरठ में आयोजित कार्यक्रम में बसपा प्रमुख मायावती को मुकुट भेंट करते नेता।

सियासत

मोदी लहर में भाजपा ने इस सीट पर किया था कब्जा, इस बार जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में पार्टी

# मछली शहर में भाजपा की मजबूत किलेबंदी तोड़ने की चुनौती

विनय जायसवाल, मऊ

मछली शहर संसदीय सीट पर इस बार भाजपा ने जीत की हैट्रिक लगाने को मजबूत किलेबंदी की है। वर्तमान सांसद बीपी सरोज पर पार्टी ने फिर विश्वास जताया है। लगातार दो चुनावों से दूसरे नंबर पर रह रही बसपा इस बार हर हाल में जीत दर्ज करने की कोशिश कर रही है तो सपा- कांग्रेस गठबंधन ने भी चक्रव्यूह रच दिया है। पिछले चुनाव में मात्र 181 वोटों से बसपा यह सीट हार गई थी।

इस बार इस सीट पर मुकाबला काफी रोचक होने की उम्मीद है। सपा ने इस सीट पर कब्जा करने के लिए पूर्व सांसद एवं केराकत से विधायक तूफानी सरोज की



बीपी सरोज।



कृपाशंकर सरोज।



प्रिया सरोज।

बेटी प्रिया सरोज को चुनाव है तो बसपा ने पंजाब कैडर से रिटायर्ड आईएएस अफसर कृपा शंकर सरोज को। बेटी की जीत के लिए तूफानी सरोज लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं। लोगों को यह बताने में जुटे हैं कि भाजपा पुनः सत्ता में आएगी तो संविधान बदल देगी और आरक्षण खत्म कर देगी। वे लगातार बसपा को भाजपा की बी टीम साबित करने में जुटे हुए हैं। बसपा उम्मीदवार भी सपा उम्मीदवार को कमजोर बता रहे हैं। यह मतदाताओं को समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि बसपा की जीत रोकने के लिए ही सपा ने यहां से कमजोर प्रत्याशी दिया है। सपा को जहां पिछड़े , दलित और अल्पसंख्यक मतदाताओं पर भरोसा है तो बसपा के कृपा शंकर यह मानकर चल रहे हैं कि उनकी पार्टी की सर्वजन सुखाय की जो नीति है उसका लाभ उन्हें मिलेगा। परंपरागत वोटों के साथ ही अन्य जातियों के मतदाता

### 181 वोटों से भाजपा को मिली थी जीत

- 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को बड़ी मुश्किल से जीत मिली थी। पार्टी उम्मीदवार बीपी सरोज बसपा उम्मीदवार से मात्र 181 वोटों से ही जीत पाए थे। तब बसपा- सपा का गठबंधन था। इस बार सपा और कांग्रेस का गठबंधन है। केराकत और मछलीशहर विधानसभा सीट पर सपा के विधायक हैं तो सुभासपा, मड़ियाहू में अपना दल और पिंडरा से भाजपा का विधायक है। 2019 में पिंडरा में मिली बढ़त की वजह से ही भाजपा को 181 मतों से जीत मिली थी। भाजपा न सिर्फ जीत के अंतर को बड़ा करना चाहती है बल्कि यह भी बताना चाहती है कि कि उसके विरुद्ध होने वाला कोई भी गठजोड़ कामयाब नहीं होगा।

भी उनका समर्थन करेंगे।

**दलित और ओवीसी मतदाता निर्णायकः** इस संसदीय सीट पर दलित और पिछड़ा वर्ग के मतदाता ही निर्णायक भूमिका में होते हैं। पिछड़ी जातियों में सर्वाधिक संख्या यादवों की है। 2019 के लोकसभा चुनाव में सुभासपा ने भाजपा के साथ गठबंधन नहीं किया था। तब इसका नुकसान भाजपा को हुआ था। पार्टी यह सीट भले ही जीत गई थी लेकिन जीत का अंतर मामूली था। सुभासपा प्रत्याशी ने इस सीट पर 11 हजार से अधिक वोट पाकर सपा- बसपा गठबंधन का खेल बिगाड़ा था। अबकी सुभासपा ने भाजपा का साथ मजबूती के साथ पकड़ा है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,738.45 | 22,368 |
| तेजी | 89.83 | 31.60 |
| प्रतिशत में | 0.12 | 0.14 |

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 990 फ्लैग- 1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 860
**रामपुर :** शिवालिक-985 फ्लैग- 1100 डीएमओ-880 बोल्ड-1160

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 82200 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73700 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 54900-55100 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 74,150 |
| सोना रवा | 74,000 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 84,100 |
| चांदी (999) | 84,100 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 74000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 73000 |
| सिल्वर (पक्की) | 810 (अनुमानित) |

## हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती-70-75 मसूरी- 52 बासमती-102 दाल दलहन : काला चना- 80 साबुत चना दाल- 80-90 मूंग साबुत- 122 राजमा-122-145 दाल उड़द-122 साबुत मसूर दाल-74-100 मसूर दाल-78-105 उड़द साबुत-124 काबुली चना-115-120 अरहर दाल-145-167 लोबिया/करमानी-102-120 सोयाबीन-73 मूंगफली-70 मटर (सूखी)-55 मक्का-22

### सोना 1,450 टूटकर 72,200 रुपये, चांदी 2,300 रुपये लुढ़की

**नई दिल्ली।** मुनाफावसूली से सोने में दूसरे दिन भी गिरावट दिखी। सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 1,450 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट के साथ 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। चांदी की कीमत में भी 2,300 रुपये प्रति किलो की गिरावट के साथ 83,500 रुपये आई। पिछले सत्र में सोना 73,650 रुपये प्रति 10 ग्राम तो वहीं चांदी 85,800 रुपये प्रति किग्रा था।

# कृषि निर्यात अप्रैल-फरवरी में 8.8% घटकर 43.7 अरब डॉलर हुआ

## रूस-यूक्रेन युद्ध और चावल, गेहूं, चीनी तथा प्याज पर लगे घरेलू प्रतिबंध से आई गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश का कृषि निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-फरवरी के दौरान 8.8% घटकर 43.7 अरब डॉलर रहा। इसका मुख्य कारण लाल सागर संकट, रूस-यूक्रेन युद्ध और चावल, गेहूं, चीनी तथा प्याज जैसी महत्वपूर्ण वस्तुओं पर लगाए गए घरेलू प्रतिबंध हैं। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की अप्रैल-फरवरी अवधि में कृषि निर्यात 47.9 अरब डॉलर रहा था। देश के कृषि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भी गिरावट देखी गई। यह 2023-24 में केवल 0.7% बढ़ी, जो 2022-23 में 4.7% थी।

आंकड़ों से पता चला कि एपीडा (कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण) 'बास्केट' में 719 अनुसूचित कृषि उत्पादों का



निर्यात पिछले वर्ष के 11 महीनों के दौरान 6.85% घटकर 22.4 अरब डॉलर रहा। जबकि अप्रैल-फरवरी 2022-23 में यह 24 अरब डॉलर था। अधिकारी ने कहा कि चावल, गेहूं, चीनी और प्याज जैसी वस्तुओं पर निर्यात प्रतिबंध से पिछले वर्ष में पांच-छह अरब डॉलर का कृषि निर्यात प्रभावित हुआ है। 24 प्रमुख वस्तुओं में से 17 में सकारात्मक वृद्धि देखी गई है। इसमें ताजे फल, भैंस का मांस, प्रसंस्कृत सब्जियां, बासमती चावल और केला शामिल हैं।

### कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कार्य योजना पर काम जारी

**नई दिल्ली।** सरकार केला, आम, आलू और बेबी कॉर्न सहित 20 कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना तैयार कर रही है। वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि इनमें से प्रत्येक उत्पाद के लिए कार्ययोजना अगले 3-4 महीनों में तैयार होने की संभावना है। आगे की कार्रवाई के लिए राज्यों सहित सभी संबंधित पक्षों के साथ कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। इन वस्तुओं के निर्यात को बढ़ाने की गुंजाइश है, क्योंकि इनका उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ अधिक मात्रा में उत्पादन होता है और ये वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धी हैं। हमने 20 उत्पादों की पहचान की है। इस समय वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी कम है। हम इन सभी उत्पादों के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर काम कर रहे हैं।

# प्रतिकूल मौसम से महंगाई बढ़ने का जोखिम

**मुंबई, एजेंसी**

प्रतिकूल मौसम के कारण महंगाई बढ़ने का खतरा हो सकता है। साथ ही वैश्विक स्तर पर लंबे समय से जारी तनावपूर्ण स्थिति से कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता बनी रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक के अप्रैल के बुलेटिन में यह कहा गया है।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में घटकर 4.9% हो गई। इससे पहले पिछले दो महीनों में यह औसतन 5.1% रही थी। रिजर्व बैंक अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति पर पहुंचते समय मुख्य रूप से खुदरा महंगाई को ध्यान में रखता है। केंद्रीय बैंक ने मुद्रास्फीति के मोर्चे पर चिंताओं का हवाला देते हुए फरवरी, 2023 से प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 6.5% पर अपरिवर्तित रखा है। बुलेटिन में प्रकाशित लेख 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' में कहा गया कि 2024 की पहली तिमाही में वैश्विक वृद्धि की गति बरकरार रही है और विश्व व्यापार का परिदृश्य सकारात्मक हो रहा है। बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में बॉन्ड प्रतिफल और कर्ज की ब्याज दर बढ़ रही है। ब्याज दर में कमी को लेकर जो संभावनाएं थी, वह कमजोर पड़ी हैं। आरबीआई ने कहा कि बुलेटिन में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और भारतीय रिजर्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

### मौजूदा हालात में पूंजी बफर व्यवस्था जरूरत नहीं

**मुंबई।** आरबीआई ने कहा कि उसने प्रति-चक्रीय यानी मुश्किल हालात से निपटने के लिए लाई गई पूंजी बफर (सीसीवाईबी) व्यवस्था को सक्रिय नहीं करने का फैसला किया है, क्योंकि मौजूदा हालात में इसकी जरूरत नहीं है। आरबीआई ने फरवरी, 2015 में कठिन समय से पार पाने के लिए पूंजी बफर व्यवस्था से संबंधित रूपरेखा लागू की थी। इसमें यह सलाह दी गई थी कि सीसीवाईबी को परिस्थितियों के हिसाब से जरूरत महसूस होने पर लागू किया जाएगा और इस बारे में सामान्य तौर पर पहले घोषणा की जाएगी। केंद्रीय बैंक की रूपरेखा के मुताबिक, सीसीवाईबी को लागू करने के मुख्य संकेतक के रूप में ऋण-सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अंतर यानी कर्ज जीडीपी अनुपात और इसके दीर्घकालीन रुख के बीच अंतर पर गौर किया जाएगा। इसके साथ अन्य संकेतकों का तालमेल बिठाने के बाद ही कोई फैसला किया जाएगा।

# डेटा खपत में जियो नं. 1 ऑपरेटर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- भारतीय दूसरसंचार सेवा ऑपरेटर ने चाइना मोबाइल को पहले स्थान से विस्थापित कर दूसरे पायदान पर पहुंचाया

भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में धाक जमाने के बाद रिलायंस जियो ने डेटा खपत के मामले में भी एक नया वैश्विक रिकॉर्ड कायम किया है, डेटा ट्रैफिक के मामले में वह नंबर एक सेवा प्रदाता बन गयी है।

टेलीकॉम कंपनियों के डेटा ट्रैफिक, ग्राहक आधार पर टीएफिशियंट की रिपोर्ट के अनुसार पिछली तिमाही में रिलायंस जियो के नेटवर्क पर कुल डेटा ट्रैफिक 40.9 एक्साबाइट रहा। डेटा खपत का यह स्तर तय करते हुए इस भारतीय दूसरसंचार सेवा ऑपरेटर ने चाइना मोबाइल को पहले स्थान से विस्थापित कर दिया है। चीन की कंपनी अब दूसरे पायदान पर खिसक गई है। चाइना मोबाइल के नेटवर्क पर आलोच्य अवधि में डेटा खपत 40 एक्साबाइट से कम रही। चीन की एक और कंपनी चाइना टेलीकॉम तीसरे नंबर पर, तो भारतीय एयरटेल चौथे नंबर पर रही। जियो के अधिकारी ने कहा, 5जी सेवाओं के शुरु होने के बाद, रिलायंस जियो के डेटा खपत में पिछले वर्ष के मुकाबले 35.2 फीसदी का उछाल देखने को मिला। इसकी मुख्य वजह है जियो का ट्रू 5जी नेटवर्क और जियो एयर फाइबर का विस्तार। जियो के तिमाही नतीजों के मुताबिक जियो ट्रू 5जी नेटवर्क पर 10 करोड़ 80 लाख ग्राहक जुड़ चुके हैं और डेटा ट्रैफिक का 28 फीसदी हिस्सा अब 5जी नेटवर्क से आ रहा है।

# वोडाफोन आइडिया ने एफपीओ के लिए 11 रुपये प्रति शेयर को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** दूरसंचार परिचालक वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) के बोर्ड ने अपने 18,000 करोड़ रुपये के एफपीओ के तहत पेशकश मूल्य 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया है।

कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उसके बोर्ड ने एंकर निवेशकों के लिए 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के पेशकश मूल्य को भी मंजूरी दी है। वीआईएल ने बताया कि निम्नलिखित प्रस्ताव भी पारित किए गए 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के पेशकश मूल्य को मंजूरी देना 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के एंकर निवेशक पेशकश मूल्य को मंजूरी देना। कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने भारत के अब तक के सबसे बड़े अनुवर्ती सार्वजनिक पेशकश (एफपीओ) के जरिए 18,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इसके साथ वीआईएल को भारतीय दूरसंचार बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धी स्थिति को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी, जहां उसे रिलायंस जियो और एयरटेल से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है।

# सिंगापुर, हांगकांग से मसाला उत्पादों पर रोक पर भारत ने मांगी जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- वाणिज्य मंत्रालय ने इन देशों में मौजूद भारतीय दूतावासों को विस्तृत रिपोर्ट देने के लिए कहा

मसालों के सबसे बड़े उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक भारत ने सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामकों से दो भारतीय कंपनियों के मसाला उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने से संबंधित ब्योरा मांगा है। सिंगापुर और हांगकांग ने हाल ही में गुणवत्ता संबंधी चिंताओं पर एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ मसालों पर प्रतिबंध लगाया है।

वाणिज्य मंत्रालय ने इन देशों में मौजूद भारतीय दूतावासों को इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया है। मंत्रालय ने एमडीएच और एवरेस्ट से भी विवरण मांगा है। उनके उत्पादों में कथित तौर पर मान्य सीमा से अधिक कीटनाशक 'एथिलीन ऑक्साइड' होने के कारण प्रतिबंध लगाया गया है। मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि कंपनियों से विवरण मांगा गया है। भारतीय मसाला उत्पादों को नकारे जाने के मूल कारण का निदान संबंधित निर्यातकों के साथ मिलकर किया जाएगा। सिंगापुर और हांगकांग स्थित दूतावासों से तकनीकी विवरण, विश्लेषणात्मक रिपोर्ट और निर्यातकों के बारे में ब्योरा मांगा गया है। सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य एवं पर्यावरण स्वच्छता विभाग से भी विवरण मांगा गया है। भारतीय मसाला बोर्ड एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला-मिश्रण उत्पादों की बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंध पर विचार कर रहा है।



## एक नजर

### मप्र में कार से 1.03 करोड़ नकद और चार किग्रा चांदी के आभूषण जब्त

**मंदसौर (मप्र)।** मंदसौर जिला पुलिस ने वाहनों की जांच के दौरान कार से 1.03 करोड़ की नकदी और चार किलोग्राम चांदी के आभूषण जब्त किये हैं। पुलिस ने सोमवार को बताया कि कार सवार दो पुरुष और एक महिला को हिरासत में लिया गया। नई आबादी थाना प्रभारी वरुण तिवारी ने बताया कि देर रात कार को रोका और आगे की सीटों के नीचे डिब्बे बनाकर रखी गई नकदी और चांदी के आभूषण बरामद किए। अधिकारी ने बताया कि जब्ती के बारे में आयकर विभाग को सूचित किया जाएगा। मंदसौर में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत 13 मई को मतदान होगा।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को कोर्ट ने सुनाई 20 वर्ष कारावास की सजा

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर के पोक्सो न्यायालय ने मंगलवार को नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी मौसा को 20 साल के कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई। लोक अभियोजक रूपेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि मामला 16 जुलाई 2023 का केकड़ी के बोराड़ा थाने से जुड़ा है, जहां सगे मौसा ने 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था। दुष्कर्म के मामले में पोक्सो न्यायालय के न्यायाधीश बन्ना लाल जाट ने अपने फैसले में दुष्कर्म के आरोपी मौसा को 20 साल का कारावास, 49 हजार के आर्थिक दंड से दंडित किया है। न्यायाधीश ने अपने फैसले में पीड़िता को प्रतिकर स्कीम में छह लाख रुपये दिये जाने के भी आदेश दिये हैं।

### कश्मीर में आठ ड्रग तस्करों के खिलाफ केस

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने आठ कुख्यात ड्रग तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तस्करों को हिरासत में ले लिया गया है और बाद में जम्मू के सेंट्रल जेल कोट-भलवाल भेज दिया गया। आरोपी बांदी, कुंजर, ओगमुना, पट्टन, मिरगुंड वागुरा, क्रेरी और जिले के अन्य क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को ड्रग्स की आपूर्ति करके नशीली दवाओं के दुरुपयोग को बढ़ावा देने में शामिल थे।

### पति ने की गला रेतकर पत्नी की हत्या

**अलवर।** राजस्थान में अलवर जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम ढिगावडा में मंगलवार अल सुबह एक व्यक्ति ने पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि खेड़ला, मालाखेड़ा निवासी देवीदयाल मीना ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी बहन काली की सुबह उसके पति ढिगावडा के श्रीराम ने गला काटकर हत्या कर दी। पुलिस मौके पहुंची तो घर में काली का शव पड़ा था और उसका गला कटा था। अभी हत्या करने के कारणो का पता नहीं चला है। आरोपी मौके से फरार है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विस्फोट में झुलसे तीसरे मजदूर की भी मौत

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर के पटाखा कारखाने में हफ्ते भर पहले हुए विस्फोट में झुलसे मजदूर की अस्पताल में इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। अब मरने वालों की संख्या तीन हो गई है। चोइथराम हॉस्पिटल के उप निदेशक (स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. अमित भट्ट ने बताया कि पटाखा कारखाने में हुए विस्फोट में झुलसे अर्जुन राठौर (27) ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पहले मरने वालों में रोहित परमानंद और उमेश चौहान भी हैं। इंदौर शहर से 25 किलोमीटर दूर जंगल में एक खेत में चलाए जा रहे कारखाने में 16 अप्रैल को रस्सी बम बनाए जाने के दौरान विस्फोट हुआ था। शुरुआती जांच में सामने आया था कि कारखाने में एक बार में केवल 15 किलोग्राम बारूद रखने की मंजूरी थी, लेकिन वहां काफी मात्रा में बारूद था। कारखाने का संचालक मोहम्मद शाकिर खान फरार था जिसे इंदौर से 17 अप्रैल को पकड़ा गया था।

# लोगों का धन अपने खास में बांटने की कांग्रेस ने रची साजिश: मोदी

## दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों का आरक्षण खत्म नहीं होने दिया जाएगा

**जयपुर, एजेंसी**

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के आरक्षण को मुसलमानों को देना चाहती थी। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में लोगों का धन अपने 'खास' लोगों में बांटने की गहरी साजिश रची है। मोदी ने कहा कि देश में दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों का आरक्षण न खत्म होगा न ही उसे धर्म के नाम पर बांटने दिया जाएगा। कांग्रेस के राज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह है। मोदी ने कांग्रेस पर यह टिप्पणी उस दिन की जबकि देश भर में हनुमान जयंती मनाई जा रही है।

मोदी ने टोंक के उनियारा में चुनावी सभा में कहा कि 2004 में जैसे ही कांग्रेस केंद्र में आई तो उसके सबसे पहले आंध्र प्रदेश में अनुसूचित जाति-जनजाति के आरक्षण को कम कर मुसलमानों को देने का प्रयास था। 'संपत्ति के पुनर्वितरण' संबंधी टिप्पणी पर प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने लोगों का धन अपने 'खास' लोगों को बांटने की गहरी साजिश रची है। मोदी ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन ने भाषण दिया था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। ये संयोग नहीं था। ये अकेला बयान नहीं था। 2004 से 2010 के बीच कांग्रेस ने चार बार आंध्र प्रदेश में मुस्लिम आरक्षण लागू करने की कोशिश की लेकिन सुप्रीम कोर्ट की जागरूकता से वो ऐसा नहीं कर पाए। जब कर्नाटक में भाजपा आई तो उसने मुस्लिमों को दिये आरक्षण को खत्म किया।

उन्होंने कहा कि दो दिन पहले बांसवाड़ा में दिए 90 सेकंड के भाषण में वोट बैंक और तुष्टीकरण की राजनीति उजागर होने के बाद कांग्रेस व गठबंधन में भगदड़ मच गई है। मैंने देश के सामने सत्य रखा। दो-तीन दिन पहले मैंने कांग्रेस की इस वोटबैंक और तुष्टिकरण की राजनीति का पर्दाफाश किया था। इससे कांग्रेस को इतनी मिर्ची लगी है कि वे हर तरफ मुझे गालियां देने में जुटे हैं।

### कांग्रेस उम्मीदवार की टिप्पणी पर पीएम बोले- देश तोड़ने की चाल है



**सक्ती (छत्तीसगढ़)।** प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर उसके गोवा के उम्मीदवार की उस टिप्पणी पर निशाना साधा जिसमें कहा गया है कि तटीय राज्य पर भारतीय संविधान थोपा गया है। मोदी ने इसे देश को तोड़ने की चाल करार दिया। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में चुनावी रैली में मोदी ने आरोप लगाया कि धर्म के नाम पर देश को बांटने वाली कांग्रेस आजादी के बाद से ही तुष्टिकरण में लगी है। मोदी ने दक्षिण गोवा के कांग्रेस उम्मीदवार विरीएटो फर्नांडिस के बयान पर कहा कि कांग्रेस को देश के बड़े हिस्से ने नकार दिया है इसलिए वह देश में अपने लिए ऐसे टापू बनाना चाहती है। प्रधानमंत्री जांजगीर-चांपा क्षेत्र के सक्ती कस्बे के चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

# नीतेश, गीता के विरुद्ध भड़काऊ भाषण देने का मामला दर्ज

**मुंबई।** महाराष्ट्र पुलिस ने मंगलवार को बंबई उच्च न्यायालय को सूचित किया कि जनवरी में ठाणे जिले में सांप्रदायिक हिंसा के दौरान भड़काऊ भाषण देने के मामले में उन्होंने भाजपा विधायकों नीतेश राणे और गीता जैन के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति मंजुषा देशपांडे की खंडपीठ ने पिछले सप्ताह संबंधित पुलिस आयुक्तों से इस बारे में व्यक्तिगत रूप से सत्यापन करने को कहा था कि क्या दोनों नेताओं के भाषण अपमानजनक और भड़काऊ थे।

सरकारी अभियोजक हितेन वेंगांवकर ने कोर्ट से कहा कि प्रारंभिक पड़ताल से पता चलता है कि इस साल जनवरी में ठाणे के मीरा भायंदर इलाके में सांप्रदायिक हिंसा के बीच राणे और जैन द्वारा दिए भाषण अपमानजनक थे। वेंगांवकर ने कहा कि राणे पर मुंबई के मालवानी, मानखुर्द और घाटकोपर में रैलियों में नफरत भरे भाषण देने का आरोप है। जैन पर मीरा भायंदर में एक रैली में नफरत भरा भाषण देने का आरोप है।

# उच्चतम न्यायालय ने निलंबित की कांग्रेस विधायक की सजा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**भ्रष्टाचार का मामला**

- विधायक की अपील पर ओडिशा सरकार को जारी किया नोटिस
- तीन साल कारावास और 50 हजार जुर्माने की हुई थी सजा

उच्चतम न्यायालय ने भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस विधायक मोहम्मद मुकीम की सजा मंगलवार को निलंबित कर दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कटक-बाराबती के विधायक की अपील पर ओडिशा सरकार को नोटिस जारी किया। विधायक ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है।

पीठ ने कहा कि नोटिस जारी करें। पक्षों को सुनने और सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, याचिकाकर्ता की सजा को निलंबित करने का आदेश दिया जाता है। मुकीम को एक सतर्कता अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में तीन साल के कठोर कारावास की सज़ा सुनाई थी और उन पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। उनकी अपील को हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को रद किया था। भुवनेश्वर में सतर्कता मामलों के विशेष न्यायाधीश ने उन्हें 29 सितंबर 2022 को दोषी ठहराया था। सतर्कता विभाग ने कहा कि मेट्रो बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मुकीम ने अधिकारी संग मिलीभगत करके राज्य संचालित ओडिशा ग्रामीण आवास एवं विकास निगम लिमिटेड (ओआरएचडीसी) से ऋण की आड़ में रियल एस्टेट कंपनी को आर्थिक लाभ पहुंचाया।

### कांग्रेस विधायक पर कार्रवाई के लिए आयोग को लिखा पत्र

**नई दिल्ली/बेंगलुरु।** ईडी ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा कि विस चुनाव के दौरान रिश्वत देने सहित गैरकानूनी लेन-देन के लिए 42 करोड़ रुपये जुटाने के मामले में कर्नाटक से कांग्रेस विधायक नारा भरत रेड्डी पर कार्रवाई की जाए। कर्नाटक लोकायुक्त को लिखे पत्र में बेल्लारी शहर सीट से विधायक के खिलाफ सबूतों पर गौर करने और मामला दर्ज करने का अनुरोध किया गया है।

# कर्नाटक सीएम का सूखा राहत राशि जारी करने में देरी पर धरना

**बेंगलुरु, एजेंसी**

- सात महीने के गंभीर सूखे के बाद भी राहत राशि जारी नहीं करने का केंद्र सरकार पर सिद्धरमैया ने लगाया आरोप

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने मंगलवार को केंद्र सरकार के सूखा राहत राशि जारी करने में देरी के खिलाफ धरना दिया और इस मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की निंदा की।

सिद्धरमैया ने कहा कि विधान सौध परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन हुआ जहां विधानमंडल और राज्य सचिवालय हैं। इसक उद्देश्य भाजपा नीत केंद्र सरकार द्वारा कर्नाटक और उसके लोगों के साथ किए 'अन्याय' की ओर जनता का ध्यान आकर्षित करना था। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी और शाह 'कर्नाटक और इसके किसानों से नफरत करते हैं' जिसके कारण सात महीने के गंभीर सूखे के बाद भी सूखा राहत राशि जारी नहीं की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य ने 100 साल में इतना भीषण सूखा नहीं देखा है। उन्होंने सरकारी सर्वेक्षण रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि राज्य के 240 में से 223 तालुक सूखा प्रभावित हैं। सिद्धरमैया ने सत्तारूढ़ कांग्रेस द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा, कि मोदी और अमित शाह कर्नाटक और इसके किसानों से नफरत करते हैं। जब हमने उनसे राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के मानदंडों के अनुसार सूखा राहत सहायता प्रदान करने के लिए कहा, तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

कांग्रेस महासचिव और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, मंत्री रामलिंगा रेड्डी और कृष्णा बायरे गौड़ा और कुछ कांग्रेस सांसद और विधायक भी इस दौरान उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि सहायता राशि जारी करने की मांग को लेकर केंद्र को कई ज्ञापन दिये गये लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का आकलन है कि एनडीआरएफ मानदंडों के अनुसार सूखा राहत कार्य के लिए 18,171 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। सिद्धरमैया ने कहा कि अपर्याप्त बारिश के कारण 48,000 हेक्टेयर में खड़ी फसलें नष्ट हो गईं और राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से प्रत्येक किसान को 2,000 रुपये का भुगतान किया जिससे 34 लाख किसानों पर कुल 650 करोड़ रुपये का खर्च आया।

# भोजशाला: एएसआई ने सर्वे पूरा करने के लिए मांगा समय

**इंदौर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के आदेश पर धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में महीने भर से वैज्ञानिक छानबीन कर रहे एएसआई ने यह कवायद पूरी करने के लिए अदालत से आठ सप्ताह की मोहलत मांगी है। एएसआई ने इंदौर पीठ में दायर अर्जी में कहा कि परिसर की संरचनाओं के उजागर भागों की प्रकृति को समझने के लिए उसे कुछ और समय की दरकार है। कोर्ट ने इस पर अगली सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख पहले ही तय कर रखी है। इस तारीख को एएसआई की ताजा अर्जी पर भी सुनवाई हो सकती है। कोर्ट ने 11 मार्च को एएसआई को छह सप्ताह में सर्वे करने का आदेश दिया था।

# श्रीराम के चित्र वाली प्लेट में बिरयानी परोसने की शिकायत पर दुकानदार हिरासत में

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली पुलिस ने शिकायत के बाद एक व्यक्ति को कुछ समय के लिए हिरासत में लिया कि उसने उत्तर पश्चिमी दिल्ली के जहांगीरपुरी में एक बार इस्तेमाल होने वाली (डिस्पोजेबल) प्लेटों में बिरयानी बेची थी जिन पर कथित तौर पर भगवान श्रीराम की तस्वीर थी। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि दुकानदार ने एक कारखाने से 1000 प्लेट खरीदी थीं और उनमें से केवल चार पर भगवान श्रीराम का चित्र था। उसे प्लेटों पर भगवान श्रीराम के चित्र की जानकारी नहीं थी और कारखाना मालिकों ने भी इस बात की पुष्टि की है। दिल्ली पुलिस को शनिवार शाम को जहांगीरपुरी इलाके से किसी का फोन आया था कि एक व्यक्ति भगवान श्रीराम के चित्र वाली प्लेटों में बिरयानी बेच रहा है। टीम वहां पहुंची तो कुछ लोग दुकान के बाहर दिखे। उन्हें जांच का आश्वासन देकर शांत कराया गया। दुकान को पहले हिरासत में लिया गया और बाद में छोड़ दिया गया। प्लेट भी जब्त कर ली गई है। अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है और जांच जारी है।

# मेरी मां का मंगलसूत्र देश के लिए कुर्बान हुआ : प्रियंका गांधी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलसूत्र संबंधी प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी पर मंगलवार को पलटवार किया कि उनकी मां सोनिया गांधी का मंगलसूत्र देश के लिए कुर्बान हुआ है।

प्रियंका ने बेंगलुरु की चुनावी सभा में कहा कि अगर प्रधानमंत्री मंगलसूत्र का महत्व समझते को ऐसी बातें नहीं करते। राजस्थान के बांसवाड़ा में रविवार को रैली में प्रधानमंत्री ने कहा था कि कांग्रेस की योजना लोगों की कमायी और संपत्ति 'घुसपैठियों' तथा ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले लोगों को देने की है। ये अर्बन नक्सल वाली सोच.... मेरी माताओ- बहनों ये आपका मंगलसूत्र भी बचने नहीं देंगे। इस हद तक चले जाएंगे। प्रियंका ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री मंगलसूत्र का महत्व समझते तो ऐसी बातें नहीं करते..55 साल क्या कांग्रेस ने किसी का सोना या मंगलसूत्र छीना? जब देश युद्ध लड़ रहा था, इंदिरा जी ने गहने देश को दे दिए थे।

# कोर्ट का पूर्व विशेष डीजीपी की सजा निलंबित करने से इनकार

**यौन उत्पीड़न का मामला**

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने यौन उत्पीड़न के मामले में तमिलनाडु के पूर्व विशेष पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजेश दास को सुनाई गई तीन साल की सजा निलंबित करने से मंगलवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एम दंडपाणि ने दास को निचली अदालत में आत्मसमर्पण करने से छूट देने से भी मनाकर दिया। 2021 में महिला अधिकारी का यौन उत्पीड़न के मामले में विल्लुपुरम कोर्ट ने दास को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई थी।

# नोवाक साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी स्पेन की टीम को भी लॉरियस पुरस्कार

**मैड्रिड।** पिछले साल पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप जीतने वाली स्पेन की टीम को सोमवार को लॉरियस विश्व खेल पुरस्कारों में दो और पुरस्कार मिले। स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को 2023 के लिए दुनिया की साल की सर्वश्रेष्ठ टीम चुना गया जबकि मिडफील्डर एताना बोनमाती को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। समारोह का आकर्षण नोवाक जोकोविच रहे जिन्हें साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। अमेरिका की जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को वापसी करने वाली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। रीयाल मैड्रिड के फॉरवर्ड ज्यूड बेलिंगहैम को 'ब्रेकथ्रू पुरस्कार' मिला जबकि दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल को उनके फाउंडेशन की बदौलत स्पोर्ट फोर गुड अवार्ड से नवाजा गया। जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन में खिताब जीतने के साथ रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए पांचवीं बार लॉरियस पुरस्कार जीता। लॉरियस के अनुसार नडाल के फाउंडेशन को स्पेन और भारत में 1,000 से अधिक कमजोर युवाओं की मदद करने के लिए पुरस्कृत किया गया।



2012 को याद करता हूं, जब मैंने 24 साल की उम्र में पहली बार इसे जीता था। 12 साल बाद यहां आकर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। मैं अपने पीछे एक अविश्वसनीय टीम और प्रेरणादायक प्रतिद्वंद्वियों के बिना ये सफलता हासिल नहीं कर पाता।
**- नोवाक जोकोविच**

# भारतीय ट्रैप निशानेबाजों को ड्रॉ में मिली हार

**दोहा, एजेंसी**



आईएसएसएफ ओलंपिक शॉटगन क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा कर रहे छह भारतीय ट्रैप निशानेबाजों में से कोई भी फाइनल में जगह बनाने में कामयाब नहीं हुआ। कतर के दोहा में आयोजित चैंपियनशिप की पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में तीन भारतीय निशानेबाज विवान कपूर, जोरावर सिंह संधू और पृथ्वीराज टोंडिमन में से कोई भी क्वालीफाइंग राउंड से आगे नहीं बढ़ पाए। इसके अलावा मनीषा कीर, नीरू और श्रेयसी सिंह का महिला टीम भी अपने स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने में असफल रही।

पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में, पृथ्वीराज टोंडिमन 119 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में 23वें स्थान पर रहते हुए बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भारतीय रहे। विवान कपूर 116 स्कोर के साथ 56वें स्थान पर रहे, जबकि जोरावर सिंह संधू 114 के स्कोर के साथ 140 में 82वें स्थान पर रहे। इस दौरान केवल शीर्ष छह निशानेबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। मनीषा कीर 111 के स्कोर के साथ 37वें स्थान पर रहते हुए महिलाओं के ट्रैप क्वालीफायर में शीर्ष स्थान पर रहीं।

# दिल्ली कैपिटल्स को गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ उतरेगी तो उसे अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जबकि ऋषभ पंत की कप्तानी पर भी नजरें रहेंगी। पंत के लिए घरेलू मैदान पर वापसी उम्मीद के मुताबिक नहीं रही और दिल्ली को लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद शनिवार को घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 67 रन की बड़ी हार का सामना करना पड़ा।

टीम अच्छी तरह से जानती है कि अगर उसे प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जीवंत रखना है तो जीत की राह पर लौटना होगा। सनराइजर्स ने दिल्ली के गेंदबाजों के खिलाफ आसानी से रन बटोरे। तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ नोर्किया बिलकुल भी लय में नजर नहीं हैं। वहीं, पीठ में जकड़न से बाहर चल रहे इशांत शर्मा के वापसी की उम्मीद होगी।

**मुकाबला आज**
दिल्ली कैपिटल्स बनाम गुजरात टाइटंस
समय : शाम 7:30 बजे





वहीं, नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में टाइटंस के प्रदर्शन में भी निरंतरता की कमी दिखी है लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में तीन विकेट की जीत की बदौलत यह पूर्व चैंपियन टीम आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से आठ अंक के साथ छठे स्थान पर है। टाइटंस की नजरें भी लय को बरकार रखने पर टिकी होंगी।

## खेल डायरी

### चमारी अटापट्टू महिला बल्लेबाजी वनडे रैंकिंग के शीर्ष पर पहुंची

**दुबई।** पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 195 रनों रिकार्डो वाली पारी खेलने वाली श्रीलंका महिला टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू आईसीसी की महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई है। चमारी की इस पारी ने महिला क्रिकेट के कई रिकॉर्ड ध्वस्त किए थे, जिसमें एकदिवसीय में सफल लक्ष्य हासिल के दौरान सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर भी शामिल था।

### भारतीय एथलीट एशियाई अंडर 20 प्रतियोगिता के लिए तैयार

**दुबई।** प्रतिभाशाली एथलीट सिद्धार्थ चौधरी और मध्यम दूरी की धाविका लक्षिता सैंडिलिया बुधवार से शुरू हो रही एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग में अपने गोला फेंक और 1500 मीटर खिताब का बचाव करने की कोशिश करेंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने एशियाई अंडर-20 प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 31 पुरुषों सहित 60 सदस्यीय टीम का चयन किया है।

### आशी और स्वप्निल को थ्रीपी ट्रायल में शीर्ष स्थान

**नई दिल्ली।** आशी चौकसी और स्वप्निल कुसाले मंगलवार को राइफल/पिस्टल के लिए ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) के क्वालीफिकेशन में क्रमश: महिलाओं और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पहले स्थान पर रहे। आशी ने महिलाओं की थ्रीपी ओएसटी में विश्व स्तरीय 590 का स्कोर बनाया और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्ट कौर समरा (583) को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। तोक्यो ओलंपियन अंजुम मोदगिल 581 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

### भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं श्रीजा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों की मिश्रित युगल चैंपियन श्रीजा अकुला मंगलवार को नवीनतम आईटीटीएफ रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंची और मनिका बत्रा को पछाड़कर शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गईं। नवीनतम रैंकिंग में श्रीजा को एक स्थान का फायदा हुआ जबकि पिछले कुछ समय से भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका दो स्थान के नुकसान से 39वें पायदान पर खिसक गईं।

# ऋतुराज के शतक ने पहुंचाया 200 पार

## शिवम दुबे ने खेली 66 रनों की आतिशी पारी, लखनऊ को 211 रनों का दिया लक्ष्य



66 गेंदों में शानदार शतक लगाने के बाद दर्शकों का अभिवादन करते चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ● एजेंसी


अर्धशतक लगाने के बाद शिवम दुबे। ● एजेंसी

**चेन्नई 210/4** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 03

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अजिंक्या रहाणे का राहुल बो हेनरी | 1 | 3 | 0/0 |
| ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद | 108 | 60 | 12/3 |
| डेरिल मिचेल का हुड्डा बो यश ठाकुर | 11 | 10 | 1/0 |
| रविंद्र जडेजा का राहुल बो मोहसिन | 16 | 19 | 2/0 |
| शिवम दुबे रन आउट | 66 | 27 | 3/7 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 4 | 1 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** हेनरी 4-0-28-1, मोहसिन 4-0-50-1, बिश्नोई 2-0-19-0, यश ठाकुर 4-0-47-1, स्टोइनिस 4-0-49-0, कृणाल 2-0-15-0

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 08 | 379 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 06 | 324 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 07 | 318 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 08 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 08 | 13 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 08 | 13 |

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 | +0.698 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 | +1.206 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.941 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.529 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.123 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 | -1.055 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.227 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.477 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.292 |
| बेंगलुरु | 8 | 1 | 7 | 2 | -1.046 |

**चेन्नई, एजेंसी**

ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद (108) की शतकीय और शिवम दुबे (66) रनों की अर्धशतकीय आतिशी पारियों के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 39वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को जीत के लिए 211 रनों का लक्ष्य दिया है।

एम ए चिदंबरम स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के एल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे (1) का विकेट गवां दिया। उसके बाद डैरिल मिचेल ने ऋतुराज के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिये 45 रन जोड़े।

छठें ओवर में यश ठाकुर ने हुड्डा के हाथों कैच आउट कराकर मिचेल (11) को पवेलियन भेज दिया। 12वें ओवर में रवींद्र जडेजा (16) रन बनाकर आउट हुए। हालांकि दूसरे छोर से ऋतुराज लगातार रन बनाते रहे। उन्होंने 60 गेंदों में 12 चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद (108) रनों की पारी खेली। शिवम दुबे ने ऋतुराज चौथे विकेट लिये 104 रनों की साझेदारी की। वह 20वें ओवर की चौथी गेंद पर रनआउट हुए। उन्होंने 27 गेंदों में तीन चौके और सात छक्के लगाते हुए (66) रन बनाए। महेन्द्र सिंह धोनी ने मैच की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर टीम का स्कोर चार विकेट पर 210 रन पहुंचा दिया। लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से मैट हेनरी, मोहसिन खान और यश ठाकुर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# टी-20 विश्वकप में खेलने की संभावनाओं को सुनील नारायण ने किया खारिज

**कोलकाता, एजेंसी**



वेस्टइंडीज ऑलराउंडर स्पिनर सुनील नारायण ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्वकप में खेलने की किसी भी संभावना को खारिज करते हुए कहा कि 'अब दरवाजे बंद' हो चुके है।

बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के नारायण ने कहा कि मुझे इस बात से खुशी है और मैं आभारी भी हूं कि मेरे फॉर्म के कारण लोग चाहते हैं कि मैं संन्यास से वापसी करूं और आगामी टी-20 विश्व कप खेलूं, लेकिन मैंने संन्यास के निर्णय के साथ शांति चुनी थी और अब वे दरवाजे बंद हो चुके हैं। मैं वेस्टइंडीज के लिए खेल रहे लड़कों का समर्थन करूंगा, जिन्होंने टीम में आने के लिए पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है। ये खिलाड़ी एक और टी-20 विश्वकप खिताब जीतने की काबिलियत रखते हैं। नारायण के इस फॉर्म के कारण वेस्टइंडीज के टी-20 कप्तान रोवमन पॉवेल ने कहा था कि वह पिछले 12 माह से नारायण से संन्यास से वापसी के बारे में बोल रहे हैं।

### धीमी होंगी पिचें, बड़े स्कोर की उम्मीद नहीं

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड मिलर को कैरेबिया और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप में ज्यादा स्कोर वाले मैचों की उम्मीद नहीं है क्योंकि उन्हें लगता है कि वहां की पिचें धीमी होंगी। अनुकूल परिस्थितियों और बहुचर्चित इंपेक्ट प्लेयर नियम ने मौजूदा आईपीएल में बल्लेबाजों को दबदबा बनाने में मदद की है। मिलर ने कहा यह कहना मुश्किल होगा कि विश्व कप में अधिक स्कोर वाले मुकाबले होंगे या नहीं क्योंकि परिस्थितियां बहुत अलग होंगी। भारतीय विकेटों की तुलना में कैरेबियाई विकेट धीमे हो सकते हैं। यह उस दिन की परिस्थितियों का आकलन करने और उसके अनुसार खेलने से जुड़ा है।

### दिल्ली में आने के बाद परिपक्व हो गया हूं : कुलदीप

**नई दिल्ली।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव जब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का हिस्सा थे तब उनके प्रदर्शन में काफी गिरावट आई थी लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जुड़ने के बाद इस गेंदबाज ने आईपीएल के साथ राष्ट्रीय टीम के लिए भी शानदार प्रदर्शन किया। दिल्ली की टीम से जुड़ने के बाद कुलदीप ने 33 मैचों में 41 विकेट चटकाए है। कुलदीप बताया कि 2020 में घुटने की ऑपरेशन के बाद कोच कपिल पांडे की देखरेख में अभ्यास करते हुए उन्होंने नए कौशल विकसित किए जिसका फायदा मिला। मैं जब केकेआर में था तब मुझे मार्गदर्शन की जरूरत थी लेकिन अब ऐसी स्थिति नहीं है। अब मैं अपनी समझ से चीजें नियंत्रित करता हूं। माही भाई ने 2019 के बाद राष्ट्रीय टीम के लिए खेलना छोड़ दिया था और उसके बाद मुझे मार्गदर्शन की जरूरत महसूस हुई।

# टोरंटो में भारतीय भूचाल, गुकेश की जीत से आएगा बदलाव : कास्परोव

**नई दिल्ली, एजेंसी**



रूस के महान शतरंज खिलाड़ी गैरी कास्परोव ने विश्व चैंपियनशिप के लिए चुनौती पेश करने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बनने के लिए भारत के किशोर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश की सराहना करते हुए कहा कि 'टोरंटो में भारतीय भूचाल' आया और यह जीत विश्व शतरंज में बड़े बदलाव का संकेत है।

17 साल के गुकेश ने 40 साल पहले कास्परोव के बनाए रिकॉर्ड को तोड़ा। रूस का यह खिलाड़ी जब 22 वर्ष का था तब उन्होंने 1984 में विश्व खिताब के लिए हमवतन अनातोली कारपोव से भिड़ने के लिए क्वालीफाई किया था और वह उस समय के सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए थे। कास्परोव ने 'एक्स' पर लिखा, बधाई हो! टोरंटो में भारतीय भूचाल शतरंज की दुनिया में बदलाव का संकेत है क्योंकि 17 वर्षीय डी गुकेश सर्वोच्च खिताब के लिए चीन के चैंपियन डिंग लिरेन का सामना करेंगे।

गुकेश ने विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला करने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के 14वें और अंतिम दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा के साथ आसान ड्रॉ खेला और संभावित 14 में से नौ अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया।

### विश्व में छाए हुए हैं विशी आनंद के बच्चे

कास्परोव ने भारतीय शतरंज में आनंद के योगदान को स्वीकार करते हुए कहा विशी आनंद के बच्चे छाए हुए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में कास्परोव ने शतरंज के शक्ति केंद्र में बदलाव पर प्रकाश डालते हुए कहा, अमेरिका और इंग्लैंड के कई शीर्ष जूनियर खिलाड़ियों के नाम देखें, यह देखने के लिए कि चीन और भारत के प्रवासी शतरंज में उपलब्धि हासिल करने के लिए उतने ही जुनूनी हैं। वर्ष 1985 से 1993 तक निर्विवाद विश्व चैंपियन रहे कास्परोव ने लिखा, कास्परोव शतरंज फाउंडेशन ने इस लहर को बढ़ते देखा है और गुकेश की सफलता इसे और ऊपर उठाएगी।

# लीग चरण में बेहतर रैंकिंग वाली टीम के घर में होगा फाइनल मैच

**मुंबई, एजेंसी**

इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने कहा कि चार मई को होने वाला 2023-24 सत्र का फाइनल खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाली दोनों टीम में से उस टीम के घरेलू मैदान पर खेला जाएगा जो लीग चरण में बेहतर रैंकिंग वाली टीम थी।

मोहन बागान ने 15 अप्रैल को मुंबई सिटी एफसी को रोमांचक मुकाबले में हराकर लीग शील्ड जीती जबकि एफसी गोवा की टीम तीसरे स्थान पर रही। अब कोलकाता, मुंबई और गोवा आईएसएल फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी की दौड़ में हैं। ओडिशा एफसी और एफसी गोवा ने क्रमशः केरला ब्लास्टर्स एफसी और चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ अपने नॉकआउट मैच जीते और सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल मुकाबलों की शुरुआत 23 अप्रैल को भुवनेश्वर में मोहन बागान सुपर जाइंट और ओडिशा के बीच होगी। अगले दिन 24 अप्रैल को मुंबई सिटी गोवा में एफसी गोवा के खिलाफ सेमीफाइनल का पहला चरण खेलेगी।



### स्पेनिश लीगः बढ़ी मालोर्का की मुश्किलें


**सेविले (स्पेन)।** सेविला के खिलाफ स्पेनिश लीग में सोमवार को 1-2 की हार के बाद मालोर्का की मुश्किलें बढ़ गई हैं और टीम पर निचली लीग में खिसकने का खतरा (रेलीगेशन) मंडरा रहा है। लीग तालिका की निचली तीन टीम रेलीगेशन का सामना करेंगी और मालोर्का अभी सेल्टा विगो के साथ संयुक्त रूप से निचली चौथी टीम है। दोनों टीमों के नीचे से तीसरे स्थान पर चल रहे केडिज से छह अंक अधिक हैं जबकि चार दौर खेले जाने बाकी हैं। मालोर्का को रविवार को केडिज का सामना करना है। मालोर्का की टीम सेविला के खिलाफ पहले हाफ में हावी रही लेकिन मेजबान टीम ने दूसरे हाफ में यूसेफ एन नेसरी के हेडर से दागे गोल से बढ़त बनाई और 15 मिनट बाद इसाक रोमेरो ने स्कोर 2-0 कर दिया।

## बॉलीवुड हलचल



### सलमान की फिल्म सिकंदर में नजर आएंगी कियारा आडवाणी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी, दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर में काम करती नजर आ सकती है। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर अनाउंस की थी। कहा जा रहा है कि सलमान खान एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर का पहला शेड्यूल मई में शुरू करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन मुरुगादॉस करेंगे। चर्चा है कि सलमान खान की फिल्म सिकंदर में कियारा आडवाणी नजर आ सकती हैं। सिकंदर के एलान के कुछ दिनों बाद ही उन्हें साजिद नाडियाडवाला के ऑफिस के बाहर स्पॉट किया गया। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं, कि सिकंदर में कियारा आडवाणी की एंट्री हो गई है। सलमान खान की फिल्म सिकंदर का प्रोडक्शन साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं। सिकंदर अगले साल ईद 2025 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



### फिल्म दे दे प्यार दे 2 में काम करेगे अनिल कपूर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर, अजय देवगन की फिल्म दे दे प्यार दे के सीक्वल में काम करते नजर आ सकते हैं। वर्ष 2019 में प्रदर्शित फिल्म ' 'दे दे प्यार दे' ' अजय देवगन, तब्बू और रकुल प्रीत सिंह ने अहम भूमिका निभाई थी। दे दे प्यार दे बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। अब इस फिल्म के सेकंड पार्ट में रकुल प्रीत सिंह की फैमिली का इंट्रोडोक्शन हो सकता है। कहा जा रहा है कि दे दे प्यार दे 2 में अनिल कपूर काम करते नजर आ सकते हैं। वह इस फिल्म में रकुल प्रीत सिंह के पिता का रोल कर सकते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

